14 अक्टूबर, 2024
आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 352

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
coming soon
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### मुख्यमंत्री 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को आज देंगे नियुक्ति-पत्र

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड अनुबंध आधारित 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति-पत्र देंगे। यह कार्यक्रम धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन के सभागार में सुबह 11:30 बजे से होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

## चुनावी शंखनाद : आज-कल में की जा सकती है घोषणा, लगेगी आचार संहिता

# सत्ता पक्ष-विपक्ष ने लगायी घोषणाओं की झड़ी

- हेमंत सरकार कैबिनेट के जरिये तरकश का तीर निकालने को तैयार
- काट में भाजपा भी कर सकती है और बड़ी घोषणा
- भाजपा का जिला, मंडल स्तर तक गोगो दीदी योजना पर बल

**आखिरी क्षणों में दोनों तरफ से पूरी ताकत झोंकी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के शंखनाद का समय आ गया है। चुनाव आयोग द्वारा सोमवार या मंगलवार को चुनाव की घोषणा करने की प्रबल संभवना है। चुनावी घोषणा के साथ ही राज्य में आचार संहिता लागू हो जायेगी। इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के हाथ थोड़े बंध जायेंगे। उन्हें आचार संहिता के दायरे में काम करना होगा। इसलिए दोनों तरफ से आखिरी क्षणों में पूरी ताकत झोंक दी गयी है। घोषणाओं की झड़ी लग गयी है। हेमंत सरकार ने सोमवार को कैबिनेट की बैठक बुलायी है। इसमें जनहित से जुड़ी कई योजनाओं की घोषणा और मंजूरी देने की उम्मीद है। वहीं, भाजपा की महत्वपूर्ण गोगो दीदी योजना को जिला और मंडल स्तर तक बल दिया जा रहा है। इसके अलावा पार्टी ने अभी केवल 'पंच प्रण' यानी पांच वादे किये हैं। संभव है कि पार्टी अपने और प्रण

### झामुमो का पक्ष: क्यों हेमंत सरकार दुबारा

- मंईयां सम्मान योजना को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी।
- सर्वजन पेंशन योजना का लाभ पहुंचाने के लिए।
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, बच्चों के विदेश में पढ़ाई का खर्च।
- स्कूल ऑफ एक्सलेंस और स्कूली शिक्षा में सुधार।
- सरना धर्म कोड लागू करवाने के लिए।
- अबुआ आवास योजना के तहत बीस लाख गरीबों को घर।
- झामुमो सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये।
- जनहित की योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए।

### भाजपा का पक्ष: हेमंत सरकार को जाना क्यों चाहिए

- गोगो दीदी योजना के तहत माताओं-बहनों को 2500 रुपये प्रतिमाह देने के लिए ।
- रोजगार और युवाओं को भत्ता देने की घोषणा को पूरा करने।
- 500 रुपये में गैस सिलेंडर और वर्ष में दो सिलेंडर मुफ्त देने।
- झारखंड से बिचौलियों-दलालों की पैठ कम करने के लिए।
- राज्य में पत्थर, बालू, जमीन और अन्य घोटाला रोकने के लिए।
- नौकरी के नाम पर युवाओं को छल करनेवाले को सबक सिखाने के लिए।
- बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड से बाहर खदेड़ने के लिए।

### अब सबकी नजर चुनाव आयोग पर टिकी हुई है

जम्मू-कश्मीर और हरियाणा का चुनाव संपन्न हो गया है। दशहरा भी समाप्त हो गया है। अब सबकी नजर चुनाव आयोग पर टिकी है। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव होना है। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। वहीं, झारखंड में 29 दिसंबर तक सरकार का गठन होना है। अमूमन चुनाव आयोग 32 से 45 दिन पहले चुनाव की घोषणा करता है। यह आयोग के विवेक पर निर्भर करता है। पुराने इतिहास को देखते हुए माना जा रहा है कि एक-दो दिन के अंदर आयोग चुनावी शंखनाद करेगा। सूत्रों की मानें तो सोमवार को ही आयोग संभवतः चुनाव की घोषणा कर दे। महाराष्ट्र में एक चरण और झारखंड में दो या तीन चरण में चुनाव कराये जाने की संभावना जतायी जा रही है।

### एक हफ्ते के अंदर आज होगी दूसरी कैबिनेट बैठक

चुनाव घोषणा को देखते हुए हेमंत सरकार ने सोमवार को एक सप्ताह के भीतर ही दूसरी बार कैबिनेट बैठक बुलायी है। पिछली कैबिनेट में सरकार ने 81 प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को दोपहर 12 बजे बैठक होगी। इसमें कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। सूत्रों की मानें तो इस कैबिनेट में कई लुभावन वाले फैसले लिये जा सकते हैं। भाजपा की गोगो दीदी योजना की काट में भी कोई और फैसला लिया जा सकता है।

### भाजपा ने अब तक 50 लाख से ज्यादा फॉर्म वितरित किये

भाजपा ने सरकार बनने पर गोगो दीदी योजना शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने देने का वादा किया गया है। इसके लिए पार्टी द्वारा महिलाओं से फॉर्म भरवाया जा रहा है। भाजपा ने अब तक लगभग 50 लाख से अधिक फॉर्म वितरित किये हैं। पार्टी जिला और मंडल स्तर तक फॉर्म भरवाने पर बल दे रही है। कई जिलों से फार्म की मांग बढ़ गयी है। इसके बाद उन्हें और भी फॉर्म भेजे गये हैं। चुनाव घोषणा के बाद आचार संहिता लागू हो जायेगी। संभव है कि भाजपा को फॉर्म भरवाने पर ब्रेक लगाना पड़े। इसलिए पार्टी चुनाव घोषणा से पहले ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच कर फॉर्म भरवाने में लगी है।

### हर झारखंडी का होगा अपना आवास : हेमंत सोरेन



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हर झारखंडी का अपना आवास होगा। जिस तरह हमने मंईयां सम्मान योजना को राज्य के हर घर तक पहुंचाया है, वैसे ही हर झारखंडी परिवार का अपना तीन कमरों का पक्का मकान होगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि हम आठ लाख मकान बनवा रहे हैं। साथ ही बाकी के 17 लाख मकानों को बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। झारखंड के लोगों को घर देने के मामले में हम तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक सबका अपना पक्का छत नहीं होगा। उन्होंने भाजपा पर भी तंज कसा है। हेमंत ने कहा कि दिल्ली से बड़े-बड़े मंत्री लोग झारखंड आकर 300 घर देने को अपनी उपलब्धि बता कर खुद की पीठ थपथपा रहे हैं।

### घर बनाने के लिए मुफ्त में बालू देगी भाजपा : बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुफ्त बालू उपलब्ध कराने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि जब झारखंड बना था, तो भाजपा सरकार ने बालू मुफ्त कर दिया था। लेकिन हेमंत सरकार बनते ही राज्य के सभी बालू घाटों को नीलाम कर दिया गया। इस बाबत उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। बाबूलाल ने लिखा कि ठेकेदारों, सत्ता के दलालों और भ्रष्ट अधिकारियों के पैसों की भूख के कारण बालू अब सोना बन गया है। भाजपा ने राज्य के 21 लाख परिवारों को अपना पक्का आवास देने तथा सभी परिवारों को घर निर्माण के लिए मुफ्त बालू उपलब्ध कराने का प्रण लिया है। जब झारखंड राज्य बना और हमारे नेतृत्व में भाजपा की पहली सरकार बनी, तब से ही हमारी सरकार ने बालू को मुफ्त कर दिया था। यह व्यवस्था 2013 तक सुचारू ढंग से चलती रही। जब 2013 में हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने राज्य के सभी बालू घाटों को नीलाम कर दिल्ली-मुंबई के ठेकेदारों के हवाले कर दिया और अपने परिवार के लोगों को बाहरी ठेकेदारों का पार्टनर बना दिया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# 'मंईयां' और 'गोगो' झारखंड विधानसभा चुनाव का बनेगा सबसे बड़ा लोगो

## ■ मंईयां सम्मान योजना ने बटोरी सुर्खियां, गोगो दीदी की बढ़ रही लोकप्रियता

## ■ अब जनता के बीच दलों की क्रेडिबिलिटी ही बनेगी असली ताकत

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड का विधानसभा चुनाव बहुत ही रोचक मोड़ पर आ चुका है। यहां दलों की योजनाओं और घोषणाओं के बीच लड़ाई तेज हो चुकी है। एक तरफ जहां सत्ताधारी दल मंईयां सम्मान योजना के तहत मतदाताओं को आकर्षित कर रहा है, वहीं भाजपा ने गोगो दीदी योजना की घोषणा कर सत्ता पक्ष को कड़ी चुनौती पेश कर दी है। इसके इतर अब हड़बड़ाहट में लिया गया फैसला या इसे गोगो दीदी का काट कहा जाये, जेएमएम ने खासकर झामुमो सम्मान योजना लाने का फैसला किया है। इसके फॉर्म भी सोशल मीडिया पर दिखाई देने लगे हैं। इस योजना के जरिये एक अलग ही राजनीतिक मैसेज गया है। अब राजनीतिक तौर पर इससे कई तरह के सवाल भी उठ रहे हैं। खैर योजनाओं और घोषणाओं के बीच का यह युद्ध अब बड़ा स्वरूप लेने को बेचैन है। हर पक्ष अब एक दूसरे की काट ढूंढ़ने में लगा हुआ है। लेकिन इस आर्थिक लाभ के जारी जंग में फायदा जनता को होता जरूर दिख रहा है। अब यह जनता को तय करना है कि वह किस पर ज्यादा भरोसा करती है। वहीं राजनीतिक दलों के सामने चुनौती यह है कि वे जनता को कितनी इमानदारी से अपनी ओर आकर्षित कर पाते हैं। क्योंकि मेवा तो बंट रहा है और मेवा का स्वाद तो हर कोई चखना चाहता है, लेकिन किसका मेवा उच्चस्तरीय क्वालिटी का होगा और कितना टिकेगा, जनता इस पर अपना पक्ष रखेगी। यानी जनता किस पर अपना भरोसा दिखायेगी, यह पैमाना जनता ही निर्धारित करेगी। भाजपा ने जबसे गोगो दीदी योजना की घोषणा की है, उससे सत्ता पक्ष सतर्क हो चुका है, क्योंकि जनता के बीच गोगो दीदी योजना की लोकप्रियता भी देखने को मिल रही है। खुद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी इस योजना का फॉर्म भरवाने निकल चुके हैं। भाजपा का टारगेट है कि इसके जरिये ज्यादा से ज्यादा महिलाओं तक वह कनेक्ट कर सकें। पहले चरण में करीब 50 लाख फॉर्म भरवाने का टारगेट है। इसे भी कई स्टेजेस में बांटा गया है। इस योजना की लोकप्रियता से भाजपा के कार्यकर्ता खासा उत्साहित भी हैं। वैसे हरियाणा का चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा का मनोबल बढ़ा हुआ है। मंईयां सम्मान योजना या गोगो दीदी योजना से सत्ता और विपक्ष ने किस तरह सत्ता पर काबिज होने का सपना पाल रखा है, इसे बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

### मच गयी होड़ कौन कितना देगा मुफ्त

झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। हर तरफ चुनावी शोर मचा हुआ है। किसको मिलेगा टिकट, यह सवाल हवा में तैर रहा है। सभी अपने-अपने आकलन में लगे हुए हैं। पूजा-पाठ भी कर रहे हैं। इस नवरात्रि देवी को खुश करने के लिए विशेष पूजा अर्चना भी की गयी। झारखंड में पंडालों का भव्य निर्माण कराया गया था। विधानसभा चुनाव होने के कारण हर पंडाल की चमक बढ़ गयी थी। कुछ पंडालों में तो राजनीतिक महत्वाकांक्षा भी साफ देखने को मिली। एक पंडाल के सामने तो जेएमएम के नेता ने नरेंद्र मोदी तक से सवाल पूछ लिये। जेएमएम के नेता ने सवाल के नाम पर जनता को यह बता दिया कि केंद्र सरकार ने क्या-क्या नहीं किया। जनता भी उन पोस्टरों पर अपना-अपना विचार रख रही थी। कौन बनायेगा सरकार, अब इस पर चर्चा जोर पकड़ रही है। सट्टा बाजार भी गरम हो रहा है। लोग तो आपस में ही शर्त लगा रहे हैं कि इस बार किसकी सरकार बननेवाली है। पिछले दो महीने से मंईयां सम्मान योजना राज्य में सुर्खियां बटोरे हुई थी। उसकी काट में भाजपा ने इसी माह गोगो दीदी योजना की घोषणा कर दी। घोषणा के समय तो लगा कि यों ही यह घोषणा मात्र बन कर रह जायेगी, लेकिन समय के साथ इस योजना ने भी लोगों के बीच अपनी लोकप्रियता की चादर फैलानी शुरू कर दी है। सच तो यह भी है कि इस योजना ने सत्ता पक्ष के माथे पर बल ला दिया है। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक भाजपा ने गोगो दीदी योजना के लिए लगभग पचास लाख फार्म वितरित किये हैं। हर विधानसभा में लगभग पचास हजार फार्म पहले भेजे गये थे, उसके बाद कुछ विधानसभा क्षेत्रों में बीस-बीस हजार फार्म और भेजे गये हैं। जिस हिसाब से लोग इस योजना को भी दोनों हाथों से लपकना चाहते हैं, उससे सत्ता पक्ष में यह मैसेज चला गया है कि मंईयां सम्मान योजना से यह योजना कमजोर नहीं है। अगर मंईयां सम्मान योजना फीकी पड़ती नहीं दिखती, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो सम्मान योजना की घोषणा नहीं करता। वैसे खबर तो यहां तक उड़ रही थी कि सत्ता पक्ष मंईयां सम्मान योजना को और धार देनेवाला है। जल्द ही इस पर सरकार कुछ बड़ा विचार कर सकती है। अभी तक जिस तरह से सत्ता और विपक्ष की तरफ से




झारखंड में मुफ्त की घोषणाओं की झड़ी लगायी जा चुकी है, उसमें यह कहना मुश्किल हो रहा है कि अब झारखंड में क्या कुछ मुफ्त नहीं मिलेगा। होड़ इस बात की लग चुकी है कि कौन कितना मुफ्त की रेवड़ी बांटेगा। इन मुफ्त घोषणाओं के कारण भविष्य में झारखंड का कितना विकास हो पायेगा, यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा। कौन अपने वादों पर खरा उतरेगा यह भी वक्त बतायेगा।

### गोगो दीदी में भाजपा कर सकती है सुधार

भाजपा ने गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये देने का वादा किया है। वहीं पहले चरण में करीब 50 लाख फॉर्म महिलाओं से भरवाने का टारगेट है। राज्य में करीब 29 हजार बूथ हैं। सभी बूथ पर 100 से लेकर 200 फार्म भराने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना को लेकर भी लोग उत्साहित हैं। लेकिन यहां एक और बात ध्यान रखने वाली है कि जिसे यह फॉर्म नहीं मिल रहा, वह नाराज भी हो रहा है। इसे भाजपा कैसे सॉल्व करेगी, यह देखने वाली बात होगी। वैसे जेएमएम भी इस योजना का काट ढूंढ़ने में लगा हुआ है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अब झामुमो सम्मान योजना लाने का फैसला किया है। इस योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये यानी सालाना 30 हजार रुपये देने की बात हो रही है। इसका फार्म भी तैयार हो चुका है। लेकिन यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह पार्टी की अपनी योजना है या सरकार की। अगर सरकार की योजना होगी, तो उसका नाम झामुमो सम्मान योजना नहीं हो सकता। इससे पहले झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू की है। इसके तहत राज्य की 18 से 50 साल तक की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये दिये जा रहे हैं। इस योजना की तीसरी किस्त के रुपये महिलाओं के खाते में डाल दिये गये हैं। विधानसभा चुनाव से पहले ऐसी घोषणाओं को मतदाताओं को लुभाने से जोड़ा जा रहा है। गौरतलब है कि भाजपा द्वारा गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाये जाने पर सीएम हेमंत सोरेन ने विरोध जताया था।




### चुनाव आयोग से झामुमो ने मांगी थी अनुमति

झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से मिला। उन्हें एक पत्र सौंपा। इसमें कहा गया है कि भाजपा गोगो दीदी योजना के लिए फॉर्म भरवा रही है। इसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर, पंचायत, ब्लॉक और जिले का विवरण मांगा जा रहा है। यह चुनावी हथकंडा है। यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 के तहत भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में आता है। इस प्रावधान के तहत यह रिश्वत का प्रलोभन है। झामुमो नेताओं ने कहा-अगर भाजपा गोगा दीदी योजना के लिए आवेदन ले सकती है तो झामुमो सम्मान योजना के लिए क्यों नहीं लिया जा सकता। इसलिए हमें भी झामुमो सम्मान योजना शुरू करने की अनुमति दी जाये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलने के बाद विनोद कुमार पांडेय ने कहा- इस योजना के तहत राज्य की सभी महिलाओं को सालाना 30 हजार रुपये दिये जायेंगे। पार्टी पहले ही यह फैसला ले चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से मंईयां सम्मान योजना चलायी जा रही हे। इसके तहत महिलाओं को सालाना 12 हजार रुपये दिये जा रहे हैं। पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। पार्टी ने अब झामुमो सम्मान योजना शुरू करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि आयोग ने उन्हें उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

### भाजपा के पंच प्रण पर जनता को अटूट विश्वास: बाबूलाल

झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के साथ ही माताओं बहनों को स्वावलंबी बनाने के लिए गोगो दीदी योजना के तहत बैंक खाते में हर महीने की 11 तारीख को 2,100 रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जायेगी। भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में माताओं बहनों को आत्मनिर्भर बनाने की ऐसी योजनाएं पहले से ही क्रियान्वित हैं। मध्यप्रदेश में लाडली बहना योजना, छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना, महाराष्ट्र में लाडली बहन योजना, ओड़िशा में सुभद्रा योजना के माध्यम से माताओं बहनों को आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। गोगो दीदी योजना के प्रति झारखंड की माताओं बहनों का उत्साह दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी के पंच प्रण पर जनता विश्वास कर रही है।

---

**बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र**

# लगातार चौथी बार जीतने की जुगत में झामुमो, सीट छीनने को भाजपा बेताब

## ■ अहम सवाल : भाजपा, झामुमो या निर्दलीय मैदान में उतरेंगे कुणाल

## ■ क्या सच में संजय जोशी ने की काबू दत्ता की पैरवी!

## ■ भाजपा में ऊहापोह, झामुमो में भी प्रत्याशी बदलने की चर्चा

अरुण सिंह

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के आसन्न चुनाव में बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र में एक बात तो पूरी तरह स्पष्ट है कि मुख्य मुकाबला यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी के बीच ही होगा। वर्ष 2009, 2014 एवं 2019 के विधानसभा चुनाव में यह सीट झामुमो के पास रही है। लेकिन दिलचस्प यह है कि 2009 एवं 2014 में तीर-धनुष अपने हाथों में लेकर विधानसभा की चौखट लांघने वाले क्रमशः विद्युत बरण महतो एवं कुणाल षाड़ंगी इस दल को छोड़ चुके हैं। विद्युत बरण महतो 2014 से लगातार तीसरी बार भाजपा के टिकट पर सांसद बन चुके, तो कुणाल पिछले विस चुनाव में भाजपा के चुनाव चिह्न पर चुनावी मुकाबले में पराजित हो गये थे और फिलवक्त किसी दल की सदस्यता उन्होंने नहीं ली है।

बहरागोड़ा सीट पर भारतीय जनता पार्टी से कौन प्रत्याशी होगा, यह अगर तय हो भी गया है तो सार्वजनिक नहीं किया है पार्टी नेतृत्व ने। स्थिति ऊहापोह की है। वैसे जोरों की चर्चा है कि इस सीट के लिए डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, कुणाल षाड़ंगी एवं आभा महतो का नाम प्रदेश नेतृत्व ने दिल्ली दरबार को पिछले ही हफ्ते सौंपा है। लेकिन सूची में नाम शामिल नहीं किये जाने के बावजूद आस्तिक महतो के नाम की भी चर्चा बड़े जोर-शोर से हो रही है। भाजपा के कुछ बड़े नेता एवं उनके खास लोग भी सप्ताह भर से आस्तिक महतो की उम्मीदवारी को पक्का मानने लगे हैं।

उपरोक्त चारों के अलावे देवी शंकर दत्ता उर्फ काबू दत्ता, राहुल षांड़गी उर्फ ऋषि षांड़गी, चंडी चरण साव, काजल प्रधान का नाम भी भाजपा के टिकटार्थियों के तौर पर उनके समर्थक लेते हैं। राहुल षांड़गी अभी 23 सितंबर को ही परिवर्तन यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के समक्ष पार्टी में शामिल हुए हैं। बातचीत के क्रम में राहुल कहते हैं कि बहरागोड़ा विस क्षेत्र में षांड़गी परिवार की खुशबू रची-बसी है और यहां का समुचित विकास करने की योजना उनके अंतःमन में है। बता दें कि राहुल कॉरपोरेट से जुड़े रह चुके हैं। ये राज्य के पहले स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार षांड़गी के छोटे भाई द्विजन उर्फ कुनू षांड़गी के पुत्र हैं।

दूसरी ओर, काबू दत्ता की भी क्षेत्र में राजनितिक एवं सामाजिक पहचान अच्छी है। चंपाई सोरेन से पुराना संबंध है। चंपाई के भाजपा ज्वाइन करने से काबू काफी खुश हुए थे और रांची तथा कोल्हान में उनके कार्यक्रमों को सफल बनाने में ये बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। चर्चा तो इस बात की भी है कि देवी शंकर उर्फ काबू दत्ता को भाजपा का प्रत्याशी बनाये जाने की पैरवी संघ- भाजपा के चर्चित नेता संजय जोशी से भी इनके एक सहयोगी ने करवायी है।

एक बात तो तय है कि झारखंड की सत्ता पर काबिज होने के लिए भाजपा हरसंभव कोशिश में लगी है और टिकट ठोक-बजा कर उसी को देगी, जिसमें सीट निकालने की क्षमता सबसे अधिक दिखेगी। फिर चाहे वह पार्टी में नया है या पुराना, बड़े पद पर रहा हो या नहीं या किसी अन्य दल से आयात ही क्यों ना करना पड़े। येन-केन- प्रकारेण सीट पार्टी के हिस्सा में लाने की हैसियत रखने वाले को ही 'ऑपरेशन लोटस' में स्थान मिल पायेगा, इसकी भरपूर संभावना है।

### झामुमो से भाजपा जाकर हारे कुणाल, भाजपा से झामुमो में जाकर जीते समीर

भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी यानी सत्ताधारी दल झामुमो की बात की जाये, तो समीर मोहंती वर्तमान में विधायक हैं। पिछले विधानसभा चुनाव से एन पहले तब के विधायक कुणाल षांड़गी ने झामुमो छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया था। तब आनन-फानन में समीर मोहंती भाजपा को बाय-बाय कर झामुमो में चले गये। तब





दल बदलने वाले बहरागोड़ा के इन दोनों ही दिग्गजों को उनकी पार्टियों ने टिकट दिया था। दोनों चुनावी मैदान में उतरे और जीत आयी झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के भाग्य में। पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी नेतृत्व ने समीर पर भरोसा किया और उन्हें चुनाव में उतारा। वर्ष 2019 में झामुमो प्रत्याशी चंपाई सोरेन की अपेक्षा 2024 में समीर को लगभग एक लाख वोट ज्यादा प्राप्त हुए। भले समीर चुनाव हार गये, किंतु पार्टी में इनका कद अवश्य बढ़ा होगा, ऐसा माना जा सकता है। लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर नजर रखने वालों को ये भी खटक रहा है कि समीर पर भरोसा तब के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया था, जो कि अब खुद ही झामुमो से अपना नाता तोड़ चुके हैं। कहने का मतलब कि समीर को विधानसभा चुनाव का टिकट हेमंत सोरेन ने दिया था तो साढ़े चार साल बाद जमशेदपुर सीट पर लोकसभा का टिकट देने में अहम भूमिका चंपाई सोरेन की थी।

### एंटी इंकंबेंसी से जूझना पड़ सकता है विधायक को

बहरगोड़ा विस क्षेत्र में विधायक के खिलाफ एंटी इंकंबेंसी का आलम है। और, इससे शायद ही इस इलाके के ज्यादातर लोगों को नाइत्तेफाक हो। इसके अलावे गाहे- बगाहे बीच-बीच में ये बात भी उठते रही है कि समीर मोहंती पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इस बात में सच्चाई है या सिर्फ अफवाह, ये कहना मुश्किल है। झामुमो नेतृत्व के अलावे स्पेशल ब्रांच के अधिकारी विधायक के बारे में क्षेत्र की जनता, पार्टी और पार्टी नेतृत्व के प्रति कितनी वफादारी है, ये रिपोर्ट समय-समय पर देते रहते हैं। कुल मिला कर, इस सीट से समीर मोहंती ही झामुमो के दुबारा प्रत्याशी होंगे, इसकी संभावना बरकरार है, लेकिन शत-प्रतिशत दावा करना फिलहाल बेमानी होगा।

### झामुमो-भाजपा की लड़ाई में कोई तो बनायेगा कोण

आसन्न विधानसभा चुनाव में अन्य विधानसभा क्षेत्रों से कुछ मामले में बहरागोड़ा विस क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति काफी अलग है। मुख्य मुकाबला बेशक झामुमो-भाजपा के बीच होने की पूरी संभावना है, लेकिन पूर्व विधायक एवं तेज- तर्रार कुणाल षांड़गी फिलवक्त किसी दल में ना होने के बावजूद पूरी तरह इलेक्शन मोड में हैं। चुनाव लड़ने की बात कई दफा दोहरा चुके हैं, भले ही निर्दलीय ही क्यों ना मैदान में उतरना पड़े। अगर ऐसा होता है तो कुणाल झामुमो एवं भाजपा के मुख्य मुकाबले के बीच तीसरा एवं एक मजबूत कोण बना सकते हैं, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। कुणाल भले ही अभी किसी दल में नहीं हैं, किंतु इनकी उम्मीदवारी को लेकर इसलिए लोग गंभीरता से न सिर्फ चर्चा करते नजर आते हैं, बल्कि इस बात पर आश्चर्य भी व्यक्त करते हैं कि पूरे झारखंड में एकमात्र ऐसे कुणाल ही हैं, जिनके बारे में कानाफूसी हो रही है कि भाजपा या झामुमो दोनों में ही इनकी उम्मीदवारी की संभावना बनी हुई है।

कुल मिला कर, बहरागोड़ा सीट पर इस बार भी तीसरा गंभीर उम्मीदवार मैदान में दिखलाई पड़ सकता है। और झामुमो एवं भाजपा के अलावे वह तीसरा प्रत्याशी कुणाल षांड़गी होंगे या समीर मोहंती, ये दोनों दलों की टिकट घोषणा के बाद ही पता चल पायेगा। हां, खुदा-न-खस्ता अगर कुणाल को भाजपा अपना प्रत्याशी बना लेगी तो फिर सीधा मुकाबला दोनों दलों में ही होगा। क्योंकि भाजपा का कोई टिकटार्थी बगावत कर मैदान में उतरेगा, इसकी संभावना ना के बराबर है।

लेकिन यदि कुणाल झामुमो का टिकट झटकने में कामयाब हो जाते हैं तो फिर तीसरा कोण समीर मोहंती बनाने का प्रयास जरूर करेंगे। विधायक बनने से पहले कई दफा न सिर्फ अलग-अलग पार्टी से समीर मोहंती चुनाव लड़े हैं, बल्कि अच्छा-खासा वोट लाते रहे हैं।

### विधायक रहते हारने के बाद फिर जीत नहीं पाया कोई नेता

बहरागोड़ा के बारे में एक किंवदंती ये भी है कि विधायक की कुर्सी पर आसीन होने के बाद अगर कोई नेता चुनाव हारा है, तो दुबारा उसे जीत नसीब नहीं हुई है। इसके कई उदाहरण हैं। बहरागोड़ा से अभी तक घनीराम हांसदा, झारेश्वर घोष, शिबू रंजन खा, विष्णुपदो घोष (दो बार), देवी पदो उपाध्याय (चार बार), डॉ दिनेश कुमार षांड़गी (दो बार), विद्युत बरण महतो, कुणाल षांड़गी एवं समीर मोहंती विधायक रहे हैं। विधायक बनने के बाद इनमें से जो भी नेता पराजित हुआ, फिर चुनाव नहीं जीत पाया। समीर अभी विधायक की कुर्सी पर आसीन हैं और कुणाल पूर्व विधायक। आसन्न चुनाव में कुणाल दलीय या निर्दलीय मैदान में उतरने की बात कई दफा दुहरा चुके हैं। अब देखना ये है कि झामुमो-भाजपा की मुख्य लड़ाई में तीसरा कोण कौन बनायेगा। और, हारने के बाद पुन : विधायक ना बन पाने की अब तक की सच्चाई को कुणाल षाड़ंगी तोड़ पायेंगे?




# डोली में निकली मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा

## चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति : महिलाएं घोड़े और बुलेट पर सवार हो तलवार लिये शोभायात्रा में शामिल हुईं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अगले बरस तू जल्दी आना का निमंत्रण देने के साथ ही भक्तों ने नम आंखों से मां भगवती को विदाई दी। ढाक कनस्तरा व भगवती के गगनभेदी जयकारों व जयघोष के साथ रविवार को रांची शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा विभिन्न तालाबों में मां भगवती की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इसके पूर्व श्रद्धालु भक्तों द्वारा माता की पूजा अर्चना करते हुए अपने जीवन में सुख शांति की कामना की। वहीं माता को विदाई देने के पूर्व महिलाओं ने अपने पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार खोईचा भरकर व एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्यवती होने का वरदान मांगा व मंगलमय जीवन की कामना की। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा





समिति ने विसर्जन शोभायात्रा डोली में निकाली। इस अवसर पर मातृ शक्ति की प्रधानता के साथ महिलाएं घोड़े पर सवार हो हाथों में वीरता का प्रतीक तलवार लेकर इस शोभायात्रा में शामिल हुईं। साथ ही कई महिलाएं बुलेट पर सवार हो वीरांगना मां के विसर्जन विदाई में शामिल हुईं। रथ पर भगवान का दरबार लगाया गया। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पदाधिकारी और सदस्य भजन, ढोल, ताशा के धुन पर झूमते-गाते मां का जयकारा के साथ आंतरिक करुणा से मां की विदाई में शामिल हुए। मां की विदाई के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े युवक-युवतियों सभी मां की भक्ति, पूजा, भजन, आरती व आराधना में सराबोर दिखे।

## दुर्गा पूजा विसर्जन में युवा दस्ता का अहम योगदान



रांची (आजाद सिपाही)। युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने रांची के बड़ा तालाब में विसर्जन करने आये सभी पूजा समितियों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने दुर्गा पूजा आयोजक समिति और युवा दस्ता के सदस्यों को संपन्न कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया। युवा दस्ता के 529 सदस्यों ने सेवा दी और 156 बिछड़े हुए बच्चों और बुजुर्गों को उनके परिवार से मिलाया। साथ ही, युवा दस्ता ने रांची झील में विद्युत व्यवस्था और तैराक की व्यवस्था की। श्री मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्यों ने बारिश में भी अपना सेवा कार्य जारी रखा और सैकड़ों बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को दर्शन कराने में मदद की। इस अवसर पर युवा दस्ता के कई सदस्य उपस्थित थे, जिनमें श्री शंकर दुबे, राजेश गुप्ता छोटू, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी सहित अन्य शामिल थे।

## शालीमार मैदान में विजयादशमी पर भव्य रावण दहन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एचइसी धुर्वा के शालीमार मैदान में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित रावण दहन समारोह में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। समारोह में रावण और कुंभकर्ण के 75 फीट से अधिक ऊंचे पुतलों का दहन किया गया। इस अवसर पर झारखंड के पारंपरिक लोक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गयी। समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले समाज



सेवियों को सम्मानित किया गया। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि रावण दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अधर्म और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का आह्वान किया। सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि रावण दहन हमें सत्य और धर्म के राह पर चलने की प्रेरणा देता है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आरएस फाउंडेशन ने कन्या पूजन एवं उपहार भेंट किया



रांची (आजाद सिपाही)। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है। नवरात्रि में कन्या पूजन का विधान है। माना जाता है कि नवरात्रि के दिनों में मां दुर्गा छोटी कन्याओं के रूप में धरती में आकर हम सभी को आशीर्वाद देती हैं। नवरात्रि में कन्याओं को उपहार देने का विशेष महत्व है। हिंदू धर्म में सभी त्योहारों में जीवन जीने के आदर्शों का सार मिलता है एवं पूजा करने से मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है। इस अवसर पर आरएस फाउंडेशन ने बुकरु ग्राम में नवरात्र के अवसर पर कन्याओं को भोजन कराया एवं शिक्षा से संबंधित उपहार जैसे-पेंसिल, रबर, कॉपी, किताब एवं टॉफी दिये। उपहार पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। इस मौके पर संस्था के सदस्य पंकज बंका, बजरंग गुप्ता, संतोष कुमार, प्रषान्त कुमार आदि मौजूद थे।

### रांची दुर्गा पूजा समिति ने आभार जताया



रांची (आजाद सिपाही)। दशहरा का पर्व शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए राची दुर्गा पूजा समिति ने सभी लोगों का आभार जताया है। समिति ने रांची जिला प्रशासन, उपायुक्त पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, निगम सफाई कर्मचारी, स्वास्थ्य पदाधिकारी, स्वास्थ कर्मचारी, विद्युत पदाधिकारी, कर्मचारी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, रांची के तमाम पूजा पंडाल के पदाधिकारी एवं सदस्य गण एवं रांची के समस्त सनातन धर्म प्रेमी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं का आभार जताया है। यह जानकारी रांची दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार ने दी।

### रोहित तिर्की के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करे पुलिस : बबलू मुंडा

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने राहुल तिर्की की हत्या की निंदा की है। कहा कि झारखंड में अपराधी बेलगाम हो गये हैं। आये दिन संथाल हो कोल्हान हो उत्तरी राज्य छोटानागपुर दक्षिण छोटानागपुर हो यह फिर पलामू प्रमंडल हो राज्य के किसी भी कोने में अपराधी बैखोफ होकर अपराध कर के निकल जा रहे हैं। राज्य सरकार का प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह ध्वस्त है। हेमंत सरकार दलित, आदिवासियों, पिछड़ों के बड़े शुभचिंतक बनते हैं और उनके ही राज्य में दलित, आदिवासी, एवं पिछड़ों के साथ हत्या बलात्कार अत्याचार शोषण हो रहा है। हेमंत सोरेन सरकार से मांग करते हैं कि दलित, आदिवासी पिछड़ा एवं अन्य के साथ इस तरह की घटना न हो हत्यारों को शीघ्र गिरफ़्तार किया जाये और राहुल तिर्की के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 25 लाख रुपये मुआवजा दिया जाये।



# विसर्जन जुलूस के साथ मां दुर्गा को दी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा शनिवार को सुबह दशमी की पूजा अर्चना के पश्चात माता रानी पर चढ़े श्रृंगार को श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। वहीं संध्या करीब 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा पूजा पंडाल से ग्वाल टोली चौक,सरदार चौक,बड़ा बाजार चौक,बंशीलाल चौक,भगत सिंह चौक,झंडा चौक,पैगोडा चौक, छठ तालाब,आनंदा चौक होते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंच कर मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। शोभा यात्रा के दौरान महासमिति के अध्यक्ष, सचिव सहित तमाम पदाधिकारियों को माता रानी की चुनरी ओढ़कर शोभा यात्रा में सम्मिलित किया। भव्य शोभायात्रा के दौरान महिलाएं लाल पीली साड़ी,पुरुष कुर्ते पजामा में शामिल हुए। बच्चे गुलाल से खेलते हुए माता रानी को अंतिम विदाई दिए। शोभा यात्रा मे विशेष आकर्षण रहा कुण्डेश्वर डमरू दल, उज्जैन की प्रस्तुति। उनके दमदार और ऊर्जावान ढोल-नगाड़ों की धुनों पर उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। वहीं बंगाल से आये ढाक की प्रस्तुति टोली को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। विसर्जन यात्रा के दौरान सुरक्षा और अनुशासन को बनाये रखने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किये थे। नवयुवकों की टोली ने जमकर नृत्य किया। वहीं महिलाओं ने गायक के गीत पर जमकर नृत्य करते हुए बुढ़वा महादेव तालाब की ओर बढ़ रही थी, साथ ही साथ तमाम श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख शांति और समृद्धि की मंगलकामना किया।

## विसर्जन यात्रा में शामिल हुए हजारों महिला-पुरुष



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शहर के शिवपुरी में अवस्थित श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (दक्षिण शिवपुरी काली मंदिर) में शारदीय नवरात्र विधि विधान से सम्पन्न हुआ कलश स्थापना से लेकर प्रतिमा विसर्जन तक मंदिर परिसर में प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान प्रशांत कुमार प्रधान ने पूजा किया व शिवपुरी सहित हजारीबाग के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। पूजनोपरांत परंपरागत तरीके से विजयादशमी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि नवरात्र के दौरान मां का हमारे बीच होने का अहसास होता है। वहीं नवरात्र में भव्य आयोजन पर काली पूजा समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा हमें हमारे अंदर छुपे अहंकार को मिटाने के लिए प्रेरित करता है। काली पूजा समिति संरक्षक मोहर दास ने कहा कि हमारा सौभाग्य है जो हम किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में अपनी उपस्थिति दर्ज करा पाते हैं। वहीं संरक्षक डॉ (प्रो) प्रदीप कुमार प्रधान ने कहा कि शिवपुरी हमारा परिवार है और हम सभी शिवपुरी वासी एक वृहद परिवार के सदस्य हैं। मौके पर समिति संरक्षक प्रदीप कुमार प्रधान, मोहर दास, शंकर प्रसाद अम्बष्ठ, शंभू शरण सहाय, दीपक नाथ सहाय, निशांत कुमार प्रधान, अजय कुमार, कुंदन पाठक, राजीव प्रताप, निशिकांत सिंह, मुकेश सिंह, श्रीकांत सिंह, आशीष सिन्हा, अमरेश सिंह, सन्नी सिंह, सुधा प्रधान समेत कई उपस्थित थे।

## विदाई को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मां दुर्गा की विदाई के साथ शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा का संपन्न हुआ। बताते चलें कि समापन के दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयनगर प्रखंड के विभिन्न गांव में मां दुर्गा का विशाल दरबार सजाया गया था। जहां नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः मंत्रों की करतल ध्वनियों से अपने मन और विचार को पवित्र किया। परंतु विदाई के वक्त लोगों की आंखें नम हो गयी। माता रानी की कृपा सभी भक्तों पर बरसती है इस निमित्त लोग माता रानी की पूजा अर्चना बड़े धूमधाम से दुर्गा सप्तशती के द्वारा करते हैं। जयनगर प्रखंड के नईटांड, जयनगर, तिलोकरी, गोहाल, परसाबाद, शमार्टांड, हीरोडीह, घंघरी सहित अन्य गांव में भक्ति भाव से माता रानी का पूजा अर्चना कर विदाई दिया गया। विदाई के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, अंचल अधिकारी सारांश जैन, थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह, पूजा प्रबंध समिति के अध्यक्ष राज नारायण सिंह, उपाध्यक्ष शशिकांत प्रसाद, मोहन यादव, महासचिव सतीश पांडेय, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, महेश पांडेय, बाल गोविंद दास, विनोद सिंह, संतोष साहू, पप्पू सोनी, रामकुमार, सूरज सोनी, विनोद साव सहित सैकड़ों के संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## केरेडारी में दी गयी मां को विदाई



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र में आदि शक्ति मां दुर्गा को रविवार को भक्तों ने नम आंखों से विदा किया और इसी के साथ शारदीय नवरात्र का समापन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व अस्टमि तिथि को संधि पूजा व उसके बाद नवमी तिथि में कन्या पूजन भी किया गया। जबकि शनिवार को असत्य पर सत्य के विजय का महापर्व दशहरा धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड के कई स्थानों पर विजयादशमी के अवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया। वहीं रविवार को नाम आंखों के साथ श्रद्धालु भक्तों ने मां दुर्गा को विदाई दी। ढोल व शंख ध्वनि के बिच प्रतिमा का विसर्जन किया गया। केरेडारी थाना प्रभारी अजित कुमार, बिडिओ विवेक कुमार और सीओ रामरतन बर्णवाल ने घूम-घूम कर पूजा पंडालों व मेला स्थलों का दौरा कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया।

## ‘अगले बरस तू जल्दी आना’ की प्रार्थना के साथ मां को दी गयी विदाई

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अगले बरस तू जल्दी आना का निमंत्रण देने के साथ ही भक्तों ने नम आंखों से मां भगवती को विदाई दी। ढाक कनस्तरा और भगवती के गगनभेदी जयकारों व जय घोष के साथ रविवार को शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा तालाब नदी और पोखर आदि में मां भगवती की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इसके पूर्व श्रद्धालु भक्तों द्वारा माता की पूजा अर्चना करते हुए अपने जीवन में सुख शांति की कामना की। वही माता को विदाई देने के पूर्व महिलाओं ने अपने पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार खोईंचा भरकर और एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्यवती होने का वरदान मांगा व मंगलमय जीवन की कामना की। मां की विदाई के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े



युवक-युवतियों सभी मां की भक्ति, पूजा, भजन, आरती और आराधना में सराबोर दिखे। देर शाम तक मां की प्रतिमाओं को विसर्जित करने का सिलसिला जारी रहा। कुछ जगहों पर सोमवार को प्रतिमा विसर्जन किया जायेगा।

## मां दुर्गा की प्रतिमा का धूमधाम से किया गया विसर्जन

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। प्रखंड के विभिन्न क्लबों के द्वारा डोमचांच प्रखंड मे शारदीय नवरात्रि शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न डोमचांच नगर पंचायत के साथ प्रखंड के भिन्न पंचायतो मे भी भक्ति में डूबे रहे लोग। डोमचांच काली मंडा, बस स्टेशन दुर्गा मंदिर, शिव सागर के साथ, मसमोहना, ढाब, सपही, निमाडीह, बगडो सहित कई पूजा समिति के द्वारा विभिन्न तालाबों व नजदीकी जलाशय मे विसर्जन किया गया। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाया, वहीं पुरुषों ने भी एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दिया। कोडरमा पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन ने मेले को सफल बनाने में हर चौक चौराहे पर निगरानी की जिस से



शरारती तत्वों पर नजर रखा जा सके।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के पूजा पंडाल पहुंची डीसी नैंसी सहाय, लिया आशीर्वाद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दशहरा के पावन अवसर पर बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के पूजा पंडाल में दशमी के दिन डीसी नैंसी सहाय एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश सहाय का महासमिति के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। समिति के सदस्यों ने दोनों गणमान्य व्यक्तियों को अंग वस्त्र और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीसी नैंसी सहाय और वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश सहाय ने माता रानी के समक्ष जिले की सुख, शांति और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने माता दुर्गा से जिले के नागरिकों की उन्नति और खुशहाली की कामना की। पूजा पंडाल में उपस्थित समिति के सभी सदस्यों ने इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया और इस पल को और भी खास बना दिया। डीसी नैंसी सहाय ने कहा की दशहरा का यह पावन अवसर हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। माता दुर्गा की पूजा में शामिल होकर मैंने जिले के सभी नागरिकों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की हूं, मैं बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महा समिति की सराहना करती हूं, जिन्होंने इस आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित किया। मुझे विश्वास है कि माता रानी की कृपा से हमारा जिला प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा और सभी को एकजुटता, शांति और विकास का अनुभव होगा। साथ ही दुर्गा पूजा हमारे समाज में एकता और सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है, और मैं देखती हूं, कि यह आयोजन हर वर्ष हमें संस्कारों और मूल्यों से जोड़ता है।

## विष्णुगढ़ में दशहरा पर्व धूमधाम से संपन्न



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड के विभिन्न जगहों पर रावण दहन कर दशहरा पर्व पूरे धूमधाम से संपन्न हो गया। इस दौरान विष्णुगढ़ चैती दुर्गा मंदिर में छह वर्षों से लगातार युवकों द्वारा आयोजित और गोविंदपुर में रावण दहन में महिला पुरुष भक्तों की जनसैलाब उमड़ पड़ी। दुर्गा पूजा त्यौहार में विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक दुर्गा मंदिर, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रामुआ, गोविंदपुर दुर्गा मंदिर, कोनारडैम दुर्गा मंदिर, करगालों दुर्गा मंदिर, मडमो दुर्गा मंदिर, नरकी दुर्गा मंदिर, गाल्होबार दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ जगत जननी मां दुर्गा की उपासना की गयी। शनिवार को बंशीधर अखाड़ा चौक में स्थित दुर्गा मंदिर में विजयादशमी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। रविवार को नरकि में प्रतिमा विसर्जन किया गया। शनिवार को महंत घराने द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा में प्रातः विजयादशमी पूजन कर भव्य आरती की गयी और प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात परंपरा के अनुसार अपराजिता पूजन कर जयंती ग्रहण किया गया। इसी के साथ नवपत्रिका विसर्जन कर पूजन संपन्न किया गया। संध्या तकरीबन सात बजे महिलाओं ने सिंदूर खेला करते हुए माता रानी के प्रतिमा विसर्जन में बड़ी तादाद में शामिल रही और नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किया गया और विष्णुगढ़ का प्रसिद्ध बड़कीबांध में दुर्गा मां की प्रतिमा नम आंखों से विदाई देते हुए प्रतिमा विसर्जन किया गया। वहीं एकादशी रविवार को नरकी दुर्गा मंदिर से रविवार को भव्य शोभायात्रा यात्रा और गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन किया गया।

## अटल विचार मंच ने सदस्यता अभियान को गति देने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अटल विचार मंच के सदस्यता प्रभारी प्रफुल्ल कुमार ने सदस्यता अभियान को गति देने हेतु हजारीबाग वह कोल्हान क्षेत्र में सदस्यता प्रभारियों को मनोनीत किया है। सदस्यता प्रभारी प्रफुल्ल कुमार ने मनोनीत सदस्यता प्रभारियों से आग्रह किया कि अटल विचार मंच को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। अटल विचार मंच की नीति और नियत को देखकर अब तक हजारों लोगों ने पार्टी की सदस्यता को ग्रहण किया। नव मनोनीत सदस्यता प्रभारी हजारीबाग प्रियम्बदा, चौपारण राजेश सहाय, बरही शैलेंद्र कुमार, पदमा रविन्द्र राणा, रामगढ़ सुमन सिंह, पतरातू जगतार सिंह, मांडू दिलीप सिंह, कटकमसांडी राजेंद्र प्रसाद राजा तथा कोल्हान क्षेत्र संजीव आचार्या को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मनोनीत सदस्यता प्रभारियों ने प्रफुल्ल कुमार को भरोसा दिलाया कि पार्टी ने जिस विश्वास से हमलोग पर भरोसा किया है उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास किया जायेगा। पार्टी के निर्देश का अक्षःरस पालन किया जायेगा। अटल जी के सिद्धांत और अटल विचार मंच पार्टी के संस्थापक यशवंत सिन्हा पर पूर्ण आस्था ही हमारी प्रेरणा है। हम सभी समर्पित कार्यकर्ता कभी उनको निराश नहीं होने देंगे। सदस्यता लेने के लिए आम जनता में काफी उत्साह है। झारखंड प्रदेश की जनता यशवंत सिन्हा की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है और विश्वास कर रही है कि उनके नेतृत्व में ही झारखंडियों का कल्याण हो सकता है। उक्त जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

## सुरेंद्र मोदी को प्रत्याशी बनाने की मांग को लेकर मंत्री अन्नपूर्णा देवी से की मुलाकात



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रविवार को बरकट्ठा विधानसभा का एक प्रतिनिधिमंडल सुरेंद्र भाई मोदी को बरकट्ठा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार बनाने हेतु कोडरमा सांसद तथा केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिला। उनसे आग्रह किया कि बरकट्ठा विधानसभा गठन के बाद से लेकर अभी तक जयनगर को प्रतिनिधित्व का अवसर नहीं मिला है। एक बार जयनगर को भी यह अवसर मिलना चाहिए और इसके लिए सुरेंद्र भाई मोदी एक मजबूत उम्मीदवार हैं तथा बाल्य काल से ही संघ के स्वयंसेवक रहे हैं और भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। उनकी पत्नी अंजू मोदी जयनगर पूर्वी पंचायत से पंचायत समिति सदस्य भी रही हैं जिन्हें दोनों समुदाय के लोगों ने मिलकर वोट किया था। पूरा बरकट्ठा विधानसभा के सभी वर्गों के लोग चाह रहे हैं कि बरकट्ठा विधानसभा में कोई नया चेहरा को भारतीय जनता पार्टी अपना उम्मीदवार बनाये उसे लोकसभा के तर्ज पर भारी मतों से विजयी बनाकर जीतायेंगे। इसका नेतृत्व नंदलाल प्रसाद बर्णवाल, अजय मोदी, सकलदेव सिंह, शिवशंकर राणा, शशिकांत प्रसाद, संतोष साव, राजू स्वर्णकार, अनुज ठाकुर, शहंशाह खान ने किया। इस भेंट वार्ता में बरकट्ठा विधानसभा के सूरज सिंह, विशाल सिंह, मनीष सिंह, अनुज सिंह, अनुज ठाकुर, विशाल सिंह, भगवानी सिंह, पंकज पांडेय, महेश राणा, तुलसी साव, गौतम सिंह, पप्पू सिंह, शिवनारायण सोनी, राजू सोनी, आदित्य साव, सुमन सोनी, अनुभव सोनी, मनोज सोनी, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, राधेश्यम मोदी, विद्यानन्द मोदी, प्रकाश मोदी, रवि मोदी, विनोद मोदी, डॉ प्रमोद कुमार, ईश्वर मोदी, नन्दलाल मोदी, राम कुमार, अजय मोदी, मनोज मोदी, संतोष प्रसाद, पिंटू मोदी, चंदन मोदी आदि मौजूद थे।

## बड़कागांव में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न

# श्रद्धालुओं ने लगाये माता के जयकारे, डीजे पर थिरके लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही रविवार को देर शाम दुर्गा पूजा का उत्सव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। वहीं अश्विन दुर्गा पूजा बड़कागांव, मां अंबे दुर्गा पूजा समिति गुरु चट्टी बाजार टांड़, पकरी बरवाडीह, सांढ़, नापो खुर्द, गोंदलपूरा, बादम, अंबाजीत, महुगाई कला, शुकुल खपिया, उरुब, में देर शाम मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन मां को नम नेत्रों से पूरे भावभीनी के साथ विदाई दी गयी। दस दिनों से लगातार मां दुर्गे की पूजा-अर्चना के बाद मां भवानी की विसर्जन में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ीं। कंही ताशा पार्टी तो कंही डीजे के धुन पर श्रद्धालु थिरक रहे थे। मां दुर्गा के जयकार से पूरा गांव गुंजायमान हो रहा था। शोभायात्रा में युवा वर्ग और महिलाएं ने भक्ति गानों में थिरक रही थी। वहीं अबीर-गुलाल लगा कर एक-दूसरे को दशहरे की बधाई दी। मुर्ति विसर्जन के साथ दुगार्पूजा समापन हुआ। वहीं बड़कागांव एसडीओ शैलेश कुमार, एसडीपीओ पवन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार और थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने दसवीं की रात सभी पूजा पंडाल और मेला का निरीक्षण करते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के जबरदस्त इंतजाम किया गया। साथ ही साथ कई समिति के सक्रिय अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत कार्यकारिणी कार्यकता और बुद्धिजीवीगण शांति व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभायी। जिससे पूरे प्रखंड में शांति पूर्वक बड़े धूमधाम से दशहरा त्योहार संपन्न हुआ।

## बड़कागांव, पंकरी बरवाडीह और हरली में रावण दहन

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड में असत्य पर सत्य की विजय को लेकर रावण दहन किया गया। बड़कागांव के प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान, पीपल नदी तट मैदान, बरवाडीह और हरली में 40 फीट का रावण का पुतला दहन किया गया। रावण दहन को देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ देखी गयी। बड़कागांव के पीपल नदी तट मैदान स्थित मेले में हिंदू संघ के अध्यक्ष सुरेश राणा, अश्विनी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार महतो, प्लस टू



हाई स्कूल मैदान में रावण समिति द्वारा अध्यक्ष शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू, मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी, के नेतृत्व में आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। मेले को सफल बनाने और शांति स्थापित करने में विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, आजसू नेता रोशन लाल चौधरी, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, संरक्षक दामोदर प्रसाद मेहता, सुरेंद्र कुमार, रामधनी महतो, जयशंकर मेहता, सुरेश कुमार, नरसिंह प्रसाद, द्वारका महतो, आश्विनी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार महतो, समिति अन्य सदस्यों मुख्य भूमिका निभायी।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**ट्रक ड्राइवर सूरज और रामचंद्र दोनों बुरी तरह से घायल हो गये हैं जिनका इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव हजारीबाग रोड के ट्रांसपोर्टिंग रोड के 13 माइल हाइवा की दुर्घटना हो गयी जिसमें ट्रक ने हाइवा को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें ट्रक के परकच्चे उड़े गये वहीं ट्रक में सवार एक व्यक्ति की हुई मौत और दो बुरी तरह से घायल हो गये जिसको इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो उनका कहना है कि



कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई थी और उसी को ओवरटेक करते हुए तेजी के रफ्तार से गेहूं लदा ट्रक जिसका नंबर जेएच 02बीके 5819 हजारीबाग के तरफ से आ रहा था और बड़कागांव तरफ से कोयला लदा हाइवा को आते देख ट्रक चालक का नियंत्रित हो गया और बायें और खड़े हाइवा वाहनों को मारते हुए एक हवा में जाकर टक्कर मार दिया जिससे ट्रक का परकचे उड़ गया। ट्रैक में ड्राइवर के अलावा बैठे दो लोगों में से एक दयानंद यादव की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी वहीं ट्रक ड्राइवर सूरज कुमार गुप्ता और रामचंद्र दोनों का घर कोडरमा जो बुरी तरह से घायल हो गये हैं जिनका इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया है। उक्त गाड़ी बरकट्ठा कलहाबाद के रामेश्वर नायक का बताया जाता है। वहीं इस घटनाक्रम में ट्रक के अलावा है दो हाइवा गाड़ी क्षतिग्रस्त हुआ है जिसमें जेएच 02 बीआर 0521 और जेएच बीपी 0510 शामिल है। वही मौके पर बड़कागांव पुलिस के एएसआई बसंत प्रसाद अपने दलबल के साथ पहुंचकर घटना का जायजा लिया और सड़क को फिर से चालू कराया।

## किशोरियों को दिया गया वस्त्र



**इचाक (आजाद सिपाही)।** पुराना इचाक के तेतरिया कॉलोनी में बसंत दिगंबर आगासे सेवा संस्थान (ट्रस्ट) हजारीबाग के द्वारा नवरात्र के अवसर पर नव कन्याओं के बीच नये वस्त्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हजारीबाग विभाग के विभाग प्रचारक आशुतोष भारती ने कहा कि नवरात्रि के दौरान नव कन्याओं का पूजन सनातन संस्कृति का हिस्सा है। कन्या पूजन दर्शाता है कि सनातन संस्कृति में कन्याओं, महिलाओं को समानता का अधिकार शुरू से ही प्राप्त है। हमारे वेदों में ही वर्णित है रमंते तत्र देवता, नारी यत्र पूज्यते अर्थात जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता भी वास करते हैं। सह जिला बौद्धिक प्रमुख संदीप ने स्थानीय भाषा में कहा की सनातन संस्कृति से जुड़कर रहने से ही समाज और राष्ट्र का कल्याण हो सकता। पूर्वजों द्वारा बनाये गये जीवन मूल्यों को संजोकर रखने की आवश्यकता है। वहीं खंड कार्यवाह रंजीत शर्मा ने कहा कि कन्या पूजन कि सार्थकता तब और बढ़ जाती है जब शोषितों और वंचितों के बीच जाकर के कन्याओं का पूजन किया जाये। इससे समाज में समानता का अधिकार बना रहेगा और जरूरतमंदों को सहायता प्रदान किया जा सकेगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के सह सचिव संजय श्रीवास्तव, सदस्य किशोर सिन्हा, संघ के विशाल कुमार, सह धर्म जागरण प्रमुख ब्रह्मदेव, नीरज, महेश, विनोद, प्रकाश, समेत अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## हर्ष अजमेरा ने श्रद्धालुओं को दिया पेयजल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने शनिवार को त्रिपाल होटल के समीप दुर्गा पूजा विसर्जन के अवसर पर बड़ा बाजार दुर्गापूजा महासमिति, बड़ा बाजार दुर्गापूजा ग्वालटोली समिति, शांति आश्रम सहित कई अन्य समिति द्वारा आयोजित जुलूस में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं का स्वागत किया। श्री अजमेरा के साथ खंडेलवाल वैश्य पंचायत के संरक्षक नरेश वैध, सचिव पवन रावत खण्डेलवाल, पीकू यादव, राहुल कुमार, भाजपा युवा मोर्चा के शैलेश चंद्रवंशी सहित कई लोगों के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की सेवा दिया गया और श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा दुर्गा पूजा हमारे समाज की सांस्कृतिक धरोहर है और इस पर्व के माध्यम से हम एकजुट होकर अपने समाज और संस्कृति का सम्मान करते हैं। मैं सभी भक्तों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने इस उत्सव को सफल बनाया और आशा करता हूं कि हम भविष्य में भी इसी प्रकार से मिल-जुलकर अपने त्योहारों को मनाते रहेंगे। पेयजल वितरण के इस प्रयास से न केवल श्रद्धालुओं को राहत मिली, बल्कि इसे स्थानीय लोगों ने भी सराहा। श्री अजमेरा की यह पहल जनसेवा और सामाजिक कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

आजाद सिपाही

रांची, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024

www.azadsipahi.in




## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। हंटरगंज-प्रतापपुर मुख्य मार्ग स्थित पांडेयपुरा के करानीमोड़ के समीप रविवार को दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने की जोरदार टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में एक मोटरसाइकिल पर सवार इमामगंज थाना क्षेत्र के पुरुषोतमपुर निवासी अजीत पाठक और इसी गांव के मुनेश्वर सिंह है। जबकि दुसरे मोटरसाइकिल पर सवार स्थानीय थाना क्षेत्र के डाटम गढ़ निवासी कपिल दास शामिल हैं। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। तीनों के सिर और पैर मे गंभीर चोट रहने के कारण बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। अजीत पाठक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजीत पाठक और मुनेश्वर सिंह अपनी मोटरसाइकिल से हंटरगंज से अपने घर जा रहा था। जबकि कपिल दास पलामू से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान जोरदार टक्कर हो गया और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

### सार्वजनिक दशहरा और रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

## दशहरा सत्य की राह पर चलने की सीख देता है

**प्रभु श्रीराम के मार्ग पर चलने से समाज को सही दिशा मिलेगीः सुनीता चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** सार्वजनिक दशहरा और सूरज हॉल समिति के द्वारा शनिवार को सिदो-कान्हू जिला मैदान में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी उपस्थित थे। कार्यक्रम के लिए रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के विशाल पुतले बनाये गये थे।

**ओड़ीसा के कलाकारों ने किया रामलीला का मंचन :** रावण दहन कार्यक्रम से पूर्व ओड़ीसा के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन काफी आकर्षक तरीके से किया गया। जिसकी लोगों ने सराहना की। इसके बाद मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने रावण, कुंभकरण और मुघनाथ के पुतलों का दहन किया। मौके पर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि दशहरा हम सभी को सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की सीख देता है। श्री चौधरी ने कहा कि आज ही के दिन प्रभु श्रीराम ने रावण का वध कर उसके अत्याचारों का अंत किया था। कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि रावण ज्ञानी था यह सभी को मालूम था। लेकिन उसके अंदर भरे अहंकार के कारण उसका ज्ञान बेकार था।

**दशहरा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक हैः सुनीताः** वहीं, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की दशहरा को हम सभी अधर्म पर धर्म के विजय के रूप में मनाते हैं। कहा कि आज का दिन प्रभु श्रीराम के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का दिन है। क्योंकि प्रभु श्रीराम के बताये मार्ग पर चलने से ही समाज को सही दिशा मिलेगी और खुशहाली आयेगी। मौके पर सार्वजनिक दशहरा और सूरज हॉल समिति के मुख्य सरंक्षक मनोज कुमार महतो, राजेंद्र महतो, राजेश गोयनका, अभिमन्यू कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, देवधारी महतो, रोशन कुमार, रविंद्र सिंह बिट्टी, राकेश गुप्ता, धमेंन्द्र साव भोपाली, दीपक साव, गंगा भगत, परमिन्दर सिंह जस्स्ल, कुलदीप वर्मा, नरेश महतो, टिंकू कुशवाहा, संतोष कुमार, दशरथ साहू, राजेंद्र महतो, करमजीत सिंह जग्गी, जीतू साव, संदीप महतो, तेजपाल महतो , दीपक साव सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

### कार्यक्रम देखने उमड़ी श्रद्धांलुओं की भीड़



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति में समस्त बुराइयों की समाप्ति और असत्य पर सत्य की जीत ही दशहरा है। यह बातें गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने विजया दशमी के अवसर पर दुलमी बाजार टांड़ में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा, देश की भारतीय संस्कृति में दुर्गा पूजा का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व रखता है। 9 दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न 9 स्वरूपों का पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। कार्यक्रम में पत्थर विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो प्रखंड प्रमुख रेणु देवी अंचल पदाधिकारी मुखिया परमेश्वर राम पटेल, राजीव मेहता, रविंद्र कुमार, राम किशून भोगता सहित उपस्थित थे। कार्यक्रम को रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रामदेव महतो प्रखंड प्रमुख रेणु देवी आदि ने भी संबोधित किया। संध्या काल में रावण दहन का कार्यक्रम शुरू किया गया। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो ने रावण के नाभि में तीर मार कर रावण के पुतले का दहन किया। रावण दहन हुआ, दुलमी में जमकर घंटो तक आतिशबाजी की गयी, रावण दहन कार्यक्रम में पास पड़ोस से लगभग 50 हजार से 60 हजार तक दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर अभय कुशवाहा, रंजीत कुशवाहा, जमुना प्रसाद सिंह, विनेश कुमार सिंह, रमेश रजक, विकास राम दांगी, श्रीकांत कुशवाहा, विवेक कुशवाहा, यशवंत सिंह शाहिद सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में मरीजों को दिया जा रहा है घटिया भोजनः राम आशीष कुमार



चतरा (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल में मरीजों को मिलने वाला भोजन में घोर अनियमितता बरती जा रही है। इस संबध में जदयू के जिलाध्यक्ष राम आशीष कुमार ने बताया की मरीजों के परिजनों द्वारा अस्पताल में मिलने वाला भोजन के बारे में लगातार मिल रही थी। इसी शिकायत को देखते हुए गुरुवार को सदर अस्पताल में भोजन मिलने के समय जिलाध्यक्ष ने निरीक्षण किया। जिलाध्यक्ष ने मरीजों को दी जा रही भोजन को देखकर दंग रह गये। भोजन में दाल पानी जैसा, चावल आधा पक्का हुआ और सब्जी भी पाया गया। इसके आलावा मरीजों को प्लास्टिक में भोजन वितरण किया जा रहा था। मरीजों से पूछने पर उन्होंने बताया कि यहां जानवरों के भोजन से भी बदतर भोजन मरीजों को दी जाती है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग करने के लिए डाक्टर मना करते है और अस्पताल में ही प्लास्टिक का उपयोग खुलेआम किया जा रहा है। जो मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। इस संबध में जदयू जिलाध्यक्ष राम आशीष ने उपायुक्त से मरीजों को मिलने वाला भोजन में सुधार करने और प्लास्टिक की जगह बर्तन में भोजन देने की मांग किया है।

## डांडिया संध्या का हुआ आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर जवाहर नगर ज्योति क्लब और सौंदा डी क्लब घर में डांडिया संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा के सम्मान में महिलाओ, युवतियों और छोटी बच्चियों ने डांडिया रास नृत्य का प्रदर्शन कर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। लोगो ने मनोहारी भक्ति गीतों पर गरबा नृत्य कर देवी दुर्गा और आराध्य देवी देवताओं को अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं अपनी अपनी ग्रुप बनाकर डांडिया कर रहे थे। जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा है।

## सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शारदीय नवरात्र का समापन शनिवार से ही प्रतिमा विसर्जन किया जा रहा है। रविवार को भी शहर के कई स्थानों से मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन मिलोनी क्लब, पतरातू बस्ती, बिजुलिया सहित अन्य पूजा पंडालों में सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को विदायी दी गयी। खोइचा के बाद माता की मूर्ति को विसर्जन के लिए श्रद्धालु घाट किनारे लेकर ले गये। बंगाली पद्धति में सिंदूर खेला करके माता को विदाई दी जाती है। शादीशुदा महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर खुशियां मनाई और जब विदाई का मौका आया तो आंखें भी छलक उठी। बताया जाता है कि पान का पत्ता और पान शुभ माना जाता है। इसलिए पान के पत्ते से पहले मां के गाल की सेंकाई की जाती है। फिर पान खिलाया जाता है। इसके बाद मिष्ठान का भोग लगाया जाता है।

## पतरातू में मां दुर्गा की प्रतिमा का किया गया विसर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** पतरातू क्षेत्र के सबसे पुराने पतरातू बस्ती दुर्गामंडप में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन रविवार को किया गया। इस मौके पर झाजमो नेत्री निशि पांडे के नेतृत्व में महिलाओं का एक विशाल जुलूस निकला जो प्रतिमा विसर्जन जुलूस के आगे आगे चल रहा था। इस मौके पर निशि पांडे ने कहा की दशहरा में मां दुर्गा महिलाओं को सशक्त होने की सिख देती है। विसर्जन के पूर्व जुलूस, बस्ती, स्टेशन, मेन रोड, भगत सिंह चौक होते हुए स्थानीय तालाब में मां दुर्गा सहित सभी देवी देवताओं के प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस मौके पर जुलूस में शामिल सभी लोग बैंड बाजे के धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। साथ ही जुलूस में मां दुर्गा के गगनभेदी जयकारे भी लगाए जा रहे थे। इस मौके पर रवि पाठक, महेंद्र गोप, शशि पाठक, मनोज साहू, महानंद सिंह, रवि दत्ता, रामकुमार गुप्ता, दिगंबर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## शारदीय नवरात्र भंडारा के साथ संपन्न

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारे में रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों के लगभग पन्द्रह हजार श्रद्धालुओं ने मां वैष्णों देवी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में शारदीय नवरात्र बीते 3 अक्तूबर को कलश स्थापना से शुरू हुआ था, जो शुक्रवार को माता के अटूट भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारा सुबह 8 बजे से शुरू हुआ, जो शाम तक चला। भंडारे में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सफल बनाने में पंजाबी हिन्दू बिरादरी और माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह सहित बिरादरी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## डोकवा गांव में आज भी नहीं है पक्की सड़क



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुंदा/ चतरा।** प्रखंड के बोधाडीह पंचायत के डोकवा गांव के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। आजादी के 77 साल बाद भी गांव में पक्की सड़क नही है। कच्ची सड़क होने के कारण चारपहिया वाहनों का आना जाना काफी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता वोट लेते हैं, लेकिन कोई काम नहीं करते। ग्रामीणों ने सरकार से डोकवा गांव में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की मांग कर रहे हैं। राज्य और केंद्र सरकार की कई लाभकारी योजनाएं हैं, लेकिन इनका लाभ डोकवा गांव के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना केवल कागजों पर ही सीमित हैं। इस मौके पर वार्ड सदस्य चंद्रशेखर कुमार, संजय यादव, बरत भारती, शंकर कुमार, उदय भारती, आशीष भारती समेत अनेक ग्रामीणों ने डोकवा गांव में पक्की सड़क बनाने के लिए मुख्यमंत्री व उपायुक्त महोदय से मांग किया है ।

## संदेहास्पद स्थिति में मिला युवक का शव ओपी में रिश्तेदार से पूछताछ जारी

**घटना से क्षेत्र में हड़कंप का माहौल कायम हो गया**

**कुजू पुलिस मामले की गहन जांच पड़ताल में जुट गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** ओपी क्षेत्र के बूढ़ाबोन (दिगवार से बूढ़ाखाप जाने वाली मार्ग पर) में दिगवार पंडा टोला निवासी योगेंद्र कुमार (24 वर्ष) का शव शनिवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में मिला है। साथ ही, बाइक भी मिला है। जिससे क्षेत्र में हड़कंप का माहौल कायम हो गया। इधर, मृतक के पिता बालेश्वर महतो ने हत्या का मामला बताया है। वही, कुजू पुलिस मामले की गहन जांच पड़ताल में जुट गयी है। साथ ही, मृतक के एक रिश्तेदार से पूछताछ की जा रही है। परिजनों के के अनुसार, पंडा टोला, दिगवार निवासी योगेंद्र कुमार अपनी बाइक संख्या जेएच 24 डी 4055 को लेकर घर से निकला था। लेकिन वह देर रात तक घर नहीं लौटा। इसी बीच सुबह में मॉर्निंग वॉक के लिए गये लोगों की नजर शव पड़ी। इसकी सूचना परिजनों समेत कुजू पुलिस को दी गयी। ग्रामीणों में हत्या और सड़क दुर्घटना की चर्चाएं जोरो पर है। जबकि परिजनों ने हत्या का मामला बताया है। मृतक के पिता बालेश्वर महतो ने कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय को लिखित आवेदन दिया है। जिसमें अपने ही दामाद पोचरा गिरी मुहल्ला निवासी नितेश गिरी पर हत्या का आरोपी बताया है। इधर, पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया, जिसका अंतिम संस्कार देर शाम किया गया है। इधर, आरोपी दामाद को कुजू पुलिस ने आवेदन के आधार पर ओपी में पूछताछ कर रही है। इस मामले में ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## बड़काकाना से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन की घोषणा का चैंबर ने किया स्वागत

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के रेलवे उपसभापति अरुण राय और चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के द्वारा गया से मुंबई लोकमान्य टर्मिनस एक्सप्रेस का बाया बड़काकाना होकर चलाये जाने का स्वागत करते हुए सांसद मनीष जायसवाल का आभार व्यक्त किया है। साथ ही केंद्रीय रेलवे मंत्री वैष्णवी कुमार को धन्यवाद दिया है। चेंबर पदाधिकारियों ने कहा कि रामगढ़ क्षेत्र में वर्षों से बड़काकाना से सीधी मुंबई की ट्रेन नहीं होने के कारण यहां के व्यापारियों के साथ-साथ आमजनों को काफी परेशानी हो रही थी। चेंबर द्वारा बड़काकाना होकर मुंबई के लिए सीधी ट्रेनों का वर्षों से पूर्व के स्थानीय सांसदो से मांग की जाती रही। लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी। लेकिन मनीष जायसवाल के सांसद बनते ही बड़काकाना से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन चालू कराने का स्वागत किया है। चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने मांग की हैं कि धीरे-धीरे इस ट्रेन को सप्ताह में कम से कम तीन दिन इस रूट से चलायी जाये। साथ ही हजारीबाग से हावड़ा के लिए रात में वंदे भारत नई ट्रेन को भी बाया बड़काकाना होते हुए चालू करने की मांग की गयी हैं।

## रांची रोड रेलवे स्टेशन के पास से महिला का शव बरामद

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ थाना क्षेत्र के रांची रोड रेलवे स्टेशन के निकट एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। रविवार को शव मिलने की सूचना पाकर रामगढ़ थाना पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने बताया कि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी गयी है, हालांकि की शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

## चतरा में सुदामा चरित्र के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के पांडेयपुरा में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर चल रहें सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन श्रीमदभागवत कथा वाचिका बाल व्यास देवी स्वाती जी और सहायक बाल व्यास देवी प्रगति जी ने सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिशाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। साथ ही भक्तों को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीवों का उद्धार हो जाता है और इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते है। बाल व्यास देवी स्वाती जी ने भक्तों को भक्ति की रसपान कराते हुए कहा कि, हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए, भगवान हमेशा सच्चे भक्तों में ही वास करते है। सुदामा चरित्र का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि संसार में मित्रता भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। जिनकी कथा में सच्ची मित्रता दर्शायी गयी है। आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक दूसरे के साथ मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर लोग एक दूसरे को भूल जाते हैं। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। भगवान से बनाया गया वह रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जायेगा। सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में अपने सखा कृष्ण का चिंतन और स्मरण नहीं छोड़ा। जिसके फलस्वरूप कृष्ण ने भी सुदामा को परम पद प्रदान किया। कथा विश्राम के नौ पूरे क्षेत्र के सुख शांति समृद्धि मंगल कामना करते हुए काफी आशीर्वाद दिया। कथा समापन के बाद श्रीमदभागवत कथा वाचिका बाल व्यास देवी, स्वाती जी और सहायक बाल व्यास देवी और उनके पिता और उनकी टीम के वाद्य यंत्र बजाने वाले सभी कलाकारों को दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गयी। उपस्थित श्रद्धालु महिला पुरुष और बच्चों ने उपहार देकर विदाई दी और उनसे आशीर्वाद लिया। पूजा समिति के अध्यक्ष शशि रंजन कुमार ने कमेटी की ओर से पुलिस प्रशासन, इस आयोजन को सफल बनाने में सभी शामिल लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पूजा पंडालों में उमड़ी भीड़, कांग्रेस नेत्री भी पहुंची दर्शन को

**मां दुर्गा से मांगा आशीर्वाद और सभी के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर और आसपास के इलाकों में दुर्गा पूजा का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य पूजा पंडालों का निर्माण किया गया, जिसे आकर्षक रंग बिरंगी रोशनी से सुसज्जित किया गया। दुर्गा पूजा के अवसर पर कई जगह नवरात्र महोत्सव गरबा डांडिया का आयोजन भी किया गया। साथ ही इस अवसर पर कई जगह गंगा आरती का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित कर रावण दहन किया गया। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने दुर्गा पूजा के अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर पूजा समितियां को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने दुर्गा मंडपों में पूजा अर्चना कर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र वासियों सहित पूरे झारखंड वासियों को दुर्गा पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने मां दुर्गा से कामना किया, की यह पावन त्यौहार सभी के जीवन में विजय, सुख, शांति और समृद्धि लाए, मां दुर्गा से यही मंगल कामना करती हूं। साथ ही कामना किया कि क्षेत्र में प्रेम, सद्भावना और भाईचारा कायम रहे। इस अवसर पर नवरात्रि महोत्सव गरबा डांडिया कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और सभी का उत्साहवर्धन किया। विजयदशमी के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का महापर्व है।

## घर में लगी आग नकद समेत लाखों का सामान जलकर राख

**इचाक।** विजयदशमी के दिन जहां एक तरफ लोग दशहरा का उत्सव मना रहे थे, वहीं दूसरी तरफ कारीमाटी गांव में एक गरीब का मिट्टी का खपरेल घर धुँ धुँ कर जल रहा था। मामला थाना क्षेत्र के छोटकी कारीमाटी का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटकी कारीमाटी गांव निवासी राजेश राम (पिता बुलाकी राम) विजय दशमी के दिन अपने मूंगफली के खेत में काम कर रहे थे। परिवार के बाकी सदस्य भी राजेश राम के साथ ही खेत में काम कर रहे थे। शाम के लगभग 4 बजे किसी ने राजेश राम के घर से धुंवां उठते देखा और शोर मचाया। घर में आग लगने की खबर सुनते ही राजेश राम और उनके परिजन खेत का काम छोड़ भागते हुए घर पहुंचे और आग की लपटे देख हैरान रह गए। घटना की खबर सुन ग्रामीण दौड़ पड़े जिसके बाद आनन फानन में ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तबतक काफी देर हो चुकी थी। राजेश राम ने बताया की आगलगी की घटना में एक दीवान पलंग, एक फ्रीज, अलमीरा, दो मोबाइल, एक एलइडी टीवी, जेवर, कपडे, अनाज, आलू, गेहूं, चावल, और नगद 85000 रुपये समेत लगभग 4 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। वहीं घर का छप्पर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

# ओबीसी वोटों पर निशाना

महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने गुरुवार को जिस तरह से ओबीसी आरक्षण के लिए निर्धारित नॉन क्रीमी लेयर सीमा को लगभग दोगुना करवाने का संकेत दिया, उससे दो बातें बिल्कुल साफ हो गयी हैं। एक तो यह कि सत्तारूढ़ एनडीए खेमा हरियाणा में मिली अप्रत्याशित जीत से बने उत्साहपूर्ण माहौल में एक पल भी गंवाए बगैर अपना पूरा ध्यान महाराष्ट्र चुनाव पर लगा चुका है। दूसरी बात यह कि हरियाणा के अनुभव की रोशनी में उसने यहां सबसे बड़ा दांव ओबीसी समुदाय के वोटरों पर लगाने का फैसला किया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ऐन पहले की गयी इस घोषणा का हरियाणा में इखढ को मिली जीत से ही नहीं, वहां अपनाई गई रणनीति से भी सीधा संबंध है। चुनाव से पहले के हालात हरियाणा में भी बीजेपी के अनुकूल नहीं थे। वहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसी साल जून महीने में ओबीसी समुदायों से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान नॉन-क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाने का वादा किया। कई एक्सपर्ट मानते हैं कि इस वादे ने अंदर ही अंदर इस समुदाय के वोटरों पर निर्णायक प्रभाव डाला। महाराष्ट्र की राजनीति के संदर्भ में देखें तो यह फैसला और ज्यादा अहमियत रखता है। यहां मराठा आरक्षण की मांग पिछले कुछ समय से खासी चर्चित रही है। लोकसभा चुनावों से पहले राज्य सरकार ने मराठा समुदाय को ओबीसी कोटे के अंदर से ही रिजर्वेशन देने की घोषणा की थी। माना जाता है कि महायुति को इसका खामियाजा ओबीसी वोटरों की नाराजगी के रूप में भुगतना पड़ा। इस लिहाज से महायुति सरकार के ताजा फैसले को लोकसभा चुनावों की गलती को दुरुस्त करने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। यह मांग कुछ कोनों से उठायी भी जा रही थी। आठ लाख की मौजूदा सीमा के कारण ओबीसी परिवारों का एक बड़ा हिस्सा जो इस सीमा से थोड़ा ही ऊपर था, वंचित महसूस कर रहा था। आर्थिक तौर पर सशक्त न होने के बावजूद वह आरक्षण का फायदा नहीं उठा पा रहा था। अगर यह सीमा 15 लाख रुपये सालाना कर दी जाती है, और जैसा कि राज्य सरकार के स्तर पर संकेत दिया जा रहा है, संभवतः जल्दी ही कर भी दी जायेगी, तो ऐसे तमाम परिवार इससे प्रभावित होंगे। ओबीसी को उम्मीद है कि इससे न सिर्फ उसे वोटों का फायदा होगा, बल्कि अपने अनुकूल माहौल बनाने में भी सहायता मिलेगी। बहरहाल, चुनावी नफा-नुकसान से थोड़ा अलग हट कर देखें तो तय है कि इस तरह के दाव-पेच न तो अच्छे नीतिगत फैसलों को जन्म देते हैं और न ही आम लोगों के दीर्घकालिक हितों को पूरा कर सकते हैं। फिर भी अगर ये चुनाव-दर-चुनाव चलते चले आ रहे हैं, तो इससे राजनीति की क्वॉलिटी ही नहीं वोटरों की प्रायॉरिटी भी रेखांकित होती है।

**चुनावी नफा-नुकसान से थोड़ा अलग हट कर देखें तो तय है कि इस तरह के दाव-पेच न तो अच्छे नीतिगत फैसलों को जन्म देते हैं और न ही आम लोगों के दीर्घकालिक हितों को पूरा कर सकते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कमला हैरिस की जीत उनके लिए असाधारण उपलब्धि होगी, क्योंकि वह पहली अश्वेत महिला और भारतीय मूल की पहली व्यक्ति हैं, जो राष्ट्रपति चुनी जायेंगी। उनका चुनाव अमेरिका में भारतीय प्रवासियों के उत्थान का सबसे महत्वपूर्ण संकेतक भी होगा। लेकिन जब वह कुछ बदलाव ला सकती हैं, तो हम जो बाइडेन की नीतियों के साथ व्यापक निरंतरता की उम्मीद कर सकते हैं। अगर डोनाल्ड ट्रंप दूसरा कार्यकाल जीतते हैं, तो अमेरिकी नीतियों और पदों में एक बड़ा उलटफेर होने की संभावना है।**

# अमेरिकी चुनावों का भारत पर क्या होगा असर




**ट्रंप संभवतः अमेरिकी फैडरल रिजर्व की ब्याज दर नीतियों में हस्तक्षेप करेंगे और डॉलर को कमजोर करने का प्रयास करेंगे, जिससे भारत जैसे विकासशील देशों में व्यापक आर्थिक प्रबंधन जटिल हो जायेगा। हैरिस चीन के प्रति अपनी सख्त नीति बनाये रखेंगी, क्योंकि रणनीतिक प्रौद्योगिकियों पर बाइडेन प्रशासन के निर्यात प्रतिबंधों ने चीन को कम से कम अल्पावधि में ट्रंप टैरिफ से भी अधिक नुकसान पहुंचाया है।**

अजय छिब्बर

आगामी 5 नवंबर को अमेरिका एक नये राष्ट्रपति का चुनाव करेगा, इस निर्णय का न केवल अमेरिका, बल्कि पूरी दुनिया पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा, जिसमें भारत भी शामिल है। कमला हैरिस की जीत उनके लिए असाधारण उपलब्धि होगी, क्योंकि वह पहली अश्वेत महिला और भारतीय मूल की पहली व्यक्ति हैं, जो राष्ट्रपति चुनी जायेंगी। उनका चुनाव अमेरिका में भारतीय प्रवासियों के उत्थान का सबसे महत्वपूर्ण संकेतक भी होगा। लेकिन जब वह कुछ बदलाव ला सकती हैं, तो हम जो बाइडेन की नीतियों के साथ व्यापक निरंतरता की उम्मीद कर सकते हैं। अगर डोनाल्ड ट्रंप दूसरा कार्यकाल जीतते हैं, तो अमेरिकी नीतियों और पदों में एक बड़ा उलटफेर होने की संभावना है।

जैसा कि कहा गया है, ट्रंप यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर दबाव डालेंगे, जिसके परिणामस्वरूप पुतिन रूस के कब्जे वाले अधिकांश हिस्से को अपने पास रख लेंगे। भारत इस युद्ध के शुरुआती चरण में तेल और उर्वरक की बढ़ती कीमतों से प्रभावित था, इसके बाद छूट वाले रूसी कच्चे तेल की खरीद ने आर्थिक प्रभाव को सीमित करने में मदद की। ट्रम्प का लेन-देन संबंधी दृष्टिकोण उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को फिर से कमजोर करेगा, क्योंकि अगर किसी सदस्य पर हमला होता है, तो उसे मिलने वाले समर्थन की गारंटी संदेह में पड़ जायेगी। दूसरी ओर, हैरिस यूक्रेन और नाटो पर बाइडेन प्रशासन की स्थिति को बनाये रखेंगी। पश्चिम एशिया में ट्रंप दृढ़ता से देश का समर्थन करते हैं और चाहे कुछ भी हो जाये, वे देश का समर्थन करेंगे। हैरिस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत टू-स्टेट समाधान का समर्थन करती हैं और राष्ट्रपति बाइडेन की तुलना में इसराइल के साथ कड़ा रुख अपनायेंगी। लेकिन राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा संघर्ष को कमजोर तरीके से संभालना देश के लिए एक बड़ा झटका हो सकता है। वहीं ट्रंप फिर से अमेरिका को पैरिस समझौते से हटा लेंगे और ऊर्जा कम्पनियों को एक स्वतंत्र मार्ग प्रदान करेंगे, जैसा कि वे कहते हैं, ड्रिल, बेबी, ड्रिल। इससे तेल की कीमतें कम रहेंगी, जिससे भारत को लाभ होगा लेकिन जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों को नुकसान पहुंचेगा। वे 2025 में समाप्त होने वाली कर कटौती को भी बढ़ा देंगे, जिससे राजकोषीय घाटा और बढ़ जायेगा। उनकी योजना भारी टैरिफ लगाने की भी है।

**द्विपक्षीय यूएस-भारत व्यापार और आर्थिक संबंधों की संभावना बहुत बड़ी है और 2030 तक यह 500 से 600 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है।**

ट्रंप के पहले कार्यकाल के टैरिफ जो राष्ट्रपति बाइडेन ने बनाये रखे थे, लगभग 300 बिलियन डॉलर के आयात पर लागू किये गये थे। इस बार उन्होंने चीन पर 60 प्रतिशत टैरिफ और लगभग 3 ट्रिलियन डॉलर के आयात पर 10-20 प्रतिशत टैरिफ का प्रस्ताव रखा है, जो कि पिछली बार 1930 के स्मूट हॉली टैरिफ अधिनियम में देखा गया था। लगभग 200 बिलियन डॉलर की कीमत वाली वस्तुओं और सेवाओं पर भारत का हित अधिक खुली वैश्विक व्यापार प्रणाली में है, न कि व्यापार युद्धों में।

ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग करार दिया और भारत से स्टील के आयात पर 14 से 25 प्रतिशत और एल्युमीनियम पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया और भारत की वरीयता की सामान्यीकृत प्रणाली का दर्जा समाप्त कर दिया। भारत को 28 अमेरिका उत्पादों पर उच्च टैरिफ लगा कर जवाबी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हैरिस छोटे व्यवसायों को समर्थन देने और रोजगार सृजन के लिए अधिक प्रतिस्पर्धा पर ध्यान केंद्रित करेंगी, साथ ही चाइल्ड टैक्स क्रैडिट जैसे सामाजिक कार्यक्रमों पर भी ध्यान देंगी, जिससे गरीबी में नाटकीय रूप से कमी आयी है। वह कॉर्पोरेट करों को 21 प्रतिशत से बढ़ा कर 28 प्रतिशत करेंगी, अमीरों के लिए आयकर की दर को बढ़ाकर लगभग 40 प्रतिशत (बिल क्लिंटन के समय में यह दर थी) करेंगी और पूंजीगत लाभ कर में वृद्धि करेंगी।

भारत ने अपने कॉर्पोरेट कर की दर को घटा कर 25 प्रतिशत कर दिया। ट्रंप द्वारा 2018 में अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अमेरिकी दरों को घटा कर 21 प्रतिशत कर दिया मगर इस कटौती ने निवेश को प्रोत्साहित नहीं किया, लेकिन शेयर खरीद कर में भारी वृद्धि हुई।

ट्रंप संभवतः अमेरिकी फैडरल रिजर्व की ब्याज दर नीतियों में हस्तक्षेप करेंगे और डॉलर को कमजोर करने का प्रयास करेंगे, जिससे भारत जैसे विकासशील देशों में व्यापक आर्थिक प्रबंधन जटिल हो जायेगा।

हैरिस चीन के प्रति अपनी सख्त नीति बनाये रखेंगी, क्योंकि रणनीतिक प्रौद्योगिकियों पर बाइडेन प्रशासन के निर्यात प्रतिबंधों ने चीन को कम से कम अल्पावधि में ट्रंप टैरिफ से भी अधिक नुकसान पहुंचाया है। उम्मीद है कि ट्रंप अप्रवास पर बहुत सख्त रुख अपनायेंगे, जिसके परिणामस्वरूप एच1-बी वीजा पर और भी सख्त सीमाएं होंगी, जिनमें से 70 प्रतिशत से अधिक भारतीयों को जारी किये जाते हैं। ट्रंप और कमला दोनों ही चीन का मुकाबला करने के लिए भारत के साथ द्विपक्षीय रक्षा और प्रौद्योगिकी संबंधों का विस्तार कर सकते हैं। भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और क्वाड में अमेरिका के साथ अधिक सहयोग करना चाहिए। व्यापार समझौते नहीं होने के बावजूद, द्विपक्षीय यूएस-भारत व्यापार और आर्थिक संबंधों की संभावना बहुत बड़ी है और 2030 तक यह 500 से 600 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। खास तौर पर आर्टीफिशियल इंटैलीजेंस, आइटी सेवाओं, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी और रक्षा उत्पादन में। 2047 तक एक उन्नत देश बनने की भारत की महत्वाकांक्षा अमेरिका के साथ घनिष्ठ आर्थिक, तकनीकी और रक्षा सहयोग पर आधारित है।

## देश-विदेश की खबरें

# महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या

## दो आरोपी गिरफ्तार, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली हत्या की जिम्मेवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** बांद्रा के निर्मल नगर के शनिवार रात एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गोली लगने के कारण उनकी मौत की पुष्टि की। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेजा गया। वहां से उनका पार्थिव शरीर उनके घर लाया गया और देर शाम मरीन लाइंस कब्रिस्तान में पूरे राजकीय सम्मान से उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। बाबा सिद्दीकी मूल रूप से बिहार के सिवान जिले के थे, लेकिन कई दशक पहले मुंबई आ गये थे। फिल्मी दुनिया में उनके अच्छे संपर्क थे। सलमान खान उनके सबसे करीबी मित्रों में से थे।

बाबा सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप के रूप में की गयी है। उनको एस्प्लेनेड कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी गुरमेल सिंह को 21 अक्तूबर तक मुंबई अपराध शाखा की हिरासत में भेज दिया है। वहीं, धर्मराज कश्यप को पुलिस हिरासत में नहीं भेजा गया। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि धर्मराज कश्यप को उसकी हड्डियों की जांच के बाद फिर से पेश किया जाये। इधर मुंबई पुलिस ने दावा किया कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में चौथे आरोपी की पहचान हो गयी है। चौथे आरोपी का नाम मोहम्मद जीशान अख्तर है। मुंबई पुलिस ने कहा कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के दो आरोपी अभी भी फरार है। उनकी तलाश जारी है। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने आरोपियों के पास से 28 जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। इनका संबंध किसी अंतरराष्ट्रीय गिरोह से भी हो सकता है।



सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बाबा सिद्दीकी की हत्या को लॉरेंस विश्नोई गैंग से जोड़ने की कोशिश की गयी है। पुलिस इस सोशल मीडिया पोस्ट की पुष्टि करने में जुटी है। इस पोस्ट में कहा गया है कि लॉरेंस विश्नोई गैंग ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री की हत्या करने की जिम्मेदारी ली है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, उन्हें लॉरेंस विश्नोई गिरोह के एक कथित सदस्य के नाम से सोशल मीडिया पर एक वायरल पोस्ट मिली है, जिसमें बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली गयी है। अधिकारी ने कहा, हमने वायरल सोशल मीडिया पोस्ट देखी है, हम इसकी प्रामाणिकता की पुष्टि कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस साल अप्रैल में मुंबई में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के सिलसिले में विश्नोई गिरोह के कुछ सदस्यों को हिरासत में लिया गया था। बाबा सिद्दीकी को सलमान खान, शाहरुख खान और संजय दत्त सहित कई बॉलीवुड सितारों का करीबी माना जाता था।

### सलमान खान के घर की सुरक्षा बढ़ायी गयी

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। बाबा सिद्दीकी और सलमान खान की दोस्ती थी और जिस लॉरेंस गैंग का नाम बाबा सिद्दीकी की हत्या में सामने आ रहा है, उसी ने सलमान खान को भी जान से मारने की धमकी दी हुई है।

### दो माह से बाबा सिद्दीकी की कर रहे थे रेकी

मुंबई पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद बताया है कि आरोपी गुरमैल सिंह हरियाणा और धर्मराज कश्यप उत्तर प्रदेश का निवासी है। आरोपी बाबा सिद्दीकी की बीते करीब डेढ़-दो महीने से रेकी कर रहे थे और मुंबई में ठहरे हुए थे। तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है और मुंबई क्राइम ब्रांच की कई टीमें मामले की जांच में जुटी हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को हत्या के लिए पहले से ही पेमेंट कर दी गयी थी और कुछ दिन पहले ही उन्हें हथियार मुहैया कराये गये थे।

# भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो को अपने ही सांसदों ने घेरा

एजेंसी

**ओटावा।** भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। उनकी ही पार्टी के सांसदों का उन पर भरोसा नहीं रहा है। कनाडा में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के भीतर सांसदों का एक ग्रुप जस्टिन ट्रूडो पर पद छोड़ने के लिए दबाव बना रहा है। टोरंटो और मांट्रियल में हाल ही में हुए उप-चुनावों में हार के बाद असंतोष चरम पर पहुंच गया है, जिसके कारण असंतुष्ट सांसदों के बीच कई गुप्त बैठकें हुईं। ये सांसद प्रधानमंत्री पद से जस्टिन ट्रूडो को हटाना चाहते हैं और नेतृत्व में बदलाव के लिए कम-से-कम 20 नेताओं ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये हैं। इसी साल जून महीने में टोरंटो-सेंट पॉल उपचुनाव में ट्रूडो की पार्टी आश्चर्यजनक हार हुई थी, जिसके बाद से ही उनकी पार्टी में जबरदस्त असंतोष पनप रहा है। संसद की वापसी के साथ यह अशांति और बढ़ गयी और मांट्रियल उपचुनाव में हार के बाद और भी बढ़ गयी। एशिया में हाल ही में हुए शिखर सम्मेलन में ट्रूडो और उनके चीफ ऑफ स्टाफ कैटी टेलफोर्ड की अनुपस्थिति ने निराश सांसदों को बैठक करने और आगे की रणनीति बनाने का मौका दे दिया। बता दें कि पिछले साल कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरीदप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गयी थी, जिसके बाद कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत को लेकर काफी जहर उगला था। उन्होंने संसद में बोलते हुए इस हत्या का कनेक्शन भारत से कर दिया था।

# गौरी लंकेश हत्याकांड के आरोपियों को मिली जमानत, हुआ स्वागत

**बेंगलुरु।** कार्यकर्ता-पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के आरोपी दो लोगों को नौ अक्टूबर को एक विशेष अदालत द्वारा जमानत दिये जाने के बाद हिंदू समर्थक समूहों ने उनका भव्य स्वागत किया। कोर्ट से जमानत मिलने पर अपने गृहनगर विजयपुरा लौटे हत्या के आरोपियों का स्थानीय हिंदू समर्थकों द्वारा माला पहनाकर, नारंगी शॉल भेंट करके और उत्सव गीतों के साथ स्वागत किया। उन दोनों को छत्रपति शिवाजी की मूर्ति के पास ले जाया गया, जहां पर दोनों ने मालार्पण किया। इसके बाद वे पूजा करने के लिए कालिका मंदिर गये। हत्याकांड के आरोपियों का स्वागत करने वाले समर्थकों का दावा है कि उन्हें गलत तरीके से कैद किया गया था। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, गौरी लंकेश हत्याकांड मामले में वाघमोरे और यादवे के अलावा, अमोल काले, राजेश डी बंगेरा, वासुदेव सूर्यवंशी, रुशिकेश देवडेकर, गणेश मिस्किन और अमिथ रामचंद्र बद्दी को नौ अक्टूबर को जमानत दे दी गयी थी।

## मोदी सरकार बुजुर्गों को देगी उपहार

# छह करोड़ लोगों को स्वास्थ्य पैकेज से मिलेगा सीधा फायदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए जारी स्वास्थ्य पैकेज में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है। इसके लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाइ) के लिए कार्यरत एजेंसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण अब बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य पैकेज में और इजाफा कर सकती है। इसके तहत सरकार 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज शुरू होगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि योजना में बढ़ोतरी के बाद लगभग 4.5 करोड़ घरों में अनुमानित छह करोड़ नागरिकों को लाभ प्राप्त होगा। बता दें कि केंद्र सरकार की इस योजना के इस महीने के अंत तक शुरू होने की संभावना है। इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि योजना के तहत स्वास्थ्य-लाभ पैकेजों पर निर्णय लेने वाली समिति अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता पर विचार कर रही है, जो विशेष रूप से वृद्धावस्था देखभाल के लिए हैं, क्योंकि योजना के शुरू होने के साथ ऐसे लाभार्थियों की संख्या बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है।

बता दें कि यह योजना वर्तमान में एक बड़ा कवरेज प्रदान करती है जिसमें सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, आंकोलॉजी और कार्डियोलॉजी जैसी 27 चिकित्सा विशेषताओं में 1,949 चिकित्सा प्रक्रियाएं शामिल हैं। इसके साथ ही इस योजना के तहत अस्पताल की सेवाएं, जिनमें दवाएं (डिस्चार्ज के बाद 15 दिनों की दवाएं शामिल हैं), निदान (भर्ती होने से तीन दिन पहले तक), भोजन और आवास लाभार्थियों को फ्री में प्रदान की जाती हैं।

# बैरिकेड हटा डासना मंदिर जाने का प्रयास, लाठीचार्ज, हाइवे पर हंगामा

**गाजियाबाद (आजाद सिपाही)।** यति नरसिंहानंद के समर्थकों और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की ओर से रविवार को डासना देवी मंदिर में बुलायी गयी हिंदू महापंचायत को गाजियाबाद पुलिस ने नहीं होने दिया। टकराव की स्थिति तब बन गयी, जब आक्रोशित कार्यकर्ता और भीड़ ने जबरन बैरिकेड हटाकर मंदिर की तरफ जाने का प्रयास किया, ताकि महापंचायत का आयोजन कर सकें। पुलिस ने भीड़ में शामिल लोगों को चेतावनी दी। बताया जाता है कि भीड़ में शामिल लोग जब नहीं माने और उन्होंने पुलिस की ओर से लगाये गये बैरिकेड हटा दिये, तब फोर्स को लाठीचार्ज करना पड़ा। डासना में पुलिस ने भीड़ को बैरिकेड लगाकर रोका हुआ था। कुछ लोगों ने हंगामा करते हुए जबरन बैरिकेड हटाने का प्रयास किया। समझाने के बावजूद न मानने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर लाठी भांजी, जिसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गयी। लाठीचार्ज में कई लोग घायल बताये गये हैं। इसके अलावा भी कई बार हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं और पुलिस में नोकझोंक और तकरार देखने की मिली। बताया जाता है कि पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में भी ले लिया। बताया जाता है कि हिंदू महापंचायत बुलाये जाने के ऐलान को देखते हुए पुलिस ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया था। भाजपा विधायक ने हाइवे पर ही पंचायत शुरू कर दी।

# राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना पर उठाये सवाल

**नयी दिल्ली।** नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीरों की मौत के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सवाल कि कि एक सैनिक का जीवन दूसरे से अधिक कीमती क्यों है। उन्होंने कहा कि जिन दो अग्निवीरों की मौत हुई, उनके परिवारों को अन्य शहीद सैनिकों के परिजनों के समान पेंशन और लाभ क्यों नहीं मिल रहे। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह इस अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, नासिक में प्रशिक्षण के दौरान अग्निवीर गोहिल विश्वराज सिंह और सैफद की मौत बहुत दुखद है।

# हरियाणा में गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत सिंह हुए बागी

**पंचकुला (आजाद सिपाही)।** हरियाणा में नयी भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्टूबर को होना है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता और कुछ अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। पार्टी ने नायब सिंह सैनी को दोबारा सीएम बनाने का फैसला किया है। इससे पहले ऐसी खबरें आ रही हैं कि पार्टी के भीतर मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान चल रही है। कहा गया कि गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत सिंह बागी हो गये हैं। उनके साथ नौ विधायक हैं और वे सीएम पद की मांग पर अड़े हुए हैं। हाल ही में हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 90 में से 48 जीतों पर जीत दर्ज की। कांग्रेस के खाते में 37 सीटें गयीं। खास बात यह है कि दक्षिण हरियाणा के अहीरवाल क्षेत्र में भाजपा ने 11 में से 10 सीटों पर विजय पताका लहराया। यहां के ज्यादातर उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री और गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह के करीबी माने जाते हैं। राव की बेटी आरती सिंह राव ने अटेली सीट से जीत दर्ज की। वह भी इस बार मंत्री पद की दौड़ में शामिल बतायी जा रही हैं। इंद्रजीत सिंह केंद्र में योजना, संस्कृति, सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के राज्यमंत्री हैं। इनके अलावा अनिल विज का भी नाम सीएम पद की रेस में चल रहा था। उन्होंने खुद इसे लेकर अपनी इच्छा जाहिर थी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



# भंडरिया में विसर्जन को लेकर बवाल, लाठीचार्ज, एएसपी घायल







आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडारिया (गढ़वा)।** जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के मादगड़ी गांव में दुर्गा पूजा विसर्जन को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। रविवार को दोपहर लगभग दो बजे पुलिस और ग्रामीणों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को भीड़ पर नियंत्रण करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। समाचार के अनुसार, इस दौरान भारी पथराव हुआ, जिसमें गढ़वा के अभियान एसपी राहुल बड़ई के सिर में गंभीर चोट लगी और वे घायल हो गये। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ आसु गैस छोड़ने की भी सूचना है। जिसमें कई ग्रामीण भी घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने पुलिस के कई वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। घटनास्थल पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक भारी संख्या में ग्रामीण दुर्गा पूजा पंडाल में जमा हैं, जो विवादित मार्ग से प्रतिमा विसर्जन की अनुमति का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रशासन उन्हें बृजेश्वर साहू के घर से होते हुए तालाब तक जाने की अनुमति नहीं देता, तब तक वे प्रतिमा का विसर्जन नहीं करेंगे। जानकारी के अनुसार भंडरिया थाना क्षेत्र के मादगड़ी गांव में पिछले कुछ वर्षों से दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन को लेकर रास्ते का विवाद चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की ओर से फायरिंग भी की गयी है, जिसमें एक लड़का घायल हो गया है। हालांकि पुलिस फायरिंग की बात को सिरे से नकार रही है।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

## सार्वजनिक रास्ता सार्वजनिक लोगों के उपयोग के लिए होना चाहिए, सरकार इसपर कानून बनाये : बाबूलाल मरांडी



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गढ़वा की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मरांडी ने कहा कि गढ़वा जिला में दो घटना घटी है। सरकार को इस पर नियम बनाना चाहिए, जो भी सरकारी मार्ग है चाह आरयो का हो या पीडब्ल्यूडी का हो, तो उसे रास्ते से चाहे हिंदू हो या मुस्लिम हो या किसी भी धर्म, संप्रदाय या जाति का हो उसे उस पथ पर निर्भीक रूप से अपना प्रोसेशन निकल सके। इस पर कानून बनाना चाहिये। इसमें कोई कंप्रोमाइज्ज नहीं करना चाहिये। अगर जिस किसी को भी तकलीफ होता है उस सार्वजनिक सड़क से आने-जाने में तो ऐसे लोगों का घर द्वार सड़क से दूर में बना देनी चाहिये। उन्होंने कहा कि बिना ऊपर वाले के प्रश्रय के इतना कोई हिम्मत नहीं करेगा। सरकार को भी इस तरह के तत्वों को प्रोटेक्शन नहीं देनी चाहिये। सार्वजनिक रास्ता सार्वजनिक लोगों के उपयोग के लिए होने चाहिये।

## तालिबानी व्यवस्था लागू करना चाहते हैं मंत्री, मां दुर्गा के अपमान का लिया जायेगा बदला: सत्येंद्रनाथ तिवारी



उपायुक्त से स्थिति का जायजा लेते पूर्व विधायक

गढ़वा। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही मां दुर्गा का हुए अपमान का बदला लिया जायेगा। हेमंत सरकार के कार्यकाल के दौरान गढ़वा सहित पूरे झारखंड में सनातन और हिंदूओं के भावना का अपमान किया गया है। गढ़वा में मिथिलेश ठाकुर के चुनाव जीतने के बाद से सनातनियों पर लगातार कुठाराघात हुआ है, यह किसी से छिपी हुई नहीं है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कही। वह शनिवार की रात विजयादशमी के दिन मां दुर्गा के प्रतिमा रोके जाने की सूचना के बाद सदर प्रखंड के लखना गांव पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी विकास कार्य सरकारी पैसे से होता है। जिस रास्ते से गांव के लोग मां दुर्गा का प्रतिमा का विसर्जन के लिए ले जा रहे थे, वह पक्की सड़क सरकार के पैसा से बना है।

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में दो समुदाय के बीच हुआ विवाद

**पत्थरबाजी और हिंसक झड़प में, तीन घायल दो की हालत नाजुक, रिम्स रेफर**

**प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद आधी रात के बाद तीन बजे भोर में हुआ प्रतिमा का विसर्जन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के लखन गांव में दुर्गा पूजा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद के कारण लगभग 12 घंटे तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। शनिवार दोपहर बाद लगभग तीन बजे शुरू हुआ यह विवाद देर रात तक नारेबाजी, पथराव और हिंसा में बदल गया, जिसमें लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों में से तीन की हालत गंभीर बतायी जा रही है, जिन्हें गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में इनमें से दो की हालत नाजुक होने पर रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया है। इधर रविवार की भोर लगभग चार बजे प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया है। इस घटना में लखना गांव का नासिर खान तथा नशिम खान की पत्नी जुमेरा बीबी और परिहारा गांव का रोहित चौहान शामिल है। इनमें से दो को रांची रेफर कर दिया गया है। वहीं घायल महिला जुमेर का सदर अस्पताल में ईलाज चल रहा है। हालांकि बताया जा रहा है की मूर्ति विसर्जन के बाद भी गांव में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। अफवाहें फैल रही हैं कि गोलीबारी हुई थी, जिसे प्रशासन ने पूरी तरह से गलत बताया है। इधर इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गयी है। बाद में लंबी बातचीत और कड़ी निगरानी के बाद, सुबह 3 बजे दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी कि भविष्य में मुस्लिम समुदाय अपने त्योहारों के दौरान हिंदू बस्ती से ताजिया या झंडा लेकर नहीं गुजरेगा। इसके बाद दोनों पक्षों से बांड भरवाया गया और सुबह 4 बजे दुर्गा प्रतिमा का शांतिपूर्वक विसर्जन काला करुआ तालाब में किया गया।

### श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अद्वितीय संगम, नम आंखों से मां को दी गयी विदाई

# मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ऐतिहासिक मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित दुर्गा मां के प्रतिमा विसर्जन में श्रद्धालुओं कसैलब उमड़ पड़ा। हर वर्ष की इस वर्ष भी विजयदशमी के दिन भक्तों के कंधो पर सवार होकर दुर्गा मां की प्रतिमा को भावुक विदाई दी गयी।

यात्रा की शुरूआत जैसे ही मंदिर से हुई, पूरे शहर में एक अलग ही ऊर्जा और भावनात्मक माहौल बन गया। भक्तों की आंखों में आंसू, दिलों में श्रद्धा, और मन में मां के प्रति प्यार शहरवासियों का देखा जा सकता था। इस ऐतिहासिक मंदिर की परंपरा के अनुसार, मां की प्रतिमा को किसी वाहन पर नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के कंधों पर विसर्जन के लिए ले जाया जाता है। यह अनोखी परंपरा न केवल भक्तों के समर्पण को दशार्ती है, बल्कि मां गढ़देवी के प्रति उनकी अटूट आस्था का प्रतीक भी है।

विसर्जन यात्रा का दृश्य ऐसा प्रतीत होता है मानो कोई अलौकिक शक्ति अपने भक्तों को आशीर्वाद देते हुए अंतिम विदाई ले रही हो। गढ़वा की यह परंपरा सिर्फ आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है–यह तो केवल वही समझ सकता है जिसने इसे अपनी आंखों से देखा हो और अपने दिल से महसूस किया हो। इधर मूर्ति विसर्जन के दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी मुख्यरूप से उपस्थित रहे जिन्होंने। विसर्जन के समय प्रतिमा को कंधा दिया।



## गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की विदाई देश भर में अनोखी है : मिथिलेश

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा में दुर्गा पूजा काफी धूमधाम से शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। दशमी एवं एकादशी को सभी प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जिला मुख्यालय स्थित मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन में शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं के साथ मंत्री ने भी कंधा लगाकर मां को विदाई दी। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय स्थित मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का सबसे पहले किया जाता है। साथ ही इस स्थापित प्रतिमा का विसर्जन किसी वाहन पर नहीं बल्कि श्रद्धालु अपने कंधे पर ले जाकर करते हैं। इस विसर्जन के दौरान पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह भी उपस्थित थे। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित प्रतिमा की विसर्जन बहुत ही अनोखा है। माता रानी की प्रतिमा की ऐसी विदाई झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश की अनोखी विदाई है। जिसमें हजारों श्रद्धालु कंधे पर मां को ले जाते हैं। उन्होंने मां दुर्गा से अपने राज्य की खुशहाली व अमन चैन की प्रार्थना की।

## प्रिज्म सीमेंट का झारखंड में पहला ऑफिस खुला

रमना(आजाद सिपाही)। रमना प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड अब अपना कदम झारखंड में रखने जा रहा है झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में प्रिज्म सीमेंट का पहला कार्यालय रमना गुलहरी बांध के समीप पूजा पाठ कर विदवत रूप से खुला। इस अवसर पर पर विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद सीएनएफ और एसपी अंकित एंटरप्राइजेज के प्रोराइटर मनोज कुमार गुप्ता ने अपने कार्यालय का शुभारंभ के अवसर बताया की प्रिज्म सीमेंट बहुत जल्द अब आपके शहर आपके गांव में आपके नजदीकी दुकान पर उपलब्ध होगा।

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान उमड़ा जनसैलाब, कंधा लगाने के लिए लगी रही होड़



रमना (आजाद सिपाही)। मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में विजयादशमी का त्योहार हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा का प्रतीमा का विसर्जन किया गया।

## मेराल में प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा संपन्न



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में दुगार्पूजा का त्योहार सौहार्द एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। शनिवार दशमी तिथि को विभिन्न क्षेत्रों में तथा रविवार की शाम में प्रखंड मुख्यालय के सभी आठ पंडालों के मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन गाजे बाजे के साथ निकाली गई जुलूस के साथ की गई। विसर्जन के समय श्रद्धालुओं की भीड़ ने नम आंखों से मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी।

## भक्ति जागरण में भक्ति गीतों पर खूब झूमे श्रोता



डंडई (आजाद सिपाही)। रविवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में शारदीय नवरात्र पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही हर्षोल्लास के साथ दुर्गोत्सव संपन्न हो गया। इधर शनिवार को विजय दशमी के अवसर पर रारो बाजार के प्रांगण में श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भोजपुरी सुपरस्टार गायक धनंजय लाल यादव ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत, संगीत तथा नृत्य प्रस्तुत कर श्रोताओं को भक्ति सागर में हिलोरे लेने के लिए मजबूर कर दिया। गढ़वा से चुनरी ना लिया, तेरे दर पर, ओ मेरी मैया तेरे दीवाने आए हैं....भर दे झोली, मैया मोरी बिगड़ी बनाने आए हैं.... सहित एक से बढ़कर एक भक्ति गीत,लोक गीत को प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में जिप सदस्य पासवान मोहन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज विश्वकर्मा, भाजपा नेता राजेंद्र गुप्ता सहित अन्य ने भी शामिल हुए।

## मां दुर्गा को दी गयी विदाई

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के भास्कर युवा क्लब मझिगावां बस्ती व मां दुर्गा पूजा कमिटी नवडीहवा के द्वारा मूर्ति विसर्जन किया गया। इस दौरान मुख्य बस्ती से होते हुए भेलवाखाडी उसके पश्चात बबुराहा टोला, पोखरापर, अकड़हवा टोले पर भ्रमण करते हुए मूर्ति विसर्जन किया गया। विसर्जन में कमिटी के अध्यक्ष रामप्यारी ठाकुर, सचिव इंद्रजीत रजवार, कोषाध्यक्ष मुन्ना साह, बुद्धिनारायण साह, सहित सैकड़ों भक्त शामिल थे।

## हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति को पटक कर मार डाला

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया वन क्षेत्र के जोन्हीखांड सिन्जो मुख्य सडक के ललमटीया जंगल में शनिवार की रात रंका थाना क्षेत्र के चुटीया निवासी रामदेव सिंह पिता महावीर सिंह उम्र करीब 30 को हाथियों के झुंड ने पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। वहीं तीन अन्य लोग किसी तरह वहां से भाग कर अपना जान बचाया। वहीं मृतक के परिजन को वन क्षेत्र पदाधिकारी अजय टोप्पो के द्वारा तत्काल सहायता राशि के रुप पचास हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया।

## रंका प्रखंड में 25 करोड़ से बनेंगी पांच सड़कें, किया गया भूमिपूजन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रविवार को झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में प्रखंड अनुमंडल कमेटी के द्वारा 25 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली पांच सड़कों का भूमिपूजन कर कार्यारंभ कराया गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि यह सड़कों का निर्माण गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रयासों से कराया जा रहा है। ये अतिमहत्वपूर्ण सड़क है जिससे हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर अनुमंडल युवा अध्यक्ष पप्पू यादव, मुखिया खालिद अंसारी, पं अध्यक्ष रहबर अंसारी, चिरागुद्दीन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म, फांसी की मांग



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को आरोपी को फांसी देने की मांग को लेकर मोखापी हगांव के सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुषों ने विरोध मार्च निकाला। यह विरोध मार्च कांडी कॉलेज से शुरू होकर ब्लॉक तक गयी। सभी नारे लगाते चल रहे थे कि आरोपी को फांसी दो, पीड़िता को न्याय दो। ग्रामीणों का कहना था कि जबतक आरोपी को फांसी की सजा नहीं मिलता है हम सभी चैन से नहीं बैठेंगे। ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, जिला पार्षद दिनेश कुमार, कांडी पंचायत बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार ने भी विरोध मार्च में शामिल हुए। विदित हो कि 11 अक्टूबर नवमी तिथि को जहां सभी लोग माता रानी की आराधना में लगे हुए थे व कुआंरी नौ कन्या को भोजन करा रहे थे, वहीं मोखापी गांव में एक आठ वर्षीय नाबालिग कन्या के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना 11 अक्टूबर दिन शुक्रवार सुबह 8 बजे की है। घटना आग की तरह पूरे गांव के साथ पूरे क्षेत्र में फैल गयी। पुलिस की लगातार दबिश के कारण आरोपी घटना के दिन ही शाम को पुलिस इंस्पेक्टर के पास मझिआंव में आत्मसमर्पण कर दिया और अपना अपराध स्वीकार किया।

# जगह-जगह कार्यकर्ता सम्मेलन सह दशहरा मिलन समारोह आयोजित

## समाज को बांटने एवं विद्वेष फैलाने वाली राजनीति को मैं लात मारूंगा : मिथिलेश



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि समाज को बांटने वाली ताकतों का पूरजोर विरोध करें। हमारे कार्यकर्ता आज से कमर कसकर अपने-अपने बूथ पर लग जायें तो सभी विरोधियों की जमानत जप्त हो जायेगी। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता इतने सशक्त हैं कि वे एक तो क्या पांच विधानसभा में भी एक साथ कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की चाभी जनता के हाथ में होती है। जनता अपने हक, अधिकार प्राप्त करने, क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधि चुनती है। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दानव रूपी असामाजिक तत्वों का विध्वंस करने की जरूरत है : सत्येंद्र नाथ तिवारी



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति नेनुआ मोड द्वारा शनिवार की शाम में दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यालय अतिथि के रूप में उपस्थिति गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने लोगों को धर्म और सत्य की जीत के रूप में मनाया जाने वाला पर्व दशहरा की शुभकामना देते हुए कहा कि आज भी दानव रूपी असमाजिक तत्व समाज में विद्वेष फैला रहे हैं जिसे विध्वंस करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि आपसी कटुता एवं मन मुटाव को भुला कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में हम सभी दशहरा मिलन समारोह माना रहे है। आज हम सभी को अपने अंदर छुपे रावण को मारने की जरूरत है। मुखिया रामसागर महतो, सांसद प्रतिनिधि रूपू महतो, सेवा निवृत्त प्रोफेसर सुवर्णा मेहता ने कहा कि दशहरा पर्व हम सभी के जीवन में कर्म, सत्य और न्याय के महत्व को समझने और अपनाने का अवसर प्रदान करता है।

## दशहरा पर्व अधर्म पर धर्म के विजय का प्रतीक है : खुर्शीद



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। दशहरा पर्व के अवसर पर शनिवार को प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत निवासी सह कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम ने अपने आवास पर दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शामिल होकर गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल पेश की। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के गढ़वा जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम ने कहा कि दशहरा पर्व अधर्म पर धर्म के विजय का प्रतीक माना जाता है। कहा कि मिलन समारोह का आयोजन कर अरसली उतरी में आपसी भाई चारे का संदेश देने का कार्य कर रहा हूं, ताकि गांव के सभी समुदाय के लोग किसी भी पर्व त्यौहार को आपसी प्रेम सौहार्द के साथ मनाते हुए लोगो के बीच अमन चैन का संदेश दे।

## तालाब में नहाने गया युवक डूबा



विशुनपुरा (आजाद सिपाही) । पोखरा चौक स्थित तालाब में एक युवक की डूबने की सूचना है। मालूम हो कि ग्रामीणों के अनुसार चार युवक तालाब में नहाने गये थे, उसी दौरान पानी में सभी अनियंत्रित हो गये चार युवकों में तीन युवक बच कर तालाब से निकल आये, जबकि एक युवक पानी में ही डूब गया। विशुनपुरा घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह, इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, प्रमुख दीपा कुमारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि एनडीआरएफ टीम को सुचना दे दी गयी है टीम को पहुंचने में समय लगेगा।

## ऑटो-बाइक की टक्कर में चार लोग घायल



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा-चट्टी मुख्य पथ में नौडीहा चौक के समीप अज्ञात ऑटो के टक्कर मारने से मोटर साइकिल चालक सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसमें एक युवक का पैर पूरी तरह से कट कर अलग हो गया। जबकि तीन युवकों का दाहिना पैर टूट गया है। जिसे स्थानीय ग्रामीण और भंडरा थाना पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर चारों घायल युवकों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बता दें की भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मलंग टोली गांव निवासी संघु महतो के पुत्र रवि महतो (25 वर्ष), बेचना उरांव के पुत्र बुद्धवीर उरांव (23 वर्ष), तिंगू उरांव के पुत्र नयगा उरांव (24 वर्ष) अपने प्लेटिना मोटर साइकिल से अपने दोस्त गुमला जिले के भरनो डांग टोली निवासी नदेश्वर गोप के पुत्र विनोद गोप (25 वर्ष) भरनो पहुंचाने जा रहे थे, तभी नौडीहा चौक के समीप अज्ञात ऑटो के टक्कर मारने से मोटर साइकिल में सवार सभी युवक घायल हो गये। जिसमें रवि महतो का एक पैर कट कर अलग हो गया। जबकि अन्य तीन दोस्तों का पैर टूट गया। साथ ही शरीर के कई जगहों पर चोटें आयी है। घटना के बाद भंडरा थाना पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

## बाइक पेड़ से टकरायी, दो की मौत

**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के कुडू सुंदरुरु पथ में मनातू गांव के समीप शुक्रवार देर रात करीब 10 बजे अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराने से बाइक में सवार दो युवकों की मौत हो गयी। दोनों युवक एक ही बाइक से कुडू के हमीद नगर से सुंदरुरु जा रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के सिंजो गांव निवासी आसिफ अंसारी 18 पिता अशरफ अंसारी एवं दिलशाद अंसारी 20 पिता सईद अंसारी के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक सपरिवार कुडू के हमीद नगर में अपने संबंधी के घर शादी समारोह में आये थे। रात में होंडा शाइन बाइक से किसी काम से सुंदरुरु जा रहा थे। उनकी बाइक जैसे ही मनातू मोड़ के पास पहुंची, बाइक चला रहे युवक ने अपना नियंत्रण खो दिया। इससे बाइक सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकरायी।

## सड़क दुर्घटनाओं में बच्ची सहित दो घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शनिवार शाम को सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा में आयोजित विजयादशमी मेला से घर लौटने के दौरान एनएच 143 ए पथ पर टेंपू पलटने से 6 वर्षीय बच्ची सहित दो महिला घायल हो गये। सभी घायलों की पहचान नौदी ग्राम निवासी सुनील उरांव का 19 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी कुमारी कल्हेपाट निवासी सोमनाथ उरांव की पत्नी संगम कुमारी तथा प्रदेशीया उरांव के 6 वर्षीय पुत्री प्रिया उराव के रूप में किया गया।

# बस और कार की टक्कर में एक की मौत, एक दर्जन यात्री घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका/ लातेहार।** मनिका दोमुहान के पास राष्ट्रीय मार्ग 75 पर रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार जेपीएस बस और कार की आमने-सामने टक्कर हो गयी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि लगभग एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बस और कार के बीच टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक की पहचान पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव अजनफर अंसारी उर्फ छोटू के भाई के रूप में हुई है। जबकि इस घटना में उनके परिवार के अन्य चार सदस्य गंभीर रूप से घायल है। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि कार के अगला हिस्सा पूरी तरह बर्बाद हो गया।

**बस चालक की लापरवाही से हुआ हादसा**

हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गयी। मौके पर स्थानीय लोग की भीड़ जमा हो गयी। लोगों ने घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल ले गये, जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिये रांची रेफर किया गया है। पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आयी है कि बस चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि बस चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था।

# अगले साल आगमन की कामना के साथ माता को किया विदा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शारदीय नवरात्र के समापन के बाद शनिवार की देर शाम और रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विधि-विधान से नदी तालाबों में विसर्जित किया गया। विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं को विसर्जन से पूर्व विधि विधान के साथ पूजा व भोग लगाकर पूजा की। इसके बाद भक्तों ने माता को विदा कर अगले वर्ष आने की प्रार्थना की। विसर्जन के दौरान प्रतिमाओं वाले वाहन पर लाउडस्पीकर लगे थे। विसर्जन स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहा। मां की प्रतिमाओं को नम आंखों से विसर्जित किया गया। विसर्जन घाट पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों की देखरेख में देर शाम तक प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। मां दुर्गा की मूर्ति को गाजे-बाजे के साथ नम आंखों से नदी तालाब में विसर्जित किया गया।

**सुबह हुआ दर्पण विसर्जन**

विभिन्न समिति की ओर से स्थापित प्रतिमा का सुबह दर्पण विसर्जन किया। पानी में दर्पण रखकर माता को उनका चेहरा दिखाया। इसके बाद पूजा कर भोग लगाया। भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

### दशहरा पर कई स्थानों पर जलाया गया रावण

दशमी के दिन सुबह से ही मंदिरों और घरों में हवन पूजन के साथ नवरात्र व्रत का श्रद्धालुओं ने समापन किया। इस दौरान कन्या पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए। कुछ लोगों ने देवी मंदिरों में तो कुछ ने घरों पर हवन यज्ञ किया। लोहरदगा के कई स्थानों पर रावण का पुतला भी दहन किया गया। शहर में अपने अपने घर के सामने, छत के ऊपर भी छोटे छोटे रावण का निर्माण कर परंपरागत तरीके से रावण दहन किया गया।

## भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत : बिंदेश्वर उरांव



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** दशहरा का त्योहार असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, अन्याय पर न्याय और बुराई पर अच्छाई का विजय पर्व है। हम आज इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। एक-दूसरे के साथ मिलजुल कर इस पर्व की खुशियों को बांट रहे हैं। इस अवसर पर भंडरा प्रखंड वासियों को दशहरा एवं विजयदशमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिन्देश्वर उरांव विजयादशमी के अवसर पर भंडरा नव युवक संघ दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा भंडरा थाने के समीप में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सदियों से दशहरा का त्योहार इसलिए मनाते आ रहे हैं कि इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था। आज हर वर्ष की भांति इस बार भी रावण दहन कार्यक्रम में यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद हैं। हम सभी भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और सत्य एवं सदाचार के रास्ते पर आगे बढ़ें। विशिष्ट अतिथि आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा की दशहरा का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन 10 दिन से चलने वाले युद्ध में मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर दिया था और भगवान राम ने रावण का अंत करके लंका पर विजय प्राप्त की थी। कार्यक्रम में बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सक डॉ संजय कुमार,देवेंद्र साहू, राजू शर्मा, अनीता साहू, दिलीप साहू, अनिल साहू सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## रेलवे क्लब में आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब मैदान में पूजा पंडाल दुर्गा पूजा दशमी के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दशहरा त्योहार के अवसर पर असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, अन्याय पर न्याय और बुराई पर अच्छाई का विजय पर्व के अवसर पर रेलवे स्पोर्ट्स क्लब पूजा कमेटी द्वारा रावण दहन को लेकर एक विशाल रावण का पुतला बनाया गया था जिसमें काफी संख्या में आकर्षक आतिशबाजी लगाया गया था। रेलवे स्पोर्ट्स क्लब द्वारा प्रत्येक वर्ष रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसे देखने के लिए प्रखंड मुख्यालय ही नहीं आसपास के काफी संख्या में दर्शक अपने पूरे परिवार के साथ रेलवे क्लब मैदान में रावण दहन कार्यक्रम देखने पहुंचे हैं। रेलवे क्लब पूजा कमेटी द्वारा रावण दहन करने पहुंचे मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत शनिवार रात 10:00 की करीब रेलवे अधिकारियों द्वारा तीर मारकर रावण दहन किया गया। जिसके बाद आधा घंटा से अधिक समय तक रंग-बिरंगे आतिशबाजियों से आसमान गूंजता रहा। मौके पर पूजा समिति के ऋषि राज,रंजीत कुमार सिंह राणा,अजय यादव पूजा कमेटी के सभी सदस्यों, सभी विभाग के अधिकारियों सहित काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त दर्शक शामिल थे।

## चंदवा के खेल स्टेडियम में जला रावण



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा विजयादशमी का त्योहार दशहरा धूमधाम से मनाया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है, चंदवा के खेल स्टेडियम में अमित गुप्ता की अध्यक्षता में रावण दहण समिति की ओर से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया किया गया। भाजपा नेता महेंद्र साहू ने शनिवार को 30 फीट के रावण के पुतले में आग लगायी। मंच संचालन रविराज ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार साहू ने किया। पुतले के सामने जमकर आतिशबाजी की गयी, रावण वध देखने आए श्रद्धालुओं ने जमकर श्रीराम का जयघोष किया। मंच पर लातेहार एसडीएम अजय कुमार अपने परिवार के साथ पहुंचे थे, एसडीपीओ अरविंद कुमार, सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन कुमार, इंस्पेक्टर रणधीर सिंह,रंजन सिंह, दीपक निषाद, सचिन कुमार, कुणाल खत्री, उदय, आकाश, अक्षयआदि शामिल थे।

# असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी का त्योहार मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी का त्योहार लोहरदगा में भव्य रूप से मनाया गया। रावण दहन कार्यक्रम मुख्य सड़क से लगभग एक किमी दूर बक्शीडीपा मैदान में रखा गया था। असत्य पर सत्य की जीत के पर्व दशहरा का उल्लास सभी पर छाया रहा। दूर दूर से लोग आए, एक से बढ़ कर एक पारंपरिक ढोल, नगाड़े, मांदर, घंट की धुन में लोग थिरकते रहे। हजारों की संख्या में श्री राम और माता दुर्गा के भक्तों की भीड़ में रावण दहन का कार्यक्रम किया गया। लोगो मे एक अलग हीं उत्साह नजर आया। आकर्षक आतिशबाजी ने सभी का मन मोह लिया। श्री राम, लक्ष्मण और हनुमान जी के प्रतिरूप के द्वारा रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण का दहन किया गया। जय श्रीराम के उद्घोष से सारा वातावरण राममय हो गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एलआरडीसी सुजाता कुजूर, आईटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, डीएसडब्ल्यू, डीएसपी मुख्यालय समीर कुमार तिर्की, अजय नाथ साहदेव, नीरू शांति भगत, ओम प्रकाश सिंह, चंद्र शेखर अग्रवाल, संदीप गुप्ता, इंद्रजीत लकड़ा, मिथुन तमेड़ा सहित वरिष्ठ संरक्षकगण सहित अन्य शामिल हुए। पंडाल सज्जा में बीआइडी-प्रथम, रेलवे साइडिंग- द्वितीय व थाना टोली - तृतीय रही। वही लाइट सज्जा में हरिजन स्कूल- प्रथम, तेतरतर - द्वितीय व मैना बगीचा - तृतीय रही। वही ग्रामीण पंडाल सज्जा में कुडू बस स्टैंड - प्रथम, बरही - द्वितीय, ग्रामीण लाइट में भंडरा प्रथम व किस्को द्वितीय रही। वही खोड़हा दलों और कलाकारों को सम्मानित किया गया।

# बरवाडीह में दो योजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** प्रखंड में शनिवार को स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने 4 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो योजनाओं का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। विधायक रामचंद्र सिंह ने सर्वप्रथम प्रखंड अंतर्गत केड़ पंचायत में पीडब्लूडी रोड केड़ से लक्ष्मण सिंह के घर होते हुए औरंगा नदी तक पथ निर्माण कार्य का गांव के बैगा, ग्राम प्रधान द्वारा पूजा अर्चना किया गया। इसके उपरांत पंडित के वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पूजा अर्चना किया गया।भूमिपूजन के उपरांत विधायक श्री सिंह, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज समेत अन्य अतिथियों द्वारा नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा प्राथमिकता के आधार पर सभी कच्ची सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा इस सड़क के निर्माण होने से गांव की लोगों को बहू प्रशिक्षित मांगे पूरी होगी। अब यहां के लोग अब सीधे मनिका एनएच से जुड़ जायेंगे। विधायक ने कहा किजल्द ही बरवाडीह लंका सड़क, मंडल रोड समेत अन्य सड़कों का निर्माण होगा।

## कोल्हान की खबरें

# बॉयलर फटने से एक की मौत, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र 7 फेज में ताला इंटरप्राइजेज कंपनी का बॉयलर ब्लास्ट होने से भाटिया बस्ती निवासी कम्पनी के मालिक मदन प्रसाद का निधन हो गया। वही उनके पुत्र शुभम प्रसाद आग की लपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब 7 बजे की घटना है। अचानक कंपनी में आगजनी से अचानक बॉयलर ब्लास्ट हो गया। जिससे कंपनी के मालिक मदन प्रसाद और पुत्र सुभम प्रसाद आग के चपेट में आगये। उधर घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर पुलिस व अग्निसामन विभाग मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने शुभम प्रसाद गंभीर हालात में इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया। जहा घायल की इलाह चल रहा हैं। वही स्थानीय लोगों के सहयोग एवं अग्नि शमन की टीम ने कड़ी मसकत करके आग पर काबू पाया। आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कंपनी दो माह पूर्व शुरू हुआ था। कंपनी में सीमेंट के लिए प्लास्टिक का बोरे को गलाकर रॉ मैटीरियल बनाया जाता था। छुट्टी के दिन पिता और पुत्र खुद ही काम पर लग गए थे। इस दौरान घटना घटी है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## पायरागुड़ी में 40 फीट का रावण दहन

**गालूडीह (आजाद सिपाही)।** बड़ाखुर्शी पंचायत के पायरागुड़ी में रविवार शाम रावण दहन देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। शाम करीब सात बजे रावण को आग के हवाले कर दिया गया। इसके बाद तेज गर्जना के साथ रावण का पुतला धू-धूकर जल उठा। कार्यक्रम में विधायक सह जल संसाधन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शामिल नहीं हुए। कमेटी के निधुवन साहू ने बताया कि आयोजन पर करीब 80 हजार रुपये का खर्च किया गया है। रावण पुतले को बनाने में मंगल कर्मकार और विजय मदीना ने अहम भूमिका निभायी है। आतिशबाजी मुख्य आकर्षण का केंद्र होता है।

# 25 करोड़ की लागत वाली 20 योजनाओं का शिलान्यास

**ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व विधायक के प्रति जताया आभार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र मे ग्रामीण जनता की मांग को पूरा करने के लिए झामुमो विधायक संजीव सरदार का पहल सरानीय रहा है।बीते लगभग पांच साल से विधायक ने ग्रामीणों की छोटी बड़ी सभी समस्याओं को लेकर काफी चिंतित रहते है। रविवार को मां दुर्गा के विसर्जन के दिन विधायक संजीव सरदार ने पोटका प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र में ग्रामीणों की मांग पर लगभग 25 करोड़ की लागत से 20 योजना का शिलान्यास किया। विधायक के द्वारा शिलान्यास किये गए योजनाओं में सड़क निर्माण, सड़क मरम्मत, शमशान शेड निर्माण, जाहेर स्थान घेराबंदी सहित अन्य कई योजना शामिल है। उधर कई वर्सों बाद रशुन चोपा पंचायत के सारसे गांव में सड़क का शिलान्यास होने पर गांव के रहने वाले ग्रामीण हिमांशु सरदार ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा गांव में जर्जर सड़क से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन आज विधायक ने ग्रामीण जनता की दर्द को नजदीक से देखा और सड़क निर्माण की कार्य को शुरू कराया। इसके लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व पोटका विधायक संजीव सरदार को तहे दिल से धन्यवाद देते है। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा पांच साल के कार्यकाल में पोटका विधान सभा क्षेत्र को हर स्तर में मजबूत बनाना ही मेरा सोच रहा है। ताकि जनता की सभी छोटी बड़ी समस्या का समाधान हो सके। श्री सरदार ने कहा हेमंत सरकार में पोटका की जनता द्वारा विधायक चुने जाने के बाद से ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया गया। मौके पर श्री सरदार ने ग्रामीणों से कहा आगामी 2024 के विधान सभा चुनाव काफी नजदीक है। सभी ग्रामीण मजबूती के साथ झामुमो के समर्थन में एकजुट रहे। ताकि फिर से झारखण्ड में महागठबंधन की सरकार बने और पोटका विधान सभा में विकास का कार्य और तेजी से हो सके।

# जुगसलाई विधायक ने पूजा पंडालों का किया भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** दुगार्पूजा के अवसर पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बोड़ाम पटमदा के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा पंडालों का भ्रमण किया। मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने मत्था टेक कर जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र में रहने वाले जनता के लिए सुख शांति,समृद्धि व खुशहाली की कामना की। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया दौरे के दौरान विधायक ने बोड़ाम के पोखोरिया, बाघरा, दिगारडीह, चिरुडीह मोड़ व भुला मोड़ सहित पटमदा के बेलटांड़ में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा में शामिल हुए। कमेटी के सदस्यों से मिलकर खुशी जाहिर की। विधायक ने कहा श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा के द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कर शांतिपूर्ण पूजा संचालन किया जाना सरानीय पहल है। इसके लिए आयोजक कमेटी को धन्यवाद देते है। उन्होंने कहा क्षेत्र की महिला श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना करने में काफी सहूलियत हो रही। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप, विजय मंडल, जगदीश प्रसाद मंडल, मिहिर कुमार प्रमाणिक, कल्याण कुमार गोराई, माणिक हालदार, आदित्य हालदार समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# मॉल के लिफ्ट में फंसा सिक्योरिटी गार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** घाटशिला मुख्य सड़क स्थित रंकिणी अपार्टमेंट में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड प्रताप सिंह की प्रशासन और पत्रकारों की सक्रियता से रविवार को जान बच गयी। मऊभंडार निवासी सिक्योरिटी गार्ड प्रताप सिंह रविवार की शाम पांच बजे कुछ काम को लेकर लिफ्ट में गए तो अचानक बिजली की आपूर्ति बंद हो गयी। नतीजतन प्रताप लिफ्ट में ही फंस गये। मालूम पड़ा कि विजयादशमी के कारण बिजली विभाग ने बिजली काटी है जो देर रात विसर्जन के बाद ही बहाल होगी। ऐसे में अपार्टमेंट में मौजूद जेनरेटर को चालू करने की कोशिश हुई तो मालूम हुआ कि जेनरेटर भी लंबे समय से खराब है। स्थानीय लोगों ने अपार्टमेंट के मालिक विनय अग्रवाल से सम्पर्क साध लिफ्ट में फंसे सिक्योरिटी गार्ड को निकालने के लिए पहल करने को कहा तो उन्होंने भी बाहर होने की बात कह कर सहयोग करने में असमर्थता जता दिया। लिफ्ट में फंसे सिक्योरिटी गार्ड प्रताप सिंह स्वयं को बचाने की गुहार लगाता रहा, लेकिन कही से कोई मदद मिलता नहीं दिख रहा था। स्थिति यह हो गयी कि बिना बिजली बहाल हुए प्रताप को लिफ्ट से बाहर निकाला असंभव था। बिजली भी देर रात बहाल होनी थी। जाहिर सी बात थी कि इतने देर में सिक्योरिटी गार्ड प्रताप की दम घुटने से मौत हो सकती थी।

## शिक्षक दंपति से सोने के गहने की लूट

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मानगो पारडीह ऊपर बस्ती के रहने वाले शिक्षक ब्रजेश नारायण प्रसाद अपनी पत्नी नीरा नारायण प्रसाद के साथ रविवार सुबह स्कूटी से मानगो पारडीह से साकची जा रहे थे। एमजीएम हॉस्पिटल के बाद वाले गोलचक्कर के समीप सीबीजेड गाड़ी से सामने आकर दो लड़के खड़े हो गये ब्रजेश प्रसाद बगल से निकलकर शीतला मंदिर की ओर आगे बढ़ने लगे। लेकिन कुछ ही दूर जाने के बाद अचानक पीछे से आकर दोनों लड़के, जिनमें से एक हेलमेट पहना हुआ था, उनकी पत्नी नीरा प्रसाद के गले से सोने की चैन और सोने की जिउतिया छीनकर भाग गये। छिनतई की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता विकास सिंह ब्रजेश नारायण प्रसाद के घर जाकर मामले की जानकारी ली। ब्रजेश नारायण प्रसाद ने भाजपा नेता विकास सिंह को बताया कि छिनतई के बाद अपराधी शीतला मंदिर होते हुए नया नागरमल दुकान के रास्ते से पुराना जेल के समीप होते हुए पुराने कोर्ट के पास पहुंचे उसके बाद मरीन ड्राइव पकड़ कर फरार हो गये। ब्रजेश नारायण प्रसाद ने बताया कि उन्होंने अपराधियों का करीब पांच किलोमीटर तक पीछा किया और इस दौरान उनकी पत्नी बार-बार पुलिस के द्वारा उपलब्ध कराये गये 100 नंबर पर फोन करती रहीं। उनको लग रहा था कि 100 नंबर पर फोन लग जाए तो अपराधी आसानी से पकड़ा जायेंगे, लेकिन फोन उठाना तो दूर 100 नंबर में फोन लगा तक नहीं।

# जलाया गया बुराई का प्रतीक रावण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व जिले में हर्षोल्लास संपन्न हो गया। स्थानीय परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में सप्तरंगी आतिशबाजी के साथ रावण दहन समारोह मनाया गया।

समारोह में हजारों की भीड़ के बीच बुराई के प्रतीक के रूप में रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के विशालकाय पुतले को अग्नि के हवाले कर दिया गया। पुतला आग लगने के बाद धू-धू कर जला उठा। रावण दहन के पूर्व स्टेडियम परिसर आतिशबाजी और पटाखों के धमाकों से गुंजता रहा। आकर्षक सप्तरंगी आतिशबाजी से माहौल खुशनुमा हो गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, एसपी शंभू कुमार सिंह, एसडीओ राजीव नीरज ने रावण के पुतले का दहन किया। रावण दहन में काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी थी। इससे पूर्व कई पूजा पंडालों की प्रतिमाएं शहर भ्रमण करते हुए अलबर्ट एक्का स्टेडियम पहुंची। मां की प्रतिमा स्टेडियम पहुंचने के बाद विशालकाय पुतलों का दहन किया गया। पुतले में आग लगते ही कई जोरदार धमाके हुए।


दशहरा मेले में मौजुद मुख्य अतिथि उपायुक्त और एसपी।

### सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

रावण दहन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी थी। शहर की विद्युत व्यव्यस्था के काटने के बावजूद स्टेडियम में रौशनी की व्यवस्था की गयी थी। सादे लिबासों में पुलिस के सिपाही घूम रहे थे।

### इन स्थानों में जलाया गया रावण

गुमला में अलबर्ट एक्का स्टेडियम के अलावे करौंदी रथ बगीचा, गुमला प्रखंड के मुरकुंडा, डुमरडीह व अन्य स्थानों पर बुराई पर अच्छाई के जीत के रूप में रावण के पुतले का दहन किया गया। इसके अलावे जिले के जारी, डुमरी, चैनपुर, रायडीह, विशुनपुर, घाघरा, सिसई, भरनो, पालकोट, बसिया, कामडारा में भी रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रावण दहन के दौरान सभी स्थानों पर मेला का आयोजन किया गया।

## विभिन्न पूजा समितियों ने किया रावण दहन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के विभिन्न पूजा समिति के द्वारा विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन किया गया। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति देवाकी, आदर व थाना चौक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा रावण दहन किया गया। देवकी दुर्गा पूजा समिति के रावण दहन के मुख्य अतिथि थानेदार तरुण कुमार ने फीता काट कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राम, लक्ष्मण सीता व बजरंगबली का वेश धारण कर आये युवकों के द्वारा तीर मार कर रावण दहन किया गया। थानेदार तरुण कुमार ने असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक है दशहरा पर्व। हमेशा एक दूसरे के साथ मिलकर रहने की जरूरत है। इस मौके पर मुख्य रूप से थानेदार तरुण कुमार, मुखिया फुलमनी देवी, अध्यक्ष दिनेश सिंह रामनंदन साहू, प्रदीप प्रसाद, प्रसाद साहू, नारायण साहु सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।



## बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है दुर्गा पूजा : बसंती डूंगडुंग



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में दुर्गा पूजा का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। दुर्गा पूजा के नवमी के दिन लौंगा दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित नागपुरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अथिति पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग, एसडीओ जयवंती देवगम, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ नरेश कुमार मुंडा,कॉग्रेस नेता रोशन बरवा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। लौंगा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को डॉ दिनेश उरांव, जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग और रोशन बरवा द्वारा संबोधित भी किया गया। वहीं दशमी को कोनबीर नीचे चौक खुदी चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि बसंती डूंगडुंग द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया बसंती डूंगडुंग ने मौके पर कहा कि दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत और अज्ञान पर ज्ञान की जीत का प्रतीक है। यह त्योहार हम सबको आपसी भाईचारे की सिख देती है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में कोनबीर मुखिया अमृता देवी, अरुण मिश्रा, ओमप्रकाश साहू, सोनू पांडेय, जगदंबा साहू, शैलेश साहू, कृष्णा कुशवाहा, मृत्युंजय नाग, मनोहर महंती, समेत अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। दशमी को बनई दुगार्पूजा समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को बनई मुखिया एमलेन कुल्लू द्वारा फीता काटकर उदघाटन किया गया। बसिया और कोनबीर दुर्गा पूजा समिति द्वारा दशमी रविवार को रावण दहन का कार्यक्रम पूरे आतिशबाजी के बीच सम्पन किया गया। बसिया दुर्गा पूजा समिति द्वारा रविवार को ही मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम भी किया गया।

## धूमधाम से मनी दुर्गा पूजा और दशहरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर में दुर्गा पूजा और दशहरा का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दुर्गा मंदिर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे मुन्हे बच्चो ने भाग लेकर त्योहार का आनंद लिया। दुर्गा पूजा के पहले दिन से ही क्षेत्र में मां दुर्गा की आराधना शुरू हो गयी थी। लोगों ने 9 दिनों तक मां की पूजा-अर्चना की और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान चैनपुर के मां दुर्गा की भव्य मूर्तियां स्थापित की गयी, जिन्हें देखने के लिए लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचे। नवमी की रात को मंदिर में रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में लोगों ने रात भर झूमा और मनोरंजन किया। आर्केस्ट्रा प्रोग्राम में विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर लोगों ने तालियां बजायी। दशहरा के अवसर पर रावण दहन का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। रावण दहन के बाद लोगों ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी। इस अवसर पर लोगों ने अपने परिवार और मित्रों के साथ खुशियों का इजहार किया और त्योहार का आनंद लिया।



## बड़ा तालाब में हुआ दुर्गा मां की प्रतिमा का विसर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** टोटो में आंजनधाम रोड स्थित बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति व अनामिका दुर्गा पूजा समिति सहित खरका, कोटाम, पतगछा समिति द्वारा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया।

दुर्गोत्सव 10 दिनों तक चला। इस दौरान प्रत्येक दिन संध्या आरती में लोग शामिल हुए। अनामिका पूजा समिति में बंगाली पद्धति से बालिकाएं आरती की।

माता की आकर्षक डोली को सजाकर बेलबरन पूजा की गयी। सप्तमी को माता के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। 3 दिनों तक पंडालों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। अष्टमी पूजन अहले सुबह होने के बावजूद दूर दराज से भक्त पूजा पंडाल पहुंचे। इस दौरान माता के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए लंबी कतार लग गयी।

बड़ा दुर्गा मंदिर में डांडिया और गरबा का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों युवक युवतियां महिला शामिल हुए। रंगबिरंगे पोशाक व स्टिक से गोलाकार गरबा नृत्य किया गया। स्थानीय बच्चों ने सुंदर नृत्य और भक्ति गीत प्रस्तुत कर समां बांधा।

वहीं शनिवार को विजयादशमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा सह जुलूस निकाला गया। जो पूजा पंडाल से शुरू होकर रौनियार मुहल्ला होते हुए मेन रोड, संतोष नगर, बसुआ रोड, देविया गोसाईं, साईं नगर, रविदास मुहल्ला, देवरस नगर तक गयी। सुहागिनों के द्वारा सिंदूर होली खेला गया। इस दौरान दुर्गा माता की जय जय कार, जय भवानी के जयकारे से गूंज उठा। नम आंखों से बड़ा तालाब में दुर्गा माता के प्रतिमा का विर्सजन किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में माता के भक्त मौजूद थे। टोटो, खरका, कोटाम,पतगच्छा सहित कई जगहों में दंडाधिकारी व पुलिस बल तैनात थे।



## हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा संपन्न



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों पर दुर्गा पूजा काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार प्रखंड क्षेत्र के तीन स्थानों पर क्रमशः कामडारा, बकसपुर और पोकलागेट मे मां दूर्गा की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। वहीं उक्त तीनो स्थानो पर विधिवत तरीके से पुरोहितों के दुर्गा पूजा संपन्न कराया गया। वहीं दुर्गा पूजा को लेकर बड़े बुजुर्ग, महिला-पुरुष,युवक-युवतियों और बच्चों मे काफी उत्साह देखा गया। वहीं विधि व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने मे स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। इधर कामडारा व पोकलागेट के पूजा समिति के लोगों ने सोमवार को मां दूर्गा की प्रतिमा को विसर्जन करने का निर्णय लिया है।

## रावण दहन के साथ दुर्गा पूजा का समापन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक रावण दहन के साथ दशहरा-दुर्गा पुजा का समापन हुआ। विजयादशमी के अवसर पर शनिवार को ब्लॉक मैदान में रावण दहन, ड़ाडहा में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम और रविवार को भदौली कुदरा दुर्गा पूजा समिति, थाना रोड दुर्गा पूजा समिति सहित क्षेत्र के अन्य जगहों में माता की प्रतिमा का विसर्जन व नगर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागृति युवा क्लब रावण दहन समिति द्वारा 50 फीट का आकर्षण रावण का पुतला दहन और भव्य आतिशबाजी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। रावण दहन के दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, बीडीओ रमेश कुमार यादव, थानेदार संदीप कुमार यादव, रावण दहन समिति अध्यक्ष गौतम ताम्रकार,सचिव सह कोषाध्यक्ष रोहित शर्मा, उपाध्यक्ष वसंत जायसवाल, अश्विनी पंडित, भदौली कुदरा पुजा समिति अध्यक्ष विक्रांत सिंह, थाना रोड पुजा समिति अध्यक्ष सुबोध कुमार, पितांबर झा सहित हजारों की संख्या में लोगों ने आकर्षक आतिशबाजी और रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए।

## महिला-पुरुष समानता लाने के लिए पंडालों में पोस्टर से किया जागरूक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के द्वारा समाज में महिला-पुरुष समानता लाने के उद्देश्य से बसिया प्रखंड के दुर्गा पूजा पंडालों में दुर्गा पूजा के अवसर पर किशोरों द्वारा पोस्टर के माध्यम से श्रद्धालुओ एवं आम जन को जागरूक किया गया। जिसके तहत पूजा पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन करने हेतु आये किशोर किशोरी महिला पुरुष को बैनर पोस्टर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि समाज में व्याप्त लिंग असमानता को कैसे कम किया जा सके। इस असमानता के कारण किशोरियों और महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका नही मिलता है। महिला पुरुष में जो असमानता है यह समाज के द्वारा बनाया गया है एवं इस असमानता के कारण लड़कियों को आगे आने का मौका नही मिल पाता है ये अपने सपनो को पूरा नही कर पाती है। अतः हम सभी को मिलकर इस असमानता को दूर करना होगा। इसमें लड़कों एवं पुरुषों की भूमिका अहम है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज की टीम एवं गांव के किशोर चैम्पियंस एवं पियर एडूकेटर का सक्रिय योगदान रहा।

## गुमशुदा बच्चे को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले किया



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरियाली ढ़ाबा टुरुण्डू के पास शनिवार को भटक रहे एक गुमशुदा बालक को ग्रामीणो ने कामडारा पुलिस के हवाले किया। उक्त बालक ने अपना नाम यश लकड़ा बता रहा है। उसके पिता का नाम स्व:पंचम लकड़ा है। अपने घर का पता कटहल कोचा (रांची) बता रहा है। उक्त बच्चा ने ग्रामीणों को बताया कि वह अपने नानी घर सिसई आया हुआ था। वह अपने मामा का नाम भी नहीं बता पा रहा है। वह बच्चा दो दिन पहले एक बस मे सवार होकर कामडारा पहुंच गया। इसके बाद वह इधर उधर भटकते हुए हरियाली ढ़ाबा टुरुण्डू की ओर पहुंच गया। जिसे देख गांव टुरुण्डू के ग्रामीणो ने सुरक्षा की दृष्टि से रातभर अपने पास रखा। इसके बाद रविवार को गांव के चौकीदार के माध्यम से कामडारा पुलिस के हवाले कर दी।

## घाघरा में दशहरा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा दशहरा के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी तरुण कुमार, जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी, भाजपा नेता अशोक उरांव, पूर्व उपप्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। वही कलाकारों द्वारा भक्ति हिंदी भोजपुरी नागपुरी जैसे कई गीतों पर नृत्य गीत प्रस्तुत किये गये। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता है आप सभी श्रोता शांतिपूर्ण अनुशासन में रहकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाएं। माता रानी का आप सभी पर आशीष बना रहे। वही अन्य अतिथियों ने भी संबोधन करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में कार्यक्रम का लुफ्त उठाने की बात कही। इसके पूर्व अतिथियों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में समिति के कई सदस्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बेहरा टोली के पास दो बाइकों की टक्कर में छह लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित बेहरा टोली के समीप रविवार दिन के 2:00 बजे दो बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना में एक बाइक में सवार झर गांव टोटो निवासी संजीत टोप्पो, सरजाना घाघरा निवासी चंदेश्वर उरांव और असनी निवासी सुदर्शन पन्ना घायल हो गए। ये तीनों एक बाइक में सवार होकर चंदाली से कार्तिक उरांव कॉलेज के पीछे डीपा टोली जा रहे थे। जैसे ही कार्तिक उरांव कॉलेज से पहले डीपा टोली की ओर मुड़े अचानक सामने से बाइक सवार ने सीधी टक्कर मार दी। घटना में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार भंडरिया डांड टोली निवासी प्रिंस उरांव बेहरा टोली निवासी प्रदीप तिर्की व एक अन्य युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी। घटना की सूचना गुमला थाना को दी गयी। तब तक स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को ऑटो से सदर अस्पताल भेजा। जहां सभी का इलाज किया गया। इलाज के उपरांत सजीत टोप्पो प्रिंस उरांव और प्रदीप तिर्की की गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों को डॉक्टर ने रिम्स रांची रेफर कर दिया।

## मजदूरी नहीं मिलने के विरोध में पेट में गमछा लपेट कर किया खनन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** आदित्य बिरला समूह की बॉक्साइट खनन कंपनी हिंडाल्को के द्वारा भैंस बथान बॉक्साइट माइंस में कार्यरत मजदूरों का त्यौहार के अवसर पर भी मजदूरी का भुगतान नहीं किये जाने के विरोध में खनन मजदूरों ने पेट में गमछा लपेटकर खनन का कार्य किया। इस संबंध में झारखंड जेनरल कामगार यूनियन मजदूर नेता जिला अध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि श्रम कानून के अनुसार महीने की पहली तारीख से 10 तारीख तक मजदूरों को मजदूरी का भुगतान कर दिया जाना चाहिए। लेकिन खनन कंपनी के तानाशाही पूर्ण रवैया के कारण मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि बोनस का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। वेतन नही मिलने पर पेट की भूख दिखाने को लेकर विरोध में खनन का कार्य पेट में गमछा लपेटकर किया गया है।

## चेन की छिनतई करते दो महिला पकड़ायी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट रोड स्थित शक्ति संघ में सोने की चेन की छिनतई करती दो महिलाओं को शुक्रवार की रात 10 बजे लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। वहीं दो महिलाएं घटनास्थल से भीड़ का फायदा उठाते हुए फरार हो गयी। इसके बाद गुमला थाना के पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिला को पूछताछ के लिए थाना ले गयी। महिलाओं के पास से सोने की चेन बरामद हुई जिसे महिला को सौंप दिया गया। वही दो फरार महिला के बारे में पुलिस जानकारी जुटाने में लगी हुई है। जानकारी के मुताबिक सभी महिलाएं जशपुर के लोदाम की रहने वाली है इन महिलाओं का समूह है और ये लोग बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाके में चोरी और छिनतई की घटना को अंजाम देती है। हाल के दिनों में रायडीह प्रखंड क्षेत्र के एक बाजार और गुमला बाजार में भी सोने की चेन की छिनतई हुई थी। वही चैन छिनतई मामले में दोनों महिलाओं का फोटो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

# गुमला जिले में बनेगी 11 नयी सड़कें

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के सैंकड़ों गांवों के ग्रामीणों को ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड सरकार तथा जिला प्रशासन की ओर से 11 सड़कों का तोहफा मिला है। अब हजारों ग्रामीणों को उनके गांवों तक अच्छी और पक्की सड़कें मिलेंगीं। ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित ग्रामों अंतर्गत नागरिकों की सुविधा के लिए सड़क मार्ग को बेहतर एवं कनेक्टिविटी की सुविधा को दुरुस्त करने के उद्देश्य से पिछले 1 वर्षों से दर्जनों भर नई सड़क निर्माण के कार्य हेतु लगातार विभिन योजनाओं से स्वीकृति प्राप्त होने की प्रक्रिया प्रारंभ है, कई सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ भी कर दिये गये हैं एवं कई क्षेत्रों में कार्य पूर्ण भी हो चुके हैं। इसी कड़ी में जिले वासियों के लिए एक और अच्छी खबर है कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अवस्थित ग्रामों अंतर्गत 11 नये सड़क निर्माण के लिए भेजे गए प्रस्तावों पर पीएम-जनमन एमपॉवर्ड कमेटी द्वारा अनुमोदित दिया गया है, प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इसके पूर्व भी 23 सड़कों के निर्माण हेतु अनुमोदन प्राप्त हुए थे जिनमे से अधिकांश पर निर्माण कार्य प्रारंभ भी ही चुका है।

बताते चले कि अनुमोदन प्राप्त सड़कों में बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत हेल्ता से बलातु पथ तक 5.45 किलो मीटर के सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त है, वहीं टूटुवा कुजाम से रामझरिया तक कुल 6.02 किलो मीटर एवं सेरका पंचायत से जालिम वाया हारूप ग्राम तक 9.11 किलो मीटर एवं कुजाम से छोटोंगपथ तक 3.712 किलो मीटर के सड़क निर्माण के लिए अनुमोदन प्राप्त हुआ है।

इसी क्रम में चैनपुर प्रखंड अंतर्गत गुंगरुपाट से चकडीपा तक 2.068 किलो मीटर, लुपुंगपाट से बीजापाठ तक 5.534 किलो मीटर एवं चमनरावा गुरदरी से बगलाटा तक कुल 3.2 किलो मीटर तक के सड़क निर्माण किये जायेंगे।

डुमरी अंतर्गत भी 3 नये सड़क निर्माण किये जायेंगे जिसमें दीना महुआ टोली से बेल्टोली तक 3.4 किलो मीटर, कांदापाट से टोपेटोली तक 2.55 किलो मीटर, तथा कांदापाट से दुलुसरना तक 1.68 किलो मीटर के लिए सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त है इसके अलावा घाघरा प्रखंड अंतर्गत दिर्गाओं से सनातनगढ़ तक कुल 4.975 किलो मीटर तक की सड़क निर्माण हेतु अनुमोदन मिला है।

उक्त सभी ग्रामों के अलावा अन्य ग्रामों में भी सड़क निर्माण हेतु प्रक्रिया अगले चरण में किए जायेंगे। ज्ञात हो कि उक्त सभी सड़क के निर्माण हो जाने से विशेषकर विभिन्न पीवीटीजी ग्रामों के नागरिकों को जो अत्यधिक सुदूरवर्ती एवं पाट क्षेत्र में रहते हैं को आवागमन हेतु एक बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

## झायुमो जिला उपाध्यक्ष ने झारखंड इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल्स का किया उद्घाटन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के थाना रोड में शहीद लोहरा उरांव स्टेचू के सामने झारखंड इलेक्ट्रॉनिक एंड इलेक्ट्रिकल का झामुमो युवा मोर्चा के गुमला जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद उमर फारूक अंसारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर सदर सलमान अली मुफ्ती राशिद, मुफ्ती हारिश, हाफिज आरिफ, अरशद, आफताब, जुमाउद्दीन, सहुद, जुल्फान, गुलफाम, असजद, कासिम, अफरोज, मसूद, नाइब, अबुजैद इत्यादि सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि व्यापार जीविकोपार्जन का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब कोई युवा अपने रोजगार के लिए व्यापार को चुनता है तो वह अपना स्वामी स्वम होता है और ऐसे युवाओं के सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। फारूक अंसारी ने आगे बताया कि इस क्षेत्र के लोगों को इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल सामान के लिए गुमला या रांची का रुख करना पड़ता था। लेकिन अब यहां उन्हें होलसेल दामों में प्रखंड स्तर पर ही ये उपलब्ध हो जायेगा। इससे क्षेत्र की जनता को काफी सुविधा होगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक घायल

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोकलागेट रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रेन से धक्का लगने के कारण रौशन सुरीन उम्र 24 वर्ष (गांव कुरकुरा निवासी) नामक युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया है। यह घटना आज रविवार की अहले सुबह लगभग तीन बजे के आसपास की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त घायल युवक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के गांव कुरकुरा निवासी है।

## हर रिश्ते में हम राम खोजते हैं: अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री चंद्रशेखर आजाद क्लब के द्वारा रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने श्रीराम के महत्व को बताते हुए कहा कि एक मां अपना पुत्र राम की तरह चाहती है, एक भाई अपना भाई राम की तरह चाहते हैं, एक पत्नी अपना पति राम की तरह चाहती है। मतलब राम ही संपूर्ण है जिसे हर मां, बाप, भाई, बहन अपनों में देखना चाहते। प्रथम महापौर ने इस वर्ष पूर्व से अधिक 10 हजार से ऊपर भीड़ को देखते हुए कहा कि अब हमारा शहर भी सनातनियों का शहर हो रहा है जहां घर-घर से इस उत्सव को मनाने लोग इस ऐतिहासिक मैदान में एकत्रित हुए हैं। मैं सबों को दिलों से बधाई देती हूं। विशिष्ट अतिथि के रूप में आए भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि 2024 हम हिंदुओं के लिए स्वर्णिम काल है जहां रामलाल को हमारे प्रधानमंत्री ने टेंट से लाकर मंदिर में विराजमान किया और हम फक्र से अब दर्शन कर पा रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि हमारा देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है जो बिना हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के बिना असंभव है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सबों ने शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम को संपन्न कर पा रहे हैं जिसके लिए मैं मेदिनीनगर की जनता को धन्यवाद देता हूं। सभी लोगों ने कार्यक्रम के आयोजन चंद्रशेखर आजाद क्लब के अध्यक्ष झूलन जी, सोमनाथ जी और सभी साथियों को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य एवं चेंबर की महिला विंग की अच्छी भागीदारी देखी गयी जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम होता आ रहा है।

## शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा संपन्न



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में विधिवत रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। भक्तों ने पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। सभी पूजा समितियों और स्थानीय प्रशासन की तत्परता और सजगता के कारण कार्यक्रम शांति और व्यवस्था के साथ संपन्न हो पाया। पूजा स्थलों पर सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ-साथ समितियों के सदस्यों ने भी सुरक्षा और व्यवस्था बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। पूजा संपन्न होने के बाद अब मूर्तियों के विसर्जन की तैयारी की जा रही है, जो सोमवार को विधिवत तरीके से सम्पन्न किया जायेगा। इस अवसर पर स्थानीय लोगों और भक्तों ने पूजा समितियों और प्रशासन को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। सभी ने शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण माहौल में पूजा का आनंद लिया।

## नवमी को ब्रह्मदेव प्रसाद ने किया गांवों का दौरा, लिया आशीर्वाद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने शुक्रवार को पांडू प्रखंड के विभिन्न गांवों में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर ब्रह्मदेव प्रसाद ने कन्याओं की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों ने उनका माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि आज नवरात्रि का महापर्व समाप्त हो रहा है और एक महीने बाद लोकतंत्र का महापर्व चुनाव होने जा रहा है। जिस प्रकार हम शक्ति की आराधना करते हैं, उसी तरह आपको भी उस व्यक्ति, विचारधारा और पार्टी का समर्थन करना चाहिए जो संविधान की पूजा करता है और उसकी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। ओबीसी एकता अधिकार मंच का उद्देश्य आपके और आपके बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। जनता की सेवा के प्रति हमारा संघर्ष निरंतर और निस्वार्थ है, जिसमें आपका सहयोग महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और ब्रह्मदेव प्रसाद के विचारों का समर्थन किया।

# जिनेवा में आइपीयू का 149वां सम्मेलन शुरू, सांसद वीडी राम हो रहे शामिल

## अब तक छह बार कर चुके हैं देश का प्रतिनिधित्व

**लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल गया जिनेवा, 13 से 17 अक्टूबर तक होगी बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता एवं पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के लिए बड़े ही गर्व तथा हर्ष की बात है कि उन्हें पुनः 18वीं लोकसभा में पलामू एवं गढ़वा का नाम विदेशों में रौशन करने हेतु लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा नामित किया गया है। राम ने बताया कि लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला जी के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से अंतर-संसदीय संघ (आइपीयू) के 149वें अधिवेशन में भाग लेने के लिए जिनेवा स्वीटजरलैंड में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल मंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश जी एवं मेरे साथ सांसद लोकसभा भर्तहरी महताब, अनुराग सिंह ठाकुर, अपराजिता सारंगी, राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा, राजीव शुक्ला, ममता मोहंता एवं डॉ सस्मिता पात्रा और लोकसभा सचिवालय के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे चुके हैं। उक्त अधिवेशन दिनांक 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2024 तक आयोजित है। अंतर-संसदीय संघ (आइपीयू) संप्रभु देशों की सांसदों का अंतरराष्ट्रीय संगठन है। आईपीयू की स्थापना वर्ष 1889 में की गयी थी, जिसका उद्देश्य विश्वव्यापी संसदीय परिचर्चा के लिए तथा लोगों के बीच शांति सहयोग और प्रतिनिधिक लोकतंत्र की ठोस स्थापना के लिए कार्य करना है। आईपीयू के लगभग 180 देशों के संसद सदस्य हैं, जो भिन्न-भिन्न विचारधाराओं, आर्थिक और सामाजिक पद्धतियों का प्रतिनिधित्व करते है। आइपीयू उन क्षेत्रीय अंतर संसदीय संगठनों तथा अंतरराष्ट्रीय अंतर सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से भी कार्य करता है, जो सामान विचारधाराओं द्वारा अभी प्रेरित है। आइपीयू की मीटिंग वर्ष में दो बार मार्च-अप्रैल एवं अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित की जाती है, जिनमें वर्तमान अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाती है। विदित है कि इसके पूर्व में भी पलामू सांसद ने 142वें, 143वें 144वें, 145वें 146वें एवं 147वें अधिवेशन के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें नामित किया गया था। राम ने बताया कि वर्ष 2021 अप्रैल माह में कोविड-19 के कारण 142वें अधिवेशन में वर्चुअल मीटिंग हुई थी जिसमें वर्चुअली रूप से भाग लिया था। नवंबर 2021 में स्पेन में 143वें अधिवेशन, इंडोनेशिया में 144वें अधिवेशन, रवांडा अफ्रीका में 145वें अधिवेशन, मनामा बहरीन में 146वें अधिवेशन एवं लुआंडा में 147वें अधिवेशन के लिए भी नामित किया गया था, जिसमें वे भाग ले चुके हैं। सांसद ने यह अवसर प्रदान करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा संपन्न, विश्रामपुर में सम्मान समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिश्रामपुर/पलामू।** बिश्रामपुर नगर परिषद और आंचलिक क्षेत्र में प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। डंडिला खुर्द सहित रेहला क्षेत्र की ज्यादातर पंडालों का प्रतिमा 12 अक्तूबर दसवीं को ही रेहला कोयल नदी में विसर्जित किया गया। वहीं बिश्रामपुर नप मुख्यालय में वर्षो से चली आ रही राज परंपरा के अनुसार 13 अक्तूबर एकाद्सा को प्रतिमा विसर्जित किया गया। दशहरा के दिन कई पूजा कमेटियों ने गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। बिश्रामपुर गढ़ मोहल्ला सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय और संचालन युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया।

समारोह में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे, संत पॉल कान्वेंट स्कूल के निदेशक एस एम एस्ले, पार्षद पूनम देवी, सुनील कुमार चौधरी, शमशेर आलम, श्याम चंद्रवंशी, इदरीश हवारी, यदुनी राम, हरी शंकर सिंह, इसरार अंसारी सहित कई गणमान्य लोगों, स्थानीय पत्रकारों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा आदर्श कला केंद्र कमेटी ने भी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। 003

## छतरपुर में रावण दहन कार्यक्रम संपन्न

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। छतरपुर प्रखंड में शनिवार को बिरसा मुंडा समिति, मसिहानी द्वारा हाई स्कूल मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष रितेश चंद्रा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में समिति के सचिव, कोषाध्यक्ष और अन्य महत्वपूर्ण सदस्यों के साथ बड़ीसंख्या में लोग उपस्थित रहे। अध्यक्ष रितेश चंद्रा ने दशहरे पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और अगले वर्ष इसे और भी भव्य तरीके से मनाने का संकल्प लिया।**

**कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के सचिव, कोषाध्यक्ष और अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।**

## सनातन और इस्लाम दोनों ही इंसानियत सिखाता है: मुमताज

**उन्होंने कहा कि अपने घर की मां को खुश रखना चाहिए। मां के आशीर्वाद का सम्मान करना चाहिए। नारी से ही सृष्टि है।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी विधानसभा पूर्व प्रत्यासी सह आजाद समाज पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज अहमद खान ने दुर्गा पूजा के अवसर पर पांकी विधानसभा के कई पूजा पंडाल मे भाग लिया। इस दौरान कमिटी के लोगो ने चुनरी और फूल माला पहनकर स्वागत किया। मुमताज खान ने शनिवार को विजयादशमी के मौके पर फूलवरिया चापी मे बजरंग दल अखाड़े द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मे बतौर मुख्यतिथि मौजूद थे। कहा कि अपने घर की मां को खुश रखना चाहिए। मां के आशीर्वाद का सम्मान करना चाहिए। नारी से ही सृष्टि है। हम सभी इसके उदाहरण हैं। कहा सनातन और इस्लाम दोनों ही इंसानियत सिखाती है। सेवा ही हमारा लक्ष्य है। गंगा जमुनी तहजीब का आदर्श कायम रखने के उद्देश्य से ही मुसलमान होने के बावजूद बजरंग अखाड़े में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कहा कि नफरत का इस संसार में कोई स्थान नहीं। मोहब्बत ही हमें एक साथ रहने की सीख देती है। भारतीय संस्कृति में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बड़ा ही महत्व रहा है। दुर्गा पूजा जैसे पुनित त्यौहारों में सभी लोगों की आस्था जुड़ी है। पुरोहितों के अनुसार पूजनोत्सव की तैयारियां होती है। नवरात्रि की हवन पूणार्हुति के उपरांत स्वेच्छाचारी होते हैं। मेले में ठेला, मिठाई और खिलौने की दुकान लगाने वाले भी त्यौहारों मे रोजगार के अवसर प्राप्त करते हैं। वैदिक मंत्रोच्चार और मां दुर्गा की आराधना से शक्ति प्राप्त होती है। नौ महीने गर्भ में रखकर सभी तरह के कष्ट के बाद मां हमें जन्म देती है। काफी पीड़ा झेलकर भी पालन पोषण करती है। मौके पर डंडारकला मुखिया प्रद्युम्न सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, इश्वरी यादव, बजरंग अखाड़ा अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, लछू यादव, दिनेश राम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शांति और हर्षोल्लास के साथ नवरात्रि संपन्न



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी दशहरा का पर्व बड़े ही धूम-धाम के साथ हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। नवाह परायण यज्ञ समिति महावीर भवन और युवा बाल संघ दुर्गा पूजा कमिटी स्टेशन रोड़ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रबुद्ध लोगों और प्रशासन को सम्मानित किया गया। शनिवार को शहर में स्थापित सभी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्वक और सामाजिक सौहार्द बनाये रखते हुए किया गया। विसर्जन यात्रा वाले मार्ग पर विधि व्यवस्था का जायजा लेने के लिए अनुमंडल पुलिस प्रशासन बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और पारा मिलिट्री फोर्स के जवान तैनात थे। दुर्गा पूजा के दौरान विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, भाजपा के नेता विनोद कुमार सिंह, बसपा नेता शेर अली आदि ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों के दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर माता का दर्शन कर क्षेत्र के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए हुसैनाबाद एसडीओ कृष्ण कांत कांवड़िया, अंचला अधिकारी पंकज कुमार , बीडीओ सुनील वर्मा, थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, अपने पदाधिकारियों के साथ सक्रिय रहे।

## कूकही गांव की नौटंकी टीम बनी विजेता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दशहरा के मौके पर बिहार के टंडवा थाना क्षेत्र के बेला में आयोजित झारखंड बिहार नौटंकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कई टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हैदरनगर प्रखंड के कुकही गांव के स्वर संगम नौटंकी टीम विजयी रहा। टीम में डायरेक्टर गोपाल शर्मा, कलाकार अजय ठाकुर, मनोज प्रसाद , दिनेश राम, उमेश राम, चंदन कुमार, रविंद्र कुमार, सुग्रीव राजवंशी, संतन सदानंद, सर्वण आदि ने मुख्य रूप से भाग लिया। विजेता टीम की उपलब्धि पर पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम, हैदरनगर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, भोजपुरी गायक डॉ सर्वण कुमार सिंह, गुप्तेश्वर राम, प्रेमतोष कुमार सिंह, हुसैनाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, शयाम लाल राम , बीरेंद्र सिंह, सूर्यदेव यादव, बिजेंद्र यादव , उदल राम, परमोद राम, मिथलेश मेहता आदि ने पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## शहीद कुंदन सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज पथरा और पतरा खुर्द के बीच

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अंतर्गत कुमीर्पुर पंचायत की ग्राम चौउआ चट्टान के मैदान में शहीद कुंदन कुमार सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 14 अक्तूबर सोमवार को होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष दीपू सिंह ने बताया कि फाइनल मैच में विधायक कमलेश कुमार सिंह को मुख्य अतिथि और भाजपा नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि मैच का शुभारंभ 11 सितंबर को किया गया था। उन्होंने बताया कि मैच की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार दोपहर 2 बजे से कंचनपुर चउवाचट्टान के मैदान में आयोजित है। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच का शुभारंभ विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा किया जायेगा।

## हुसैनाबाद के चार घरों में चोरी, लाखों की संपत्ति ले उड़े चोर



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शनिवार को दुर्गा पूजा की रात हुसैनाबाद के आइटीआइ के पीछे चार घरों से चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण समेत नगद की चोरी कर ली है। संजीत कुमार ने हुसैनाबाद थाना को दिए आवेदन में कहा है कि वह दशहरा के दिन घर में ताला बंद कर दुर्गा पूजा के लिए गांव खाप अपने पुस्तैनी घर गये थे। रात 10 बजे आकार निचे तल्ला में सो गये थे। उपर तल्ला में ताला देखा तो ठीक से लगा हुआ था। रविवार की भोर करीब 3 बजे बजे पड़ोसी राजेश ने फोन कर बताया कि उनके ऊपर के गेट का ताला टूटा हुआ है। उपरीतला पर गया तो पाया कि गेट का ताला टूटा है। घर में रखा गोदरेज अलमीरा और बक्सा का सामान इधर-उधर है। अलमीरा में रखा गया 40,000 नगद, मंगलसूत्र, सोने का चैन और अंगूठी करीब 70,000 रुपया का सामान चोरी हो गया है। मुहल्ला के राजकुमार पाल के घर से सोने का झुमका, सोने का मंगटीका, अंगूठी और चांदी के पायल समेत 18000 नगद पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। वहीं शशिकांत पासवान के घर से सोने का चैन, कान का झुमका, अंगूठी दुगार्जी का लॉकेट, चांदी का पायल, सोना का सामान करीब 150000 का समान चोरों ने उड़ा लिया। इसी मुहल्ले के सुमित कुमार के घर से सोने का जितिया, चांदी की बिछिया और नगद 13000 रुपया समेत कुल 22 हजार की संपत्ति की चोरी हुई है। भुक्तभोगियों के आवेदन पर हुसैनाबाद पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया और लोगों से पूछ ताछ के बाद छान बीन शुरू कर दी है। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि दुर्गा पूजा के अंतिम दिन सभी लोग पूजा पाठ और घूमने में व्यस्त रहे। इस बीच चोरों ने इसका फायदा उठाकर एक साथ कई घरों को निशाना बना लिया।

# स्पोर्ट्स



पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम ने श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर महेला जयवर्धने को आइपीएल 2025 से पहले नया हेड कोच बनाया है।

## आइपीएल 2025 ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस का बड़ा फैसला, रोहित शर्मा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**मुंबइ।** आइपीएल 2025 के ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस की टीम ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने हेड कोच की जिम्मेदारी रोहित शर्मा के चहेते को सौंपी है। उनकी कोचिंग में मुंबई इंडियंस की टीम तीन आईपीएल ट्रॉफी जीत चुकी है। आइपीएल 2025 ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस का बड़ा फैसला, रोहित शर्मा के खास को मिली बड़ी जिम्मेदारी आइपीएल 2025 ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस का बड़ा फैसला, रोहित शर्मा के खास को मिली बड़ी जिम्मेदारी। आइपीएल 2025 के ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस की टीम ने एक बड़ा फैसला लिया है। **रोहित शर्मा के साथ महेला जयवर्धने**

आइपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन का आयोजन किया जायेगा। ऑक्शन से पहले सभी टीमों के रिटेंशन लिस्ट का ऐलान करना है। इसी बीच मुंबई इंडियंस ने एक बड़ा फैसला लिया है। इसी बीच मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा के खास को टीम में एक बड़ी जिम्मेदारी दी है।

पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम ने श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर महेला जयवर्धने को आइपीएल 2025 से पहले नया हेड कोच बनाया है। महेला जयवर्धने साल 2017 से लेकर साल 2022 तक मुंबई इंडियंस के हेड कोच रह चुके हैं। उनके अंडर मुंबई इंडियंस ने तीन बार आइपीएल का खिताब भी अपने नाम किया है। जयवर्धने रोहित शर्मा के काफी करीब माने जाते हैं। जयवर्धने मार्क बाउचर की जगह लेंगे जो पिछले दो सीजन 2023 और 2024 में टीम के कोच थे।



**बेहद खराब रहा था साल 2024**

मुंबई इंडियंस की टीम के लिए साल 2024 बेहद खराब रहा था। मुंबई इंडियंस ने सबसे पहले रोहित शर्मा को कप्तान पद से हटाया और उनकी जगह हार्दिक पांड्या को टीम कप्तान बनाया गया था। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में उनकी टीम सिर्फ चार मुकाबले ही जीत सकी। वहीं टीम के कोच मार्क बाउचर भी कुछ खास कमाल नहीं कर सके। उनके कई फैसलों पर सवाल भी खड़े हुए। मुंबई इंडियंस के ये फैसले फैंस को कुछ खास पसंद नहीं आए थे। जिसका असर उनके प्रदर्शन पर भी साफ नजर आया था। टीम उन सभी गलतियों को इस सीजन सही करना चाह रही है। टीम का हेड कोच बनने के बाद महेला जयवर्धने ने कहा कि एमआई फैमली के अंदर उनकी जर्नी हमेशा विकास की रही है।

### मार्क बाउचर की जगह लेंगे महेला जयवर्धने



मुंबई ने 2023 से पहले साउथ अफ्रीका के दिग्गज मार्क बाउचर को टीम का हेड कोच बना दिया था लेकिन उनके कार्यकाल में टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। खास तौर पर पिछले सीजन यानी आईपीएल 2024 में। हार्दिक पांड्या की वापसी और रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाए जाने के बाद हुए विवाद ने पूरे सीजन फ्रेंचाइजी को सुर्खियों में रखा। उस पर मैदान में टीम का लगातार खराब प्रदर्शन। नतीजा ये रहा कि टीम पॉइंट चेबल पर सबसे नीचे रहने के साथ ही सीजन से बाहर होने वाली पहली टीम बनीं।

## अगले वर्ष फिर आना मां : बंगाली परंपरा के अनुसार प्रतिमा विसर्जन से पहले पूरी हुई सिंदूर खेल की रस्म

# नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई

**पुलिस-प्रशासन ने शांतिपूर्ण त्योहार संपन्न होने पर लोगों का जताया आभार**

आजाद सिपाही टीम





बेरमो में मां दुर्गा को इस साल के लिए अंतिम विदाई देने के बाद विसर्जन के लिए ले जायी जा रही मांता की प्रतिमा। मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब। धनबाद में सिंदूर खेलकर विदाई देती महिलाएं।

**फुसरो/बेरमो/धनबाद/सिंदरी।** बेरमो-धनबाद कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में नौ दिनों की आराधना के बाद शनिवार व रविवार को मां दुर्गा को इस साल के लिए विदाई दी गई। इसमें बेरमो के सत्यनारायण दुर्गा मंदिर करगली बाजार, नावाखाली दुर्गा मंदिर करगली बाजार, रामनगर, कल्याणी, मकोली, बेरमो सीम, बेरमो स्टेशन, कारीपानी आदि जगहों में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन शामिल है। जबकि ढोरी स्टाफ क्वार्टर में स्थाई प्रतिमा होने के कारण कलश विसर्जन किया गया। हालांकि यहां मेला अभी भी लगा हुआ है। उधर, रविवार को बेरमो के बचे हुए सभी स्थानों सेंट्रल कॉलोनी, फुसरो बाजार, सुभाष नगर, जवाहर नगर, तिरहुत नगर आदि स्थानों के भी मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन गाजेबाज के साथ किया गया। मां को विदाई देने समय वहां मौजूद महिलाओं-लोगों की आंखें नम रही। वहीं, प्रतिमा विसर्जन से पहले महिलाओं ने सिंदूर खेल की रस्म को अदा किया। महिला ओं ने मां दुर्गा को सिंदूर लगाया, पान से गालों को चुमाया और मुंह मीठा कराया। ढाक की धुन पर नाचती झूमती महिला श्रद्धालुओं ने मां को विदाई दी। साथ ही अगले साल फिर से आने का न्योता दिया। ढोरी स्टॉफ क्वार्टर में पूजा समिति के संरक्षक सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने मां दुर्गा की विदाई में खुद मौजूद रह कर कार्य खुद से करवाए। उन्होंने नीलकंठ पंक्षी को उड़ाया। माता का आशीर्वाद मां का सिंदूर महिलाओं को वितरण किया।

इसके पूर्व शुक्रवार (नवमी) को मां दुर्गा मंडप के सभी पंडाल में भक्त पहुंचकर शीश झुकाए और आशीर्वाद लिया। शनिवार को दशमी के मेले में काफी भीड़ दिखी। दूसरी ओर, दुर्गा पूजा और मेला शांतिपुर व्यतीत होने में बेरमो पुलिस की बड़ी भूमिका रही। बेरमो प्रशासन दुर्गा पूजा से लेकर कलश स्थापना व प्रतिमा विसर्जन तक पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रत्येक पंडाल में एक अधिकारी और दो कांस्टेबल मौजूद थे। साथ ही बैंक मोड़ और पुराना बीडीओ ऑफिस में दो कंट्रोल रूम बनाए थे। बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने कहा कि लोगों के सहयोग से ही प्रशासन बेहतर कार्य कर पा रहा है। लोगों के प्रति उन्होंने आभार जताया। कहा कि लोगों का सहयोग मिला तो आगे भी बेरमो में शांति बरकरार रहेगी।

### सिंदूर खेल महिलाओं ने दी मां को विदाई

धनबाद कोयलांचल में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। इससे पहले बंगाली समुदाय की ओर से सिंदूर खेल की रस्म को अदा की गयी।

दूसरी ओर, झरिया में भी सिंदूर खेल की रस्म अदा करने के साथ दुर्गापूजा संपन्न हुआ। पूजा कमेटियों ने बताया कि इस बार दशमी पूजा दो दिन तक मनाया गया। वहीं, जीतपुर, जामाडोबा, भागा, फूसबंग्ला, जेलगोड़ा, डिगवाडीह में प्रतिमा विसर्जन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

## भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही समाज-देश का भला होगा: जीएम

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत केंद्रीय दुगार्पूजा समिति करगली गेट की ओर से विनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड में रावण पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में समिति के अध्यक्ष सह बीएंडके जीएम के रामाकृष्ण ने रावण का पुतला दहन किया। कहा कि विजयदशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई का जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था।

## 62 हजार पारा शिक्षक तय करेंगे झारखंड की अगली सरकार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बरवाअड्डा झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश महासचिव निरंजन कुमार दे, प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे , उत्तरीय छोटा नागपुर प्रमंडलीय अध्यक्ष भागवत तिवारी ने संयुक्त रूप से रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार ने राज्य के पारा शिक्षकों को सिर्फ ठगा है। सोमवार को अंतिम कैबिनेट में पारा शिक्षकों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो राज्य के पारा शिक्षक परिवार सहित काला झंडा लेकर सड़क से सदन तक हेमंत सरकार का विरोध करेंगे। 62 हजार पारा शिक्षक अगली सरकार तय करेंगें।

## शहरपुरा शिव मंदिर में हुआ रावण दहन का आयोजन, शामिल हुई रागिनी सिंह



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** सिंदरी के शहरपुरा शिव मंदिर में असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक रावण दहन का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने किया। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की भीड़ जुटी थी। शिव मंदिर के सचिव दिनेश सिंह के नेतृत्व में राम, लक्ष्मण और हनुमान जी की भव्य झांकी निकाली गई, जिसे नगर में भ्रमण कराया गया। इस दौरान युवाओं ने पारंपरिक हथियारों के साथ शस्त्र प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शाम को भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के आगमन पर सचिव ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। इसके बाद आतिशबाजी की शानदार प्रस्तुति हुई। ढोल-नगाड़ों की ध्वनि के बीच राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ, जिसके बाद भगवान श्रीराम की तीर से रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। इस मौके पर बीआइंटी सिंदरी के निदेशक डॉ पंकज राय, आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक डीएन सिंह व उनकी पत्नी निर्मला सिंह, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, विहिप बजरंग दल महामंत्री सोनू गिरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक कुमार दीपू आदि उपस्थित थे। इस आयोजन में अरुण सिंह, रणधीर सिंह, अजय सिंह, रावण पुतला कलाकार राजन तिवारी, कुंदन सिन्हा, रंजीत निषाद और लोगेन हेम्ब्रम आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 16 अक्टूबर को मनेगा कोजागरा महोत्सव

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो में मिथिला-मैथिली भाषा-भाषियों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की सभा रविवार को सेक्टर 4ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में संचालित हुई। जिसकी अध्यक्षता परिषद के पूर्व महासचिव सतीशचंद्र झा ने की। इस दौरान सांगठनिक सशक्तिकरण, संस्थाहित और विद्यालय के उत्थान में आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया, साथ ही ध्वनिमत से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। सर्वसम्मति से परिषद की वर्तमान कार्यकारिणी समिति के गठन को अमान्य घोषित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। अब पीठासीन पदाधिकारी मंडल द्वारा महासचिव नीरज चौधरी के साथ मिलकर नई एवं वैध कार्यकारिणी का गठन करने एवं उसे आमसभा से अनुमोदित कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में परिषद के वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर द्वारा विद्यालय में हुई कथित वित्तीय अनियमितता के उठाये गए मामले की जांच को लेकर पांच सदस्यीय एक समिति के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसमें अध्यक्ष सतीश चंद्र झा सहित सुदीप कुमार ठाकुर, डीके ईश्वर, दिलीप कुमार झा एवं जयप्रकाश चौधरी शामिल हैं। उक्त सभी निर्णयों के अनुमोदन एवं अन्य विषयों पर विचार-विमर्श को लेकर अगली आमसभा 20 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा आगामी 16 अक्टूबर को मिथिलांचल का प्रमुख पारंपरिक त्योहार कोजागरा महोत्सव मनाने का भी निर्णय लिया गया, जिसके लिए 10 सदस्यों की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भार अरुण पाठक को दिया गया। मौके पर पूर्व महासचिव राजेंद्र कुमार, बटोही कुमर, पीठासीन पदाधिकारी मंडल के डॉ दुर्गानंद मिश्रा, प्रो जयराम झा, जेपी चौधरी, मिहिर झा आदि मौजूद थे।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र XIII
(अधिनियम की धारा–21(2) या 21(4) के तहत् नोटिस)

पत्रांकः– 1985/भू0अ0 दिनांकः– 07.10.2024
भू–अर्जन वाद सं0–20/2022–23

बजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि कुल 79.35 एकड़ भूमि जो मौजा बलोदर थाना नं0 145 अंचल बड़कागाँव जिला हजारीबाग में अवस्थित तथा निम्न प्रकार चिन्हित एवं मापित है उसे गोन्दुलपारा कोयला खनन प्रयोजन हेतु सरकार द्वारा अधिनियम 30/2013 के अधीन अधिघोषणा सं0 1643/भू0अ0, हजारीबाग दिनांक 11.09.2024 के तहत् अधिग्रहीत किया जाना है। इस जमीन में इच्छुक/हितबद्ध सभी व्यक्तियों को इस माध्यम से स्वयं अथवा प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12.11.2024 को कार्यालय जिला भू–अर्जन शाखा, हजारीबाग समय 11:00 बजे पूर्वाहन् पर उपस्थित होकर अपने दावे का प्रकार और क्षतिपूर्ति के लिए किसी दावे, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित दावे या धारा–20 के तहत् जमीन के मेजरमेंट से संबंधित आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस संबंध में भू–अर्जन कार्यालय, हजारीबाग के द्वारा धारा 21 (2) के तहत सभी रैयतों को व्यक्तिगत नोटिस अंचल कार्यालय, बड़कागांव के माध्यम से प्रेशित किया गया है जिसकी प्रति संबंधित रैयत बड़कागांव अंचल से प्राप्त कर सकते हैं। उपर्युक्त कम में अग्रतर सूचना का प्रकाशन सर्व–सुलभ करने हेतु हजारीबाग जिला की वेबसाइट https://hazaribag.nic.in/ पर प्रकाशनकिया जा चुका है तथा स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से अधिग्रहण की जानी वाली भूमि का विवरण रैयतवार दिया जा रहा जो निम्नवत है:–

| नोटिस नं0 | नाम | खाता नं0 | प्लॉट नं0 | रकबा (एकड़ में) | सीमा उ0 | सीमा द 0 | सीमा पू0 | सीमा प0 | कुल रकबा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शीतली देवी पति उतीम राणा | 4 | 265/1 | 0.0825 | प्लॉट– 273 | प्लॉट– 261 | प्लॉट– 261 | प्लॉट– 264 | 0.2475 |
| | | 4 | 448/1 | 0.0475 | प्लॉट– 447 | प्लॉट– 451 | प्लॉट– 500 | प्लॉट– 445 | |
| | | 4 | 462/1 | 0.0525 | प्लॉट– 425 | प्लॉट– 463 | प्लॉट– 461 | प्लॉट– 424 | |
| | | 4 | 571/1 | 0.065 | प्लॉट– 570 | प्लॉट– 572 | प्लॉट– 573 | प्लॉट– 489 | |
| 2 | एतवरीया देवी पति मुंशी महतो वो सुखनी देवी पति रंगु महतो | 11 | 598 | 0.16 | प्लॉट– 597 | प्लॉट– 599 | प्लॉट– 597 | प्लॉट– 597 | 0.16 |
| 3 | खैटा गंझु, कछिया गंझु पिता स्व0 सुकर गंझु वो जेतु गंझु पिता स्व0 नान्हु गंझु वो कार्तिक गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु वो भादे गंझु, अमृत गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु सा0 बलोदर टोला जामुन टोला। | 19 | 87 | 0.16 | प्लॉट– 88 | प्लॉट– 123 | प्लॉट– 118 | प्लॉट– 85 | 1.77 |
| | | 19 | 169 | 0.4 | प्लॉट– 168 | प्लॉट– 594 | प्लॉट– 595 | प्लॉट– 535 | |
| | | 19 | 273 | 0.16 | प्लॉट– 272 | प्लॉट– 265 | प्लॉट– 266 | प्लॉट– 274 | |
| | | 19 | 285 | 0.48 | प्लॉट– 277 | प्लॉट– 286 | प्लॉट– 274 | प्लॉट– 282 | |
| | | 19 | 492 | 0.09 | प्लॉट– 493 | प्लॉट– 491 | प्लॉट– 518 | प्लॉट– 500 | |
| | | 19 | 548 | 0.3 | प्लॉट– 547 | प्लॉट– 552 | प्लॉट– 584 | प्लॉट– 549 | |
| | | 19 | 575 | 0.18 | प्लॉट– 557 | प्लॉट– 573 | प्लॉट– 576 | प्लॉट– 574 | |
| 4 | ठाकुरी गंझु , कजरू गंझु कुलेश्वर गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो कमल गंझु, जीवन गझु जानकी गंझु पिता स्व0 किशुन गंझु वो देवा गंझु, पैरू गंझु, बौधी गंझु, मो0 चरकी पिता स्व0 घनश्याम गंझु वो दशमी भुईन पिता स्व0 रूशन गंझु वो तिलक गंझु, पारसनाथ गंझु, परमेश्वर गंझु, जगदेव गंझु, खेमलाल गंझु पिता स्व0 रामसहाय गंझ वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 सौना गंझु वो बुधन गंझु पिता स्व0 अलखु गंझु वो कोमल गंझु पिता कोइली गंझु वो छेदी गंझु पिता स्व0 दीना गंझु। | 5 | 84 | 0.13 | प्लॉट– 90 | प्लॉट– 187 | प्लॉट– 86 | प्लॉट– 83 | 10.8225 |
| | | 5 | 85 | 0.04 | प्लॉट– 86 | प्लॉट– 187 | प्लॉट– 87 | प्लॉट– 84 | |
| | | 5 | 88 | 0.36 | प्लॉट– 95 | प्लॉट– 87 | प्लॉट– 115 | प्लॉट– 89 | |
| | | 5 | 90 | 0.01 | प्लॉट– 91 | प्लॉट– 84 | प्लॉट– 89 | प्लॉट– 83 | |
| | | 5 | 114 | 0.09 | प्लॉट– 113 | प्लॉट– 116 | प्लॉट– 126 | प्लॉट– 95 | |
| | | 5 | 116 | 0.05 | प्लॉट– 114 | प्लॉट– 117 | प्लॉट– 126 | प्लॉट– 115 | |
| | | 5 | 121 | 0.02 | प्लॉट– 120 | प्लॉट– 122 | प्लॉट– 126 | प्लॉट– 123 | |
| | | 5 | 128 | 0.04 | प्लॉट– 127 | प्लॉट– 129 | प्लॉट– 127 | प्लॉट– 126 | |
| | | 5 | 141 | 0.49 | प्लॉट– 147 | प्लॉट– 142 | प्लॉट– 148 | प्लॉट– 145 | |
| | | 5 | 145 | 0.135 | प्लॉट– 147 | प्लॉट– 144 | प्लॉट– 142 | प्लॉट– 146 | |
| | | 5 | 146 | 0.15 | प्लॉट– 147 | प्लॉट– 131 | प्लॉट– 145 | प्लॉट– 127 | |
| | | 5 | 176 | 0.56 | प्लॉट– 132 | प्लॉट– 508 | प्लॉट– 175 | प्लॉट– 177 | |
| | | 5 | 181/1 | 0.05 | प्लॉट– 180 | प्लॉट– 503 | प्लॉट– 508 | प्लॉट– 185 | |
| | | 5 | 191 | 0.05 | प्लॉट– 188 | प्लॉट– 438 | प्लॉट– 190 | प्लॉट– 192 | |
| | | 5 | 270 | 0.355 | प्लॉट– 572 | प्लॉट– 267 | प्लॉट– 269 | प्लॉट– 271 | |
| | | 5 | 277 | 0.16 | प्लॉट– 487 | प्लॉट– 285 | प्लॉट– 276 | प्लॉट– 278 | |
| | | 5 | 279 | 0.31 | प्लॉट– 476 | प्लॉट– 281 | प्लॉट– 278 | प्लॉट– 474 | |
| | | 5 | 280 | 0.1 | प्लॉट– 279 | प्लॉट– 282 | प्लॉट– 281 | प्लॉट– 367 | |
| | | 5 | 368 | 0.16 | प्लॉट– 369 | प्लॉट– 367 | प्लॉट– 474 | प्लॉट– 371 | |
| | | 5 | 370 | 0.09 | प्लॉट– 373 | प्लॉट– 371 | प्लॉट– 368 | प्लॉट– 373 | |
| | | 5 | 372 | 0.2 | प्लॉट– 373 | प्लॉट– 367 | प्लॉट– 371 | प्लॉट– 366 | |
| | | 5 | 378 | 0.04 | प्लॉट– 389 | प्लॉट– 380 | प्लॉट– 379 | प्लॉट– 382 | |
| | | 5 | 381 | 0.05 | प्लॉट– 380 | प्लॉट– 366 | प्लॉट– 373 | प्लॉट– 382 | |
| | | 5 | 391 | 0.01 | प्लॉट– 394 | प्लॉट– 389 | प्लॉट– 397 | प्लॉट– 392 | |
| | | 5 | 403 | 0.015 | प्लॉट– 404 | प्लॉट– 402 | प्लॉट– 397 | प्लॉट– 401 | |
| | | 5 | 420 | 0.01 | प्लॉट– 408 | प्लॉट– 421 | प्लॉट– 419 | प्लॉट– 424 | |
| | | 5 | 421 | 0.02 | प्लॉट– 420 | प्लॉट– 423 | प्लॉट– 423 | प्लॉट– 424 | |
| | | 5 | 430 | 0.42 | प्लॉट– 434 | प्लॉट– 428 | प्लॉट– 431 | प्लॉट– 429 | |
| | | 5 | 432 | 0.04 | प्लॉट– 434 | प्लॉट– 451 | प्लॉट– 442 | प्लॉट– 431 | |
| | | 5 | 436 | 0.15 | प्लॉट– 196 | प्लॉट– 429 | प्लॉट– 435 | प्लॉट– 196 | |
| | | 5 | 439 | 0.08 | प्लॉट– 438 | प्लॉट– 441 | प्लॉट– 441 | प्लॉट– 438 | |
| | | 5 | 440 | 0.05 | प्लॉट– 438 | प्लॉट– 441 | प्लॉट– 189 | प्लॉट– 438 | |
| | | 5 | 442 | 0.03 | प्लॉट– 441 | प्लॉट– 451 | प्लॉट– 443 | प्लॉट– 432 | |
| | | 5 | 447 | 0.14 | प्लॉट– 126 | प्लॉट– 448 | प्लॉट– 500 | प्लॉट– 189 | |
| | | 5 | 456 | 0.38 | प्लॉट– 455 | प्लॉट– 457 | प्लॉट– 500 | प्लॉट– 460 | |
| | | 5 | 458 | 0.33 | प्लॉट– 457 | प्लॉट– 459 | प्लॉट– 500 | प्लॉट– 460 | |
| | | 5 | 466 | 0.33 | प्लॉट– 465 | प्लॉट– 467 | प्लॉट– 468 | प्लॉट– 453 | |
| | | 5 | 468 | 0.06 | प्लॉट– 464 | प्लॉट– 469 | प्लॉट– 470 | प्लॉट– 466 | |
| | | 5 | 473 | 0.19 | प्लॉट– 472 | प्लॉट– 474 | प्लॉट– 477 | प्लॉट– 469 | |
| | | 5 | 479 | 0.5 | प्लॉट– 459 | प्लॉट– 472 | प्लॉट– 500 | प्लॉट– 460 | |
| | | 5 | 483 | 0.06 | प्लॉट– 482 | प्लॉट– 484 | प्लॉट– 489 | प्लॉट– 477 | |
| | | 5 | 486 | 0.03 | प्लॉट– 485 | प्लॉट– 278 | प्लॉट– 487 | प्लॉट– 477 | |
| | | 5 | 494 | 0.02 | प्लॉट– 495 | प्लॉट– 493 | प्लॉट– 518 | प्लॉट– 500 | |
| | | 5 | 505 | 0.07 | प्लॉट– 506 | प्लॉट– 504 | प्लॉट– 507 | प्लॉट– 503 | |
| | | 5 | 506 | 0.07 | प्लॉट– 181 | प्लॉट– 505 | प्लॉट– 507 | प्लॉट– 503 | |
| | | 5 | 510 | 0.04 | प्लॉट– 509 | प्लॉट– 511 | प्लॉट– 512 | प्लॉट– 507 | |
| | | 5 | 527 | 0.34 | प्लॉट– 530 | प्लॉट– 526 | प्लॉट– 545 | प्लॉट– 528 | |
| | | 5 | 528 | 0.08 | प्लॉट– 529 | प्लॉट– 525 | प्लॉट– 527 | प्लॉट– 512 | |
| | | 5 | 531 | 0.56 | प्लॉट– 173 | प्लॉट– 530 | प्लॉट– 543 | प्लॉट– 512 | |
| | | 5 | 536 | 0.64 | प्लॉट– 535 | प्लॉट– 590 | प्लॉट– 535 | प्लॉट– 540 | |
| | | 5 | 540 | 0.54 | प्लॉट– 534 | प्लॉट– 539 | प्लॉट– 536 | प्लॉट– 541 | |
| | | 5 | 545 | 0.09 | प्लॉट– 543 | प्लॉट– 550 | प्लॉट– 546 | प्लॉट– 527 | |
| | | 5 | 552 | 0.7 | प्लॉट– 548 | प्लॉट– 557 | प्लॉट– 553 | प्लॉट– 551 | |
| | | 5 | 554 | 0.01 | प्लॉट– 548 | प्लॉट– 556 | प्लॉट– 583 | प्लॉट– 553 | |
| | | 5 | 582 | 0.18 | प्लॉट– 583 | प्लॉट– 580 | प्लॉट– 581 | प्लॉट– 554 | |
| | | 5 | 584 | 0.45 | प्लॉट– 589 | प्लॉट– 583 | प्लॉट– 585 | प्लॉट– 554 | |
| | | 5 | 592 | 0.25 | प्लॉट– 595 | प्लॉट– 591 | प्लॉट– 595 | प्लॉट– 593 | |
| | | 5 | 593 | 0.0775 | प्लॉट– 594 | प्लॉट– 590 | प्लॉट– 592 | प्लॉट– 535 | |
| | | 5 | 594 | 0.21 | प्लॉट– 169 | प्लॉट– 593 | प्लॉट– 595 | प्लॉट– 535 | |
| | | 5 | 508/650 | 0.01 | प्लॉट– 176 | प्लॉट– 181 | प्लॉट– 508 | प्लॉट– 181 | |
| 5 | ठाकुरी गंझु पिता चमन गंझु | 15 | 123 | 0.22 | प्लॉट– 87 | प्लॉट– 186 | प्लॉट– 122 | प्लॉट– 187 | 0.30 |
| | | 17 | 177 | 0.08 | प्लॉट– 130 | प्लॉट– 181 | प्लॉट– 176 | प्लॉट– 178 | |
| 6 | बंधु गंझु वल्द मोहरी गंझु कॉम भोगता सा0 देह टोला जामुन टोला। | 25 | 299 | 0.0375 | प्लॉट– 301 | प्लॉट– 296 | प्लॉट– 300 | प्लॉट– 313 | 0.0375 |
| 7 | बंधनी देवी पति ज्ञानी गोप | 13 | 490 | 0.52 | प्लॉट– 491 | प्लॉट– 489 | प्लॉट– 520 | प्लॉट– 500 | 0.52 |
| 8 | बंन्धु गंझु पिता स्व0 करम गंझु वो ठकुरी गंझु, आतो गंझ, छक्कन गंझु, कैलाश गंझु पिता स्व0 धरम गंझु सा0 बलोदर | 21 | 97 | 0.04 | प्लॉट– 98 | प्लॉट– 95 | प्लॉट– 112 | प्लॉट– 96 | 5.39 |
| | | 21 | 99 | 0.06 | प्लॉट– 100 | प्लॉट– 98 | प्लॉट– 111 | प्लॉट– 100 | |
| | | 21 | 127 | 0.32 | प्लॉट– 111 | प्लॉट– 131 | प्लॉट– 146 | प्लॉट– 126 | |
| | | 21 | 132 | 0.14 | प्लॉट– 144 | प्लॉट– 176 | प्लॉट– 134 | प्लॉट– 131 | |
| | | 21 | 134 | 0.74 | प्लॉट– 143 | प्लॉट– 133 | प्लॉट– 135 | प्लॉट– 132 | |
| | | 21 | 136 | 0.09 | प्लॉट– 137 | प्लॉट– 171 | प्लॉट– 168 | प्लॉट– 135 | |
| | | 21 | 137 | 0.22 | प्लॉट– 139 | प्लॉट– 136 | प्लॉट– 168 | प्लॉट– 134 | |
| | | 21 | 142 | 0.13 | प्लॉट– 141 | प्लॉट– 143 | प्लॉट– 141 | प्लॉट– 145 | |
| | | 21 | 143 | 0.2 | प्लॉट– 142 | प्लॉट– 134 | प्लॉट– 139 | प्लॉट– 144 | |
| | | 21 | 175 | 0.16 | प्लॉट– 133 | प्लॉट– 512 | प्लॉट– 174 | प्लॉट– 176 | |
| | | 21 | 182 | 0.04 | प्लॉट– 180 | प्लॉट– 181 | प्लॉट– 181 | प्लॉट– 183 | |
| 8 | बंन्धु गंझु पिता स्व0 करम गंझु वो ठकुरी गंझु, आतो गंझ, छक्कन गंझु, कैलाश गंझु पिता स्व0 धरम गंझु सा0 बलोदर | 21 | 478 | 0.22 | प्लॉट– 479 | प्लॉट– 477 | प्लॉट– 480 | प्लॉट– 472 | 5.39 |
| | | 21 | 499 | 0.09 | प्लॉट– 503 | प्लॉट– 598 | प्लॉट– 504 | प्लॉट– 500 | |
| | | 21 | 508 | 0.2 | प्लॉट– 176 | प्लॉट– 507 | प्लॉट– 509 | प्लॉट– 181 | |
| | | 21 | 509 | 0.03 | प्लॉट– 175 | प्लॉट– 510 | प्लॉट– 512 | प्लॉट– 508 | |
| | | 21 | 543 | 0.37 | प्लॉट– 532 | प्लॉट– 545 | प्लॉट– 542 | प्लॉट– 530 | |
| | | 21 | 551 | 0.3 | प्लॉट– 549 | प्लॉट– 558 | प्लॉट– 552 | प्लॉट– 523 | |
| | | 21 | 573 | 0.81 | प्लॉट– 569 | प्लॉट– 572 | प्लॉट– 576 | प्लॉट– 571 | |
| | | 21 | 574 | 0.1 | प्लॉट– 557 | प्लॉट– 573 | प्लॉट– 575 | प्लॉट– 568 | |
| | | 21 | 620 | 1.13 | प्लॉट– 580 | प्लॉट– 624 | प्लॉट– 624 | प्लॉट– 577 | |
| 9 | बकास्त लगान पाने वाला | 1 | 111 | 0.47 | प्लॉट– 153 | प्लॉट– 127 | प्लॉट– 149 | प्लॉट– 99 | 0.50 |
| | | 1 | 196 | 0.03 | प्लॉट– 79 | प्लॉट– 414 | प्लॉट– 195 | प्लॉट– 198 | |
| 10 | बाबुलाल महतो, बुद्धदयाल महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 बंसु महतो | 6 | 98/1 | 0.1025 | प्लॉट– 99 | प्लॉट– 97 | प्लॉट– 112 | प्लॉट– 96 | 0.1025 |
| 11 | कमली देवी पति नान्हु राणा(मृत्यु) पिता स्व0 सुकर राणा,मनोज राणा वो सनोज राणा पिता स्व0 सोहर राणा पिता स्व0 सुकर राणा | 17 | 542/1 | 0.51 | प्लॉट– 532 | प्लॉट– 546 | प्लॉट– 541 | प्लॉट– 543 | 2.80 |
| | | 9 | 604 | 0.41 | प्लॉट– 603 | प्लॉट– 609 | प्लॉट– 624 | प्लॉट– 613 | |
| | | 9 | 607 | 0.55 | प्लॉट– 609 | प्लॉट– 617 | प्लॉट– 606 | प्लॉट– 611 | |
| | | 9 | 611 | 0.13 | प्लॉट– 610 | प्लॉट– 612 | प्लॉट– 607 | प्लॉट– 613 | |
| | | 9 | 613 | 0.97 | प्लॉट– 599 | प्लॉट– 614 | प्लॉट– 604 | प्लॉट– 595 | |
| | रामपुकार राणा पिता स्व0 सुकर राणा | 9 | 617/1 | 0.23 | प्लॉट– 607 | प्लॉट– 618 | प्लॉट– 624 | प्लॉट– 612 | |
| 12 | कार्तिक महतो पिता विरसहाय महतो | 5 | 294 | 0.28 | प्लॉट– 296 | प्लॉट– 259 | प्लॉट– 293 | प्लॉट– 296 | 0.28 |
| 13 | कार्तिक महतो वो तालेश्वर महतो पिता बिरसहाय महतो | 15 | 300 | 0.90 | प्लॉट– 301 | प्लॉट– 296 | प्लॉट– 287 | प्लॉट– 299 | 0.90 |
| 14 | कुन्ती देवी पति रामलखन सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत | 5 | 86/I | 0.0133 | प्लॉट– 88 | प्लॉट– 85 | प्लॉट– 88 | प्लॉट– 84 | 1.5132 |
| | | 5 | 88/II | 0.0133 | प्लॉट– 95 | प्लॉट– 87 | प्लॉट– 115 | प्लॉट– 89 | |
| | | 5 | 115/I | 0.02 | प्लॉट– 114 | प्लॉट– 88 | प्लॉट– 116 | प्लॉट– 88 | |
| | | 5 | 187/I | 0.1167 | प्लॉट– 84 | प्लॉट– 188 | प्लॉट– 123 | प्लॉट– 193 | |
| | | 5 | 190/I | 0.0333 | प्लॉट– 188 | प्लॉट– 440 | प्लॉट– 189 | प्लॉट– 438 | |
| | | 5 | 281/I | 0.04 | प्लॉट– 279 | प्लॉट– 282 | प्लॉट– 278 | प्लॉट– 280 | |
| | | 5 | 369/I | 0.04 | प्लॉट– 373 | प्लॉट– 368 | प्लॉट– 469 | प्लॉट– 370 | |
| | | 5 | 371/I | 0.1133 | प्लॉट– 370 | प्लॉट– 367 | प्लॉट– 368 | प्लॉट– 372 | |
| | | 5 | 380/I | 0.0367 | प्लॉट– 378 | प्लॉट– 381 | प्लॉट– 379 | प्लॉट– 382 | |
| | | 5 | 422/I | 0.0133 | प्लॉट– 419 | प्लॉट– 423 | प्लॉट– 426 | प्लॉट– 421 | |
| | | 5 | 434/I | 0.03 | प्लॉट– 435 | प्लॉट– 430 | प्लॉट– 433 | प्लॉट– 429 | |
| | | 5 | 446/I | 0.0267 | प्लॉट– 447 | प्लॉट– 448 | प्लॉट– 447 | प्लॉट– 445 | |
| | | 5 | 459/I | 0.1067 | प्लॉट– 458 | प्लॉट– 479 | प्लॉट– 500 | प्लॉट– 460 | |
| | | 5 | 474/I | 0.1966 | प्लॉट– 473 | प्लॉट– 367 | प्लॉट– 475 | प्लॉट– 368 | |
| | | 5 | 477/I | 0.21 | प्लॉट– 478 | प्लॉट– 476 | प्लॉट– 484 | प्लॉट– 475 | |
| | | 5 | 482/I | 0.02 | प्लॉट– 651 | प्लॉट– 483 | प्लॉट– 489 | प्लॉट– 477 | |
| | | 5 | 485/I | 0.02 | प्लॉट– 484 | प्लॉट– 486 | प्लॉट– 487 | प्लॉट– 477 | |
| | | 5 | 507/I | 0.0933 | प्लॉट– 508 | प्लॉट– 512 | प्लॉट– 510 | प्लॉट– 505 | |
| | | 5 | 529/I | 0.0267 | प्लॉट– 531 | प्लॉट– 528 | प्लॉट– 527 | प्लॉट– 512 | |
| | | 5 | 530/I | 0.1333 | प्लॉट– 531 | प्लॉट– 527 | प्लॉट– 543 | प्लॉट– 529 | |
| | | 5 | 554/II | 0.1 | प्लॉट– 548 | प्लॉट– 556 | प्लॉट– 583 | प्लॉट– 553 | |
| | | 5 | 583/I | 0.0967 | प्लॉट– 584 | प्लॉट– 582 | प्लॉट– 585 | प्लॉट– 554 | |
| | | 5 | 482/651 /I | 0.0133 | प्लॉट– 481 | प्लॉट– 482 | प्लॉट– 489 | प्लॉट– 477 | |
| 15 | केशर भूईयां पिता स्व0 मीठूवा भूईयां उर्फ तुलवा भूईयां साकिन गोन्दलपुरा। | 2 | 129 | 0.29 | प्लॉट– 128 | प्लॉट– 180 | प्लॉट– 130 | प्लॉट– 126 | 0.50 |
| | | 2 | 263 | 0.11 | प्लॉट– 274 | प्लॉट– 261 | प्लॉट– 264 | प्लॉट– 262 | |
| | | 2 | 419 | 0.10 | प्लॉट– 415 | प्लॉट– 422 | प्लॉट– 417 | प्लॉट– 415 | |
| 16 | केदार महतो पिता फिरंगी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | 5 | 514 | 0.22 | प्लॉट– 513 | प्लॉट– 522 | प्लॉट– 524 | प्लॉट– 515 | 0.54 |
| | | 5 | 514/1 | 0.32 | प्लॉट– 513 | प्लॉट– 522 | प्लॉट– 524 | प्लॉट– 515 | |
| 17 | केदार साव, विराज साव, रामअवतार साव पिता स्व0 बौधा साव सा0 बादम | 9 | 147 | 0.11 | प्लॉट– 149 | प्लॉट– 141 | प्लॉट– 148 | प्लॉट– 111 | 0.70 |
| | | 9 | 578 | 0.08 | प्लॉट– 580 | प्लॉट– 620 | प्लॉट– 580 | प्लॉट– 577 | |
| | | 9 | 580 | 0.51 | प्लॉट– 582 | प्लॉट– 620 | प्लॉट– 620 | प्लॉट– 579 | |
| 18 | मंगरू महतो पिता स्व0 फिरंगी महतो | 21 | 97/1 | 0.05 | प्लॉट– 98 | प्लॉट– 95 | प्लॉट– 112 | प्लॉट– 96 | 0.11 |
| | | 21 | 99/1 | 0.06 | प्लॉट– 100 | प्लॉट– 98 | प्लॉट– 111 | प्लॉट– 100 | |
| 19 | महादेव महतो पिता सिदर महतो | 21 | 127/1 | 0.24 | प्लॉट– 111 | प्लॉट– 131 | प्लॉट– 146 | प्लॉट– 126 | 1.85 |
| | | 5 | 431 | 0.07 | प्लॉट– 433 | प्लॉट– 461 | प्लॉट– 451 | प्लॉट– 430 | |
| | | 5 | 435 | 0.22 | प्लॉट– 437 | प्लॉट– 434 | प्लॉट– 433 | प्लॉट– 429 | |
| | | 5 | 437 | 0.12 | प्लॉट– 438 | प्लॉट– 435 | प्लॉट– 441 | प्लॉट– 436 | |
| | | 5 | 445 | 0.09 | प्लॉट– 189 | प्लॉट– 448 | प्लॉट– 446 | प्लॉट– 444 | |
| | | 5 | 504 | 0.21 | प्लॉट– 505 | प्लॉट– 517 | प्लॉट– 512 | प्लॉट– 498 | |
| | | 5 | 512 | 0.90 | प्लॉट– 507 | प्लॉट– 513 | प्लॉट– 529 | प्लॉट– 504 | |
| 20 | मीना सिंह पति स्व0 श्यामदेव दास सा0 अम्बाजीत | 31 | 515/I | 0.16 | प्लॉट– 516 | प्लॉट– 519 | प्लॉट– 514 | प्लॉट– 518 | 0.16 |
| 21 | मीना देवी पति गिरीश राय सा0 अम्बाजीत। | 30 | 518/I | 0.31 | प्लॉट– 517 | प्लॉट– 520 | प्लॉट– 515 | प्लॉट– 493 | 0.31 |
| 22 | मो0 रूकमणी देवी पति गिरधारी महतो, नन्दकिशोर महतो वो डालेश्वर महतो पिता बोधन महतो सा0 गोन्दलपुरा। | 14 | 314 | 0.27 | प्लॉट– 313 | प्लॉट– 315 | प्लॉट– 296 | प्लॉट– 313 | 1.19 |
| | | 9 | 304 | 0.80 | प्लॉट– 367 | प्लॉट– 313 | प्लॉट– 301 | प्लॉट– 305 | |
| | | 5 | 370/1 | 0.12 | प्लॉट– 373 | प्लॉट– 371 | प्लॉट– 368 | प्लॉट– 373 | |
| 23 | मोहन भुईयां पिता स्व0 हरिनाथ भुईयां वो रोहन भुईयां, ललीत भुईयां, चैता भुईयां पिता स्व0 रामसहाय भुईयां वो बासदेव भुईयां, सुरेश भुईयां पिता स्व0 नान्दो भुईयां वो बिन्दु भुईयां, नेतल भुईयां, कार्तिक भुईयां पिता स्व0 किशुन भुईयां वो जगदेव भुईयां, संतोष भुईयां, जनाधर भुईयां पिता स्व0 सहजु भुईयां वे विशेश्वर भुईयां, दिपक भुईयां पिता स्व0 बुटन भुईयां सा0 गाली। | 6 | 98 | 0.0575 | प्लॉट– 99 | प्लॉट– 97 | प्लॉट– 112 | प्लॉट– 96 | 1.36 |
| | | 6 | 441 | 0.08 | प्लॉट– 439 | प्लॉट– 443 | प्लॉट– 444 | प्लॉट– 437 | |
| | | 6 | 460 | 0.3225 | प्लॉट– 455 | प्लॉट– 468 | प्लॉट– 458 | प्लॉट– 461 | |
| | | 6 | 516 | 0.22 | प्लॉट– 512 | प्लॉट– 515 | प्लॉट– 512 | प्लॉट– 517 | |
| | | 6 | 559 | 0.25 | प्लॉट– 523 | प्लॉट– 561 | प्लॉट– 558 | प्लॉट– 560 | |
| | | 6 | 562 | 0.20 | प्लॉट– 561 | प्लॉट– 564 | प्लॉट– 563 | प्लॉट– 560 | |
| | | 6 | 565 | 0.14 | प्लॉट– 520 | प्लॉट– 566 | प्लॉट– 564 | प्लॉट– 589 | |
| | | 6 | 567 | 0.09 | प्लॉट– 564 | प्लॉट– 566 | प्लॉट– 568 | प्लॉट– 566 | |
| 24 | मोहन भुईयां पिता स्व0 हरनाथ भुईयां वो रोहन भुईयां, ललीत भुईयां, चैता भुईयां पिता स्व0 रामसहाय भुईयां वो बासुदेव भुईयां, सुरेश भुईयां पिता स्व0 नान्दो भुईयां वो बिन्दु भुईयां, नेतल भुईयां, कार्तिक भुईयां पिता स्व0 किशुन भुईयां वो जगदेव भईयां, संतोष भुईयां, जनाधर भुईयां पिता स्व0 सहजु भुईयां वो विशेश्वर भुईयां, दीपक भुईयां पिता स्व0 बुटन भुईयां सा0 देह। | 26 | 449 | 0.15 | प्लॉट– 448 | प्लॉट– 450 | प्लॉट– 500 | प्लॉट– 451 | 0.15 |
| 25 | मोसामात चरकी देवी उर्फ चीतवा पति शीबन गंझु | 5 | 145/1 | 0.045 | प्लॉट– 147 | प्लॉट– 144 | प्लॉट– 142 | प्लॉट– 146 | 0.2125 |
| | | 5 | 270/1 | 0.025 | प्लॉट– 572 | प्लॉट– 267 | प्लॉट– 269 | प्लॉट– 271 | |
| | | 5 | 473/1 | 0.06 | प्लॉट– 472 | प्लॉट– 474 | प्लॉट– 477 | प्लॉट– 469 | |
| | | 5 | 593/1 | 0.0825 | प्लॉट– 594 | प्लॉट– 590 | प्लॉट– 592 | प्लॉट– 535 | |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 338714 Land Reforms (24-25)_D

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोरहाबादी मैदान में रावण का पुतला फूंका

# भगवान राम के जीवन से हमें कई सीख मिलती है : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** मोरहाबादी में आयोजित दशहरा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रावण का पुतला फूंका। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों को दशहरा की हार्दिक बधाई दी और भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दशहरा का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। भगवान राम के जीवन से हमें कई सीख मिलती है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि रावण दहन का यह कार्यक्रम हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, रांची के विधायक सीपी सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आयेंगे

## संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं। वे यहां एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने यह जानकारी दी। दिल्ली से रांची लौटते ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सहयोगियों के साथ संविधान सम्मान सम्मेलन के लिए संभावित कार्यक्रम स्थल कार्निवल सभागार का निरीक्षण किया। उनके साथ शशिभूषण राय, विनय कुमार दीपू, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रवक्ता जगदीश साहू सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे।

वैसे तो रांची में होनेवाला राहुल गांधी का संविधान सम्मान सम्मेलन देश का पांचवां कार्यक्रम होगा, लेकिन झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले राहुल का यह कार्यक्रम कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए खास है।

# ओड़िशा की महिला का यौन उत्पीड़न कर उसे दिल्ली में छोड़ दिया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ओड़िशा की एक महिला के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया और उसे दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सराय काले खां इलाके में अर्ध बेहोशी की हालत में लावारिस हालत में पाया गया। यह घटना तब प्रकाश में आई जब एक राहगीर ने लड़की को देखा और शुक्रवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे पुलिस को मामले की सूचना दी। खबर मिलते ही दिल्ली पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर ले गयी। पुलिस के अनुसार, यौन उत्पीड़न और फेंकी गई 34 वर्षीय महिला ओड़िशा की रहने वाली है। वह एक साल पहले अपना गृहनगर छोड़कर दिल्ली में रह रही है। पीड़िता दिल्ली के कटवारिया सराय में एक अन्य महिला के साथ रह रही थी और कथित तौर पर किसी विवाद के कारण उसे अगस्त के महीने में घर छोड़ने के लिए कहा गया था और पिछले कुछ दिनों से वह दिल्ली में सड़कों पर सोने को मजबूर है।

सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, वह पिछले दो दिनों से एटीएम बूथ के पास सोती हुई देखी गयी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता के माता-पिता को सूचित कर दिया गया है और उसे निगरानी में रखा गया है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी निगरानी के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास जारी हैं।

## रक्षा राज्य मंत्री ने पंजाब रेजीमेंट सेंटर में वीर जवानों के साथ विजयदशमी मनायी

# हमारी आत्मनिर्भरता लिख रही देश की विकास की गाथा : संजय सेठ





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विजयदशमी का त्योहार सेना के जवानों के साथ मनाया। शनिवार को वह रामगढ़ छावनी में स्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने शस्त्र पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा की आराधना की, साथ ही शस्त्र पूजन कर जवानों का भी हौसला बढ़ाया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज दशहरे का पर्व है। आज असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत की गाथा गायी जाती है। आज शक्ति की पूजा, शस्त्र पूजा, हमारी संस्कृति का मूल आधार है। इससे अच्छा दिन कुछ हो नहीं सकता कि मैं जवानों के बीच हूं। उन्होंने बताया कि वीर जवान अपने परिवार से दूर होकर मां भारती की सेवा में लगे रहते हैं। उन्हें अपने परिवारों की कमी ना खले इसलिए आज मैं उनके बीच मौजूद हूं।

यही वजह है कि पिछले 4 महीने के दौरान वे लगातार जवानों से बात करने के लिए उनके बीच जाते रहते हैं। भारतीय सेना दुनिया की किसी भी सेना से कम नहीं है।

### आज हम 70 प्रतिशत आत्मनिर्भर हो चुके हैं

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि आज हम 70 प्रतिशत आत्मनिर्भर हो चुके हैं। यह आत्मनिर्भरता देश की विकास की पहचान है। वर्ष 2047 में जब हम आजादी के 100वीं वर्षगांठ को मनायेंगे, तब हम दुनिया के शिखर पर होंगे। यह छावनी 1941 से मौजूद है। 1967 से पंजाब रेजिमेंटल सेंटर और सिख रेजीमेंटल सेंटर यहां काम कर रहा है। इस स्थान ने गुरु गोविंद सिंह जी की प्रेरणा को आत्मसात कर लिया है। यह आर्मी कैंप हमारा मस्तक है। इसकी वीर गाथा का लोहा पूरी दुनिया मानती है।

### अग्निवीरों और जवानों को मिठाई खिलाकर दी बधाई

उन्होंने सेना के सभी अधिकारी, अग्निवीरों को दशहरे की बधाई दी और उन्हें मिठाई खिलाकर त्योहार मनाया। उन्होंने कहा कि वीर जवानों पर देश के 140 करोड़ लोगों को नाज है। उन्होंने वीर जवानों को शीश झुका कर नमन किया और कहा कि मातृभूमि की सेवा का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता।

# ओड़िशा में चंद्रभागा समुद्र से लापता युवक का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोप।** पुरी जिले के कोणार्क के निकट चंद्रभागा समुद्र तट पर नहाते समय कल लापता हुआ युवक रविवार को मृत पाया गया।

लापता युवक की पहचान जीवन ज्योति मोहंती के रूप में हुई है, जो चंद्रभागा के नोलिया साही के नुआसाही के पास पाया गया।

अग्निशमन कर्मियों की टीम, लाइफ गार्ड टीम और स्थानीय लोगों ने शव को बहते समय बरामद कर लिया। कल पुरी जिले के कोणार्क के पास चंद्रभागा समुद्र तट पर तीन पर्यटक डूब गए। पेड़ पर गिरे युवकों में से दो की पहचान सुकांता जेना और सुधीर मलिक के रूप में हुई है, जिन्हें बचा लिया गया है जबकि तीसरा अभी भी लापता है। रिपोर्ट के अनुसार, पुरी जिले के पिपिली इलाके के तीन युवक प्रसिद्ध कोणार्क मंदिर में दर्शन करने आए थे। कोणार्क दर्शन के बाद वे चंद्रभागा गए, जहां उन्होंने स्नान किया। नहाते समय वे किसी तरह गहरे पानी में चले गए। कुछ ही देर में तट पर मौजूद लाइफ गार्ड्स ने पानी में छलांग लगा दी और दो युवकों को बाहर निकाल लिया।










# ओड़िशा में पांच दिनों में दो हाथियों की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**अथमलिक।** रविवार को अंगुल जिले के अथमलिक के मधुपुर रेंज के अंतर्गत संखामाला गांव में एक और मादा हाथी मृत पाई गयी और संदेह है कि हाथी की मौत बिजली के झटके से हुई। बाघ की मौत की सूचना मिलने पर वन अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। रिपोर्टों के अनुसार, पिछले पांच दिनों में दो हाथियों की बिजली का करंट लगने से मौत हो गयी है, लेकिन उनकी मौत के पीछे का सही कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। आरोप है कि अथमलिक वन आरक्षित क्षेत्र में हाथी मृत पाए गए हैं और वन कर्मियों ने ऐसी घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया है।

# अस्का सब्जी मंडी में भीषण आग लगने से 15 से अधिक दुकानें जलकर खाक



आजाद सिपाही संवाददाता

**अस्का।** अस्का लक्ष्मी बाजार सब्जी मंडी में भीषण आग लगने से 15 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गयी। आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ लोगों ने अस्का सब्जी मंडी में करीब दो बजे आग देखी और उसे बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में उन्होंने घटना की जानकारी दमकल कर्मियों को दी। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

आग लगने के पीछे का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। शुरूआती जांच के अनुसार, आग एक दुकान में लगी और फिर उसने अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया।







# भक्तों को पुरी जगन्नाथ मंदिर का प्रसाद मुफ्त बांटेगी ओड़िशा सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओड़िशा।** सरकार पुरी जगन्नाथ मंदिर में भक्तों को प्रसाद मुफ्त में बांटने की योजना बना रही है। ओड़िशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचरण ने रिपोर्टर्स को बताया कि यह योजना जल्दी ही लागू की जायेगी। इस योजना के तहत हर साल सरकार पर 15 करोड़ रुपये तक का अतिरिक्त खर्चा आयेगा। पृथ्वीराज हरिचरण ने बताया कि हम कुछ ऐसे भक्तों को इस योजना से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं। कुछ भक्तों ने इस योजना में सहयोग देने की स्वीकृति दे दी है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**